राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-250
लखनऊ, मंगलवार 30 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



22-हेडर माइक्रोस्कोप की सुविधा देने वाला पहला संस्थान बना लोहिया इंस्टीट्यूट 03

मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही भ्रष्टाचार-जातिवाद होगा खत्म : शाह 12

## जांच में सहयोग न करने वाले बैंक अफसरों पर पुलिस करे कार्रवाई

**हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी मामले में दर्ज प्राथमिकी पर जताई नाराजगी**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने हापुड़ जिले के पिलखुवा थाने में धोखाधड़ी मामले में दर्ज प्राथमिकी पर बैंक अधिकारियों की ओर से सहयोग न करने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि बैंक अधिकारियों से कानून का पालन करने वाले नागरिकों की तरह काम करने की उम्मीद की जाती है।

कोर्ट ने पुलिस से कहा है कि वह सहयोग न करने वाले बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। कोर्ट ने आगे कहा कि बैंक अधिकारी महत्वपूर्ण तथ्यों को छुपा रहे हैं, जिससे न्याय की प्रगति में बाधा आ रही है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की पीठ ने आलोक झा द्वारा दाखिल दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। बैंक अधिकारियों से कानून का पालन करने वाले नागरिक होने की उम्मीद की जाती है, जो पुलिस द्वारा की जा रही आपराधिक जांच में सहयोग करने के लिए कानून के दायित्व के तहत है। याची के खिलाफ पिलखुवा थाने में मामला दर्ज किया गया। कोर्ट ने कहा कि पुलिस के पास सबूत छिपाने या अपराध की जांच में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने का पर्याप्त अधिकार है।

## विराट उपलब्धि : कोहली ने सातवीं बार आईपीएल में छुआ 500 रनों का आंकड़ा

**आईपीएल के 7 सीजन में 500 से अधिक रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली सातवीं बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 500 रन के आंकड़े तक पहुंच गए हैं। इसी के साथ वह ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर के साथ उन बल्लेबाजों की विशिष्ट कंपनी में शामिल हो गए हैं जिन्होंने सबसे अधिक बार यह उपलब्धि हासिल की है। विराट आईपीएल के सात सीजन में 500 या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

उन्होंने पहली बार आईपीएल 2011 में 500 का आंकड़ा पार किया। वह क्रिस गेल (608 रन) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 16 मैचों में 46.42 की औसत और 121.09 की स्ट्राइक रेट से 557 रन बनाए। उनके बल्ले से चार अर्धशतक निकले, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 71 रहा।

इसके बाद उन्होंने 2023 में 500 का आंकड़ा छुआ। विराट माइकल हसी (733) और क्रिस गेल (708) के बाद तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 16 मैचों में 45.29 की औसत और 138.73 की स्ट्राइक रेट से छह अर्धशतकों के साथ 634 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 99 था। आरसीबी के लिए कप्तान के रूप में यह उनका पहला सीज़न भी था।

विराट ने इसके बाद 2015 में 500 के आंकड़े को छुआ। विराट ने आईपीएल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 16 मैचों में 45.91 की औसत और 130.83 की स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतकों के साथ 505 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 82 था। विराट पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। इसके बाद 2016 सीज़न में विराट ने 16 मैचों में 81.08 के औसत और 152.03 के स्ट्राइक रेट से 973 रन बनाए और अकेले दम पर फ्रेंचाइजी को फाइनल में ले गए। इस दौरान उन्होंने चार शानदार शतक और सात अर्धशतक लगाए। उनके एक सीज़न में बनाए गए इन रनों का रिकॉर्ड आठ साल बाद भी अटूट है। विराट के लिए 2018 सीज़न भी शानदार रहा। विराट ने 48.18 की औसत और 139.11 की स्ट्राइक रेट से 530 रन बनाए। उन्होंने 92* के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ चार अर्धशतक बनाए। इस वर्ष वह सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

विराट आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, उन्होंने 247 मैचों और 239 पारियों में 38.43 की औसत और 131.02 की स्ट्राइक रेट से 7,763 रन बनाए हैं। उन्होंने आठ शतक और 54 अर्द्धशतक बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113* है। 2023 में विराट ने 14 मैचों में 53.25 की औसत व139.82 की स्ट्राइक रेट से 639 रन बनाए, जिसमें दो शतक और छह अर्द्धशतक शामिल थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 101* था। विराट चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

### गुजरात टाइंटस के खिलाफ लय में दिखे कोहली

गुजरात टाइंटस के खिलाफ मैच में विराट शानदार लय में दिखे और उन्होंने 44 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 70 रन बनाए। उनके रन 159.09 की स्ट्राइक रेट से आए। मौजूदा आईपीएल सीजन में, विराट 10 पारियों में 71.42 की औसत और 147.49 की स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं, वह इस सीजन में अभी तक अग्रणी रन-स्कोरर हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113* है।



## संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़ में मारा गया नक्सली शव व हथियार बरामद

**सुकमा।** सुकमा के किस्टाराम थाना अंर्तगत पेसेलपाड़ के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। किस्टाराम थाना क्षेत्र अंर्तगत पेसेलपाड़ के जंगल में किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं 208 वाहिनी कोबरा की संयुक्त पार्टी नक्सल उन्मूलन अभियान पर रवाना हुई थी। सोमवार सुबह 07 बजे पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है। घटनास्थल की तलाशी के दौरान मारे गए नक्सली का शव और हथियार बरामद किया गया है।

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा।** शिक्षा नगरी कोटा में कोचिंग छात्रों द्वारा सुसाइड करने की घटनाएं थम नही रही है। 5 मई को होने वाली नीट परीक्षा से पहले शहर के लैंडमार्क सिटी में हॉस्टल में रहने वाले कोचिंग छात्र सुमित ने अपने कमरे में पंखे से लटकर अपनी जान दे दी। वह हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था। बच्चे की अकस्मात मृत्यु से दुखी पिता विजयपाल और दादा रामकुमार पांचाल ने इस बात से इनकार किया कि सुमित पर पढ़ाई को लेकर कोई दबाव था। उससे अक्सर फ़ोन पर बातचीत होती रहती थी। उसने कभी मानसिक परेशानी का जिक्र तक नहीं किया। ऐसे में वह आत्महत्या कैसे कर सकता है? वैसे भी 5 मई को नीट की परीक्षा के बाद तो परिवार का कोई न कोई सदस्य उसे लेने के लिए कोटा आने ही वाला था।

### सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के आरोप में करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने यह आदेश पारित करते हुए इस मामले को अगले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस बीच झारखंड उच्च न्यायालय (जिसने इस मामले में 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था) चाहे तो कोई आदेश पारित कर सकता है।

### शेख शाहजहां व अन्य का बचाव क्यों कर रही सरकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने संदेशखाली में कथित तौर पर महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ दायर पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सोमवार को उसी से सवाल पूछा कि आखिर वह आरोपी शेख शाहजहां और अन्य का बचाव क्यों कर रही है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने बंगाल सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता से मौखिक रूप से यह सवाल पूछा। पीठ ने बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी और जयदीप गुप्ता की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को जुलाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

# सत्ता के लिए कांग्रेस ने देश को बांटा

### पीएम सोलापुर में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जनसभा में कांग्रेस पर बरसे

एजेंसी

**मुंबई।** भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सोलापुर में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सत्ता पाने के लिए देश को बांटती रही है। इंडी गठबंधन का मकसद किसी तरह सत्ता हासिल कर मलाई खाना है। इसलिए मतदाताओं को इंडी गठबंधन की साजिश से सावधान रहने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को सोलापुर में भाजपा उम्मीदवार राम सातपुते के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में नेता के नाम पर महासंग्राम चल रहा है। अब आप बताइए, क्या आप इतना बड़ा देश किसी ऐसे व्यक्ति के हाथ में देने जा रहे हैं, जिसका नाम



नहीं पता, जिसका चेहरा नहीं मालूम? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे धन, दौलत नहीं चाहिए। मुझे सफलता प्रसिद्धि नहीं चाहिए। मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए। मैं आज आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। इस साल के चुनाव में आप अगले 5 साल के विकास की गारंटी के लिए वोट करने जा रहे हैं। दूसरी ओर वे लोग हैं जिन्होंने 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवाद और कुशासन की ओर अग्रसर किया। अपने दागदार इतिहास के बावजूद कांग्रेस देश की सत्ता दोबारा हासिल करने का सपना देख रही है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए पिछले 10 साल में जितना काम हुआ है, उतना आजादी के बाद कभी नहीं हुआ। कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए एससी, एसटी, ओबीसी के हर अधिकार को रोकने की कोशिश की। उनकी एक चाल उन्हें अपना आश्रित बनाए रखने की थी, ताकि हम उनसे वोट प्राप्त कर सकें। उसने जानबूझकर ऐसा किया लेकिन मोदी और आपका रिश्ता दिल से जुड़ा है। पिछले 10 वर्षों में हमने सामाजिक न्याय पर काम किया है।

### मोदी आरक्षण खत्म कर छीन रहे गरीबों का हक : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरक्षण को हथियार बनाकर गरीबों का हक छीनने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह देश में आरक्षण की व्यवस्था को खत्म करना चाहते हैं। श्री गांधी ने एक्स पर कहा, आरक्षण का मतलब है- देश में ग़रीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की न्यायपूर्ण भागीदारी। और नरेंद्र मोदी निजीकरण को अस्त्र बना कर आपसे ये हक़ छीन लेना चाहते हैं। इस बीच कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी आरक्षण को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिनों पहले तक नरेंद्र मोदी 400 पार का नारा दे रहे थे, लेकिन दो चरणों के चुनाव के बाद भाजपा की कलई खुल गई। भाजपा का संविधान बदलने और आरक्षण को ख़त्म करने का नापाक मंसूबा देश के सामने आ चुका है।

### केन्द्र सरकार की मुफ्त अनाज योजना छलावा



**बदायूं, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को केन्द्र सरकार की मुफ्त अनाज योजना को छलावा बताते हुए कहा कि जनता इससे प्रभावित न हो क्योंकि यह अनाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टीकी जेब से नहीं बल्कि खुद गरीब जनता की गाढ़ी कमाई से दिया जा रहा है। मायावती ने कहा कि वे (भाजपा नेता) लोगों से कहते हैं कि भाजपा और मोदी ने उन्हें मुफ्त राशन दिया है और उन्हें भाजपा को वोट देकर यह कर्ज चुकाना चाहिए, मगर लोगों को इससे गुमराह नहीं होना चाहिए।

## ब्रेक फेल होने से पेड़ से टकराई बस, 15 घायल, नौ यात्री गंभीर

**पुलिस ने शुरु की हादसे की जांच पड़ताल**

समृद्धि न्यूज

**उन्नाव।** उन्नाव-हरदोई हाईवे पर दूसरे दिन फिर से हादसा हो गया। इसमें ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित बस रोड किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। इसमें करीब 15 लोग घायल हो गए। इनमें से 9 गंभीर लोगों को सीएचसी फतेहपुर चौरासी व बांगरमऊ में भर्ती कराया गया। जबकि, 6 लोगों को प्राथमिक इलाज देकर घर भेज दिया गया। पुलिस ने हादसे की जांच पड़ताल की है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मनीष (16) पुत्र राम सजीवन निवासी सदमपुर, हड़हा निवासी शबनम पत्नी चांद बाबू, सलीम पुत्र जमील, गंजमुरादाबाद में कार्यरत व मूलरूप से पश्चिम बंगाल निवासी शुभम (25) पुत्र रंजीत को फतेहपुर चौरासी सीएचसी में भर्ती कराया। इसके साथ ही गांव गढ़ा बेहटा मुजावर निवासी शिवकली, हरदोई निवासी ज्योति, आंचल (10), शिवा (5), दिव्यांशु (5 माह) को बांगरमऊ सीएचसी भेजा गया। 6 मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना के पीछे का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक घायल को गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बस में सवार एक महिला यात्री ने बताया कि चालक और परिचालक नशे में थे। इसके पहले भी एक दो वाहनों में बस टकराने से बची थी। थाना फतेहपुर 84 प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आज भी सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 30 अप्रैल को भी सुनवाई जारी रखेगा। सोमवार को सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी कानून का उल्लंघन कर की गई है। सुनवाई के दौरान जस्टिस खन्ना ने अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि आप गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ हैं लेकिन आपने जमानत की याचिका क्यों नहीं दाखिल की। तब सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी ही अवैध थी, इसलिए उसको ही चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की 21 मार्च को धारा 19 के तहत हुई गिरफ्तारी के लिए ईडी के पास पर्याप्त वजहें नहीं हैं। ईडी सबूत के तौर पर जिन दस्तावेज की बात कर रहा है, उनसे केजरीवाल का कोई लेना-देना ही नहीं है।

## बसपा से आज सरवर मलिक व कल सपा से रविदास करेंगे नामांकन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजनाथ सिंह के नामांकन के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी सरवर मलिक 30 अप्रैल और समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी रविदास महरोत्रा 01 मई को नामांकन करेंगे। बसपा के प्रत्याशी सरवर मलिक मंगलवार को अपने आवास से निकलेंगे और कलेक्ट्रेट के पास बसपा कार्यकर्ता उनका स्वागत अभिनंदन करेंगे। इसके बाद बसपा प्रत्याशी नामांकन करने के लिए कलेक्ट्रेट में प्रवेश करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में बसपा के एमएलसी भीमराव और पूर्व एमएलसी नौशाद अली सहित तमाम पार्टी के कई चेहरे मौजूद रहेंगे।

सपा प्रत्याशी रविदास महरोत्रा बुधवार को अपना नामांकन पत्र




दाखिल करने कलेक्ट्रेट जायेंगे। सपा के प्रदेश कार्यालय से नामांकन जुलूस निकाला जायेगा। ये जुलूस राजभवन से हजरतगंज होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगा। इसमें सपा के कई प्रदेश स्तरीय नेता शामिल होंगे। बसपा और सपा के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद लखनऊ में लोकसभा चुनाव और भी रोमांचक हो जायेगा। बसपा प्रत्याशी के नामांकन जुलूस नहीं निकालने के फैसले को लेकर लखनऊ में वैसे राजनीतिक चर्चा पहले से ही गरम है। सपा के नामांकन जुलूस से प्रत्याशी की क्षमता दिखने के बाद माहौल और भी गरम हो सकता है।

### रामलला के दरबार में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने लगाई हाजिरी

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार देश के विभिन्न प्रदेशों के राज्यपाल रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस क्रम में सोमवार को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अयोध्या पहुंचे। भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन किया। श्रीराम का दीदार कर वे भाव विभोर हो गए। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का दर्शन कर रहा हूं। आशा थी एक समय आएगा, जब भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद महाप्रभु का दर्शन करने के लिए अपनी पत्नी के साथ अयोध्या पहुंचा हूं। प्रभु राम लला का दर्शन करने के बाद जीवन धन्य हो गया।

## अरब सागर में 1200 करोड़ की हेरोइन बरामद

**सुरक्षा एजेंसियों ने दो पाकिस्तानी नागरिकों को किया गिरफ्तार**

एजेंसी



**अहमदाबाद।** पोरबंदर के निकट अरब सागर में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ा ऑपरेशन चला कर 1200 करोड़ रुपये कीमत की 173 किलो हेराइन बरामद की है। यह लगातार दूसरा दिन है, जब ड्रग्स की इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा एजेंसी की बोट को नुकसान पहुंचाने और ड्रग्स के पैकेट समुद्र में फेंकने का भी प्रयास किया गया।

इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने खुफ़िया इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में संयुक्त ऑपरेशन चलाया। संदिग्ध बोट दिखाई देने पर उसकी घेराबंदी करके 1200 करोड़ रुपये कीमत की 173 किलो हेराइन बरामद की है। इस दौरान बोट पर सवार चालक दल ने भारतीय सुरक्षा एजेंसी की बोट को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जिसके कारण सुरक्षा बलों ने फायरिंग की। चालक दल ने एजेंसियों की कार्रवाई को देखते हुए ड्रग्स के 3 पैकेट समुद्र में भी फेंक दिए। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह ड्रग्स तमिलनाडु से होते हुए श्रीलंका भेजी जा रही थी। इससे पूर्व रविवार को भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के सहयोग से समुद्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान 600 करोड़ रुपये मूल्य के 86 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए और सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से पाकिस्तानी जहाज से चालक दल के 14 सदस्यों को गिरफ्तार किया। एटीएस और एनसीबी अधिकारियों से लैस आईसीजी जहाज राजरतन ने पहचान से बचने की कोशिशों के बावजूद संदिग्ध नाव की पहचान कर ली। समवर्ती मिशनों पर जहाजों और विमानों के बेड़े से लैस राजरतन जहाज की त्वरित प्रतिक्रिया ने दवा से भरे जहाज को घेर लिया और भागने के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी। जहाज की विशेषज्ञ टीम संदिग्ध जहाज पर चढ़ गई और गहन जांच के बाद बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की।

**लोस चुनाव**

**राजनाथ सिंह ने नामांकन से पहले किया रोड शो, नामांकन जुलूस में शामिल हुआ भारी हुजूम**

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ लोकसभा से दाखिल किया नामांकन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लखनऊ लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक रोड शो किया। रोड शो के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया।


राजनाथ सिंह लखनऊ से तीसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन जुलूस में भारी हुजूम शामिल



रहा। सोमवार को राजनाथ सिंह सबसे पहले हनुमान सेतु पहुंचकर बजरंगबली का दर्शन पूजन किया। इसके बाद भाजपा कार्यालय पहुंचे।

रोड शो में शामिल रथ पर राजनाथ सिंह के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सवार रहे। राजनाथ सिंह व योगी आदित्यनाथ लोगों को अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।रोड शो का संचालन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे थे। भाजपा प्रदेश कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक जगह-जगह पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। चिलचिलाती धूप भी भाजपा कार्यकर्ताओं के जोश को कम नहीं कर सकी। रोड शो में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं की भागीदारी रहीं। साथ ही नामांकन जुलूस सें लखनऊ के मुस्लिमों की भी उपस्थिती दिखी। राजनाथ सिंह के रोड शो में शामिल पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अब कांग्रेस की सरकार देश में कभी नहीं आएगी%। भाजपा की पूर्णबहुमत से सरकार बनेगी। नामांकन जुलूस में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी,राज्यसभा सदस्य डा. दिनेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी पवन सिंह चौहान,सुधीर हलवासिया समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अमेठी से भाजपा प्रत्याशी के रूप में स्मृति ने किया नामांकन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति जुबिन ईरानी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट गौरीगंज पहुंचकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करते समय उनके साथ उनके पति जुबिन ईरानी, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और अमेठी के शिक्षा एवं समाजसेवी के साथ-साथ प्रकांड विद्वान पंडित जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी नामांकन कक्ष में मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी नामांकन के पूर्व अपने निज निवास मेंदन मवई में हवन पूजन किया। इसके बाद वह भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पहुंचीं। पार्टी कार्यालय पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आने के बाद रथ पर सवार होकर स्मृति ईरानी गौरीगंज नगर में रोड शो करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचीं। जहां पर उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोड शो में बाबा का कई बुलडोजर लाइन से चल रहा था। उस पर लोग कमल निशान वाला झंडा लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने पलटा नाबालिग रेप विक्टिम के गर्भपात का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की रेप विक्टिम को 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की इजाजत देने वाला फैसला पलट दिया है। कोर्ट ने 22 अप्रैल को लड़की के अबॉर्शन की इजाजत दी थी। कोर्ट ने ये फैसला लड़की के माता-पिता के अनुरोध के बाद पलटा। लड़की के पेरेंट्स ने कहा कि इस प्रोसिजर से उनकी बेटी की जिंदगी को खतरा हो सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि हम बच्चे को पालने के लिए तैयार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 22 अप्रैल को मुंबई के लोकमान्य तिलक अस्पताल को तत्काल अबॉर्शन के लिए इंतजाम करने का आदेश दिया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने आदेश सुनाते हुए कहा था- हम अबॉर्शन की इजाजत इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि यह असाधारण मामला है।

# पराली जलाते समय आग से झुलसे बुजुर्ग की मौत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**





भीरा थाना क्षेत्र में सोमवार को दिन में गन्ने की कटाई के बाद खेत में पड़ी पराली को जलाते समय लगी आग से झुलसकर बुजुर्ग किसान की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाली भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोनपीपर के मजरा अमृतापुर में किसान जमुना प्रसाद वर्मा (60) अकेले ही सोमवार को अपने खेत में गन्ने के खेत की कटाई के बाद खेत में पड़ी पराली को जलाने गए थे। पराली जलाते समय वह खुद ही आग की चपेट में आ गए।बताते हैं कि जमुना प्रसाद दोपहर को अपने खेत में गन्ने की पराली जलाने के लिए गए थे जैसे ही खेत में आग लगाई तभी हवा चलने लगी जिससे पास के खेत में आग जा पहुंची और उसी को बुझाने के प्रयास में आग ने उनके कपड़ों को पकड़ लिया जिससे वो उसी आग में गिर कर झुलस गए। अधिक झुलस जाने के कारण जमुना प्रसाद उठ ना सके और वही दम तोड़ दिया।रास्ते से निकल रहे ग्रामीण ने गांव में जाकर बताया कि जमुना के खेत में कोई जला हुआ मृत पड़ा है, ग्रामीणों ने खेत जाकर देखा तो आग से जलकर जमुना प्रसाद की मौत हो चुकी थी। खेत में देखने वालों का तांता लग गया।मृतक के परिजनों ने इसकी जानकारी भीरा पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल।

### अपने पीछे चार पुत्रियां छोड़ गए जमुना प्रसाद

मृतक किसान जमुना प्रसाद की चार पुत्रियां है जिसमे तीन पुत्रियों का विवाह हो चुका है सबसे छोटी पुत्री का विवाह होना शेष है। अपने द्वारा ही लगाई आग में जलकर हुई मौत के बाद किसान के घर में कोहराम का आलम है मौके पर गई पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### जमीनी विवाद में पुत्र ने पिता और भाई को पीटा

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव नयागांव जाट में जमीनी विवाद को लेकर पुत्र ने पिता और भाई को लात घूँसों से पीट दिया। पवन गुप्ता पुत्र साहू लाल ने बताया है कि घटना रविवार 2:00 बजे दोपहर की है उसका भाई विशन चंद्र पुत्र साहू लाल खेत पर आया और उसके पिता साहू लाल से खेत में हिस्सा मांगते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा जब वह अपने पिता को बचाने आया तो आरोपी विशन चंद्र पुत्र साहू लाल, आशु गुप्ता पुत्र विशन चंद्र, सुमन देवी पत्नी विशन चंद्र सभी लोग उसको लात घूँसों से पीटने लगे जिससे उसके शरीर में काफी चोट आई है। उसने आरोप लगाया है कि उपरोक्त सभी लोग उसको जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है?

# अज्ञात कारणों से लगी आग से घर की गृहस्थी का सामान जलकर राख

> आग लगने के समय खेतों में काम करने गए थे परिवार के लोग

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



भीरा थाना क्षेत्र के गांव मूड़ा बुजुर्ग में अज्ञात कारणों के चलते एक घर में आग लग गई। जिससे घर गृहस्थी का सामान ,चारपाई, बिस्तर अनाज,बाइक आदि जलकर राख हो गया। ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग में सोमवार दोपहर गांव निवासी कौशल किशोर के घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग की लपटे उठने लगीं। आग लगने के समय परिवार के लोग खेतों पर काम करने गए थे। लपटों को देखकर घर की तरफ दौड़े। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया गांव वालों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया।

हादसे में घर में रखा गेहूं ,चारपाई, सरसों,बाइक,बिस्तर चारा मशीन आदि जल गया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल इंद्रभान मौर्य ने आग से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी है।

# मेला देखने आए युवक की बाइक चोरी, उठी कार्रवाई की मांग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला नगर में ऐतिहासिक चैती मेला को देखने सैकड़ो की संख्या में रोजाना दूर-दूर से लोग आ रहे हैं लेकिन गोला पुलिस की लापरवाही का नतीजा दूर-दूर से आ रहे लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

मेले के पास में ही कोतवाली और सीओ ऑफिस होने के चलते जहां लोगों में अपने वाहन को लेकर सुरक्षा का एहसास रहता है लेकिन पुलिस की लापरवाही और चोरों की मुस्तैदी को देखते वाहन स्वामियों को अपने वाहन से हाथ धोना पड़ रहा है। 28 अप्रैल की रात गोला से लगभग 10 किलोमीटर दूर खम्हौल से मेला देखने आए युवक की बाइक को उचक्को ने पार कर दिया जिससे मेला देखने आ रहे लोगों में चोरों का भय व्याप्त हैं।

हस्मत अली उर्फ राजू पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम खम्हौल ने थाना कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 28 अप्रैल की देर रात वह मेला देखने अपने गांव से आया था और उसने अपनी काली मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्प्लेंडर मेले मेले के बाहर रानी चंदेली मार्केट के निकट खड़ी कर दी जहां से मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

पीड़ित ने तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में गोला इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह से जानकारी लेने को लेकर फ़ोन करने पर इंस्पेक्टर गोला का सीयूजी नंबर नहीं उठा।

# लोकसभा चुनाव : सभी प्रत्याशी नियमों का पालन करें: प्रेक्षक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> बैठक की शुरुआत में प्रेक्षकगण ने दोनों लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों से उनका परिचय जाना

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट में 28 खीरी संसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी, व्ययप्रेक्षक (धौरहरा) सुमित बेसरा, व्यय प्रेक्षक (खीरी) सुदीप्त पाल ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों व उनके अभिकर्ताओं संग बैठक की। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।

बैठक की शुरुआत में प्रेक्षकगण ने दोनों लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों से उनका परिचय जाना। उनका भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्वागत करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रत्याशी आयोग के निर्वाचन संबंधी नियमों का पालन करें। अपने रिटर्निंग ऑफीसर से अनुमति लेकर ही चुनाव प्रचार सम्बन्धी सामाग्री का प्रयोग करें। जिससे शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष और पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव सम्पन्न कराया जा सके। बैठक में प्रत्याशियों तथा उनके अभिकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया तथा जरूरी अभिलेखों की प्रतियां भी उपलब्ध कराई। प्रत्याशियों तथा उनके एजेंटों को निर्वाचन अभिकर्ता, पोलिंग एजेंट, मतगणना एजेंट की नियुक्ति, उनके कर्तव्य एवं अधिकार तथा उनके प्रशिक्षण के बारे में जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मतदान के दिन सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार व पोलिंग एजेंट निर्वाचन कार्य में लगे हुए अधिकारियों को शांतिपूर्ण व स्वतंत्र मतदान करवाने में सहयोग करेंगे। इस दौरान सभी प्रत्याशी, उनके समर्थक व पोलिंग एजेंट निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे। उन्होंने प्रत्याशियों को सचेत किया कि बिना अनुमति के कोई भी वाहन नहीं चलेगा और वाहन की अनुमति वाहन पर चस्पा होगी।

### व्ययप्रेक्षक करेंगे 03, 07 एवं 10 मई को निर्वाचन व्यय लेखे मिलान

व्ययप्रेक्षक (धौरहरा) सुमित बेसरा, व्यय प्रेक्षक (खीरी) सुदीप्त पाल ने प्रत्याशियों को सूचित करते हुए कहा कि व्ययलेखे के संबंध में 03, 07 एवं 10 मई को कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन व्यय लेखे मिलान होगा, जिसमें अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु अधिकृत निर्वाचन व्यय अभिकर्ता उपस्थित होकर निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय लेखा मिलान हेतु दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका / बैंक स्टेटमेन्ट की प्रमाणित छायाप्रति एवं वाउचर प्रस्तुत करना जरूरी होगा। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि से एक दिन पूर्व तक का लेखा प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित दिनांक पर व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित अभ्यर्थी हेतु निर्गत जनसभा जुलूस तथा वाहन की अनुमति निरस्त करने की कार्यवाही की जायेंगी।



# छत पर सो रहे गृह स्वामी के घर में घुसकर चोरों ने की लाखों की चोरी

**लखीमपुर खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव रहमतनगर में चोरो ने सेफ का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों माल पार कर लें गये। गांव निवासी संतोष कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है गर्मी अधिक होने के कारण वह मय परिवार छतपर सोया हुआ था कि देर रात चोर मकान के पीछे के दरवाजे को तोड़कर घर के अंदर घुस गये। मेन गेट का भी ताला तोड दिया कमरे में रखी आलमारी के काट कर उसमे दस हजार सात सौ नगदी सोने की अंगूठी, मांग बिंदी, मंगलसूत्र,गले का हार ,पायल ,बिछिया,समेत कीमती कपड़े व बर्तन चोर चुरा ले गए। परिवार के लोग जब सुबह जगे सामान बिखरा पड़ा देख दंग रह गये कमरे में जाकर देखा तो ताला टूटा हुआ है तब पता चला चोरों ने सारा सामन पार कर दिया है। पीड़ित ने गोला कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### मां सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय में कार्यक्रम एक मई को

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के मैलानी रेलवे जंक्शन के क़रीब, अघोरी परंपरा का, एक जाना माना स्थान है- माँ सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय । 1 मई को इस स्थान पर तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम होने जा रहा है। इस दिन, पूरी दुनिया में, अघोर परंपरा के सर्वमान्य अधिष्ठाता, आचार्य, ईष्ट अघोराचार्य महाराजश्री बाबा कीनाराम जी की मूर्ति का बहुप्रतीक्षित अनावरण होगा। 1 मई को ही, वर्तमान में, अघोर के सर्वमान्य आचार्य, अधिष्ठाता, ईष्ट अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी का अवतरण दिवस मनाया जाता है, लिहाज़ा उस दिन ये कार्यक्रम भी होगा। इस दिन बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी की अध्यक्षता में तथा अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी की महिला मण्डल शाखा के सौजन्य से दहेज रहित विवाह के तहत दो कन्याओं का वैवाहिक कार्यक्रम भी सम्पन्न होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस दिन अघोर परंपरा के साधु, साधकों के अलावा बड़ी संख्या में अघोर अनुयायियों का आगमन माँ सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय में होगा।

### मारफीन के साथ युवक गिरफ्तार

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोनीकटरा पुलिस ने मार्फिन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर नहर पुलिया के निकट से एक युवक को हिरासत में लेकर जब जमा तलाशी ली तो उसके पास से 28 ग्राम मॉर्फिन बरामद हुई पुलिस के अनुसार पकड़ा गया अभियुक्त राजेश पुत्र रामकिशोर थाना क्षेत्र के ही अचकापुर गांव का निवासी है।

### नीदरलैंड की राजदूत ने देखा हथकरघा उद्योग



**मसौली, बाराबंकी।** सोमवार को कस्बा बड़ागाव पहुंची निदरलैंड की राजदूत मैरी लुईसा जैराडर्स ने हथकरघा उद्योग से जुड़े लोगो से मिलकर कपड़ा उत्पादन की जानकारी ली। निदरलैंड से आये समन्वयक शरद कुमार एव श्री पंचमदास ऑर्गेनिक खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान की अध्यक्ष रिचा सक्सेना एव रुद्राश कश्यप के साथ आयी राजदूत मैरी लुईसा जैराडर्स ने बड़ागाव निवासी मूतलिब अंसारी एव मतीन अंसारी के घर पहुंच हाथ से चलाये जा रहे करघा को देखा तथा बुनाई एव रंगाई की जानकारी ली। सूती कपड़े की बुनाई कर रही मतीन अंसारी के घर की महिलाओ से संवाद करते हुए उत्पादन एव लागत की जानकारी ली तथा सुत की उपलब्धता की जानकारी ली। राजदूत ने मूतलिब अंसारी के घर तैयार कपड़ो को देखा तथा गाँवों के बच्चो के साथ सेल्फी ली।

## युवती को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप, केस दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र से एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मामला लोनीकटरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है।

जहां पर युवती की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि असंद्रा थाना क्षेत्र के दादूपुर लकड़ियां गांव निवासी अंकित उसकी 18 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है काफी खोजबीन के बाद कोई सुराग नहीं लग सका है । प्रभारी निरीक्षक ने बताया मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

> आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

बीते दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई ।पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है

जानकारी के मुताबिक लोनी कटरा थाना क्षेत्र के पूरे लदई गांव निवासी मनमोहन यादव पुत्र स्व0 देवनारायन बीती18 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे मोटरसाइकिल से हैदरगढ़ निमंत्रण गए हुए थे और वही से वापस घर आ रहे थे कि तभी दहिला मोड़ स्थित आरोही ढाबे के समीप पहुंचे ही थे की टेंट का सामान लादकर तेज रफ्तार में जा रहे ट्रैक्टर चालक ने उनकी मोटरसाइकल में टक्कर मार दी थीं। इस दुर्घटना के दौरान मनमोहन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सीएचसी त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया गया था जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया था,जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# दो चरणों के चुनाव में भाजपा साफ: राकेश वर्मा

**सबको पता है जब से भाजपा सरकार आयी है तब से मंहगाई तेजी से बढ़ रही है**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**


देश मे दो चरणों के चुनाव हो चुके हैं जिसमे भाजपा का सफाया हो रहा है इस वक्त देश में इण्डिया गठबन्धन की हवा चल रही है और यह बात मैं उम्मीद नहीं दावे के साथ कह रहा हूँ कि इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया रिकार्ड मतों से चुनाव जीत रहे हैं अच्छे दिन का सपना दिखाकर सत्ता मे आयी भाजपा की सरकार में अच्छे दिनों के आने का आप दस सालों से इंतजार कर रहे हैं अब तक किसी को अच्छे दिन देखने को नहीं मिले हैं और अब भाजपा ने आपके अधिकारों पर हमला किया है अगर भूल से भी ये सत्ता में आ गये तो आपके अधिकारों को छीन लेंगे, देश के दबे कुचले दलित गरीब सभी को पता है जब से भाजपा सरकार आयी है। तब से मंहगाई तेजी से बढ़ रही है हम आपसे यह कहने आये हैं कि एक-एक वोट आपका इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को मिलना चाहिये हमारे सभी साथी सम्पन्न हैं इन्हें किसी चीज की जरूरत नहीं है पिछली बार यही भाजपा को लाने वाले थे और इस बार यही भाजपा का सफाया करने वाले हैं।

उक्त उद्गार प्रदेश के पूर्व मंत्री समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश कुमार वर्मा ने आज इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र जैदपुर के विकासखण्ड सिद्धौर के सिद्धेश्वर मन्दिर तथा विकास खण्ड मसौली के पशु बाजार में आयोजित जनसभाओं में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने अपील की।

इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि देश में पिछले दस वर्षों से जो सरकार विराजमान है उसका देश की जनता से कुछ लेना देना नहीं है। विकास खण्ड स्तरीय संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विकास यादव समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हाफिज अयाज, कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, पूर्व सांसद रामसागर रावत, सुरेश वर्मा, हाकिम अली बादशाह पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र वर्मा, आरिफ भाई, जलालुद्दीन गुड्डू, महेन्द्रपाल वर्मा, दिनेश वैश जयन्त गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय आवाम मौजूद थी।

# इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मेलन

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मसौली पशु बाजार स्थित मैदान मे सोमवार को इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का एकदिवसीय सम्मेलन हुआ सम्मेलन को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एव पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा सहित गठबंधन के नेताओं ने सम्बोधित किया।

आगामी 20 मई को होने वाले मतदान में गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए एकजुटता के साथ पूरी ताकत लगाकर जीत कैसे हासिल की जाय इस पर चर्चा की गयी। पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। भाजपा ने किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का कानूनी अधिकार नहीं दिया। दिल्ली में जब किसान एमएसपी की मांग को लेकर दिल्ली गये थे तो उनको रोकने के लिए सड़क पर सीमेंट की दीवार खड़ी कर दी गयी कीलें लगवा दी गयी टैक्टर-ट्रॉली को डीजल नहीं दिया गया। इस बार किसान, नौजवान सरकार बदलने जा रहा है। किसान भाजपा को वोट नहीं दे रहा है इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों की फसलों के लिए एमएसपी का कानूनी अधिकार देगी। किसान का कर्ज माफ करेगी। भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ किया लेकिन किसान का कर्ज माफ नहीं किया। जैदुपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया। हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठा वादा किया। यूपी में भर्ती परीक्षाओं के सब पेपर लीक हो गए। जानबूझकर पेपर लीक कराये गये। लाखों नौजवानों का भविष्य खराब कर दिया। भाजपा की नीयत नौकरी देने की नहीं थी। भाजपा ने नौजवानों की नौकरी तो छीनी ही साथ ही उसका एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। बीजेपी ने अग्निवीर योजना लाकर फौज की नौकरी चार साल की कर दी। हम लोग अग्निवीर कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अग्निवीर में न पेंशन है और न सम्मान। हम लोग अग्निवीर व्यवस्था खत्म कर पहले ही तरह सेना की पूरी नौकरी देंगे।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. विकास यादव की अध्यक्षता एव वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम हरख रावत के संचालन मे सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज एव कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहसिन किदवाई ने कहा कि भाजपा से सावधान रहिए। जो मन की बात करते हैं वे संविधान की बात नहीं करते हैं। यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। भाजपा संविधान खत्म करना चाहती है। हम समाजवादी इंडिया गठबंधन के लोग संविधान के रक्षक है। संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही गरीबों को राशन के साथ पौष्टिक आटा देंगे। आटा देने के साथ मोबाइल और लैपटॉप चलाने के लिए मुफ्त डाटा देंगे। समाजवादी सरकार ने सात साल पहले लैपटॉप दिया था। अमेरिका में भी अब गरीबों को लैपटॉप दिया जा रहा है लेकिन भाजपा सरकार ने वादा करके लैपटॉप नहीं दिया। गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने उपस्थित जनसमूह से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में जनहित के मुद्दों पर कोई बात नहीं की। जबकि कांग्रेस का घोषणापत्र समाज हित से जुड़े मुद्दों पर तैयार किया गया है। तनुज पुनिया ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा बीफ एक्सपोर्ट हो रहा है। भाजपा चंदा लेकर धंधा देने वाली सबसे भ्रष्ट पार्टी है। तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं, किसानों और महिलाओं समेत सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखकर वादे किये गये हैं। इसीलिये भाजपा हमारे घोषणापत्र से डर गई है और इस तरह के आरोप लगा रही है। समाज के विभाजन का एडेंजा कांग्रेस का नहीं बल्कि भाजपा का है।

उक्त सभा को मुख्य रूप से , पूर्व प्रमुख यासिर आरफात किदवाई, सुरेन्द्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रिजवान संजय,प्रदेश सचिव सरताज चौधरी, मोहम्मद उबेद शानू, अखिलेश यादव, पप्पू वर्मा प्रधान ,मिथिलेश वर्मा फकीर अली अंसारी ,मोहम्मद खालिद, कामिल अली, मोबिन सिकंदर, देवेंद्र कुमार उर्फ़ मोनू, शीलम वर्मा, शबनम वारसी, पूनम यादव, राम प्रताप वर्मा, शाहिद अली, जगरूप वर्मा, अवध राम वर्मा, अनिल वर्मा प्रधान, नाजिम अली, ताजुद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।

# अब कांवड़ यात्रा पर बरसाए जाते हैं फूल : स्वतंत्रदेव सिंह

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन, उमड़े समर्थक**



भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन सभा में समर्थकों का सैलाब उमड़ा।

जय श्री राम और भारत माता की जयकारे से जीआईसी ऑडिटोरियम गूंजता रहा। नामांकन सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बाराबंकी लोकसभा अयोध्या के सबसे निकट है इसलिए यहां के लोगों को सर्वाधिक वोटों से भाजपा प्रत्याशी को जिताना है।कहा कि 80 प्रतिशत वोट भाजपा को दिलाकर इतिहास रचना है।कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की जिन्ना से तुलना करने वालों को सबक सिखाने का चुनाव है। कहा कुछ नेता 500 किलोमीटर जाकर फातिया पढ़ सकते हैं,मगर अयोध्या में रामजी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण ठुकरा देते है। कहा योगी सरकार में अब कांवड़ यात्रा पर रोक नही लगती बल्कि यात्रा पर फूल बरसाए जाते हैं। उन्होंने राष्ट्र के सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा एवम विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। कहा मोदी ने विगत दस वर्षो में अनेकों कड़े और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं,जिनका असर जमीन पर दिखने लगा है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। मोदी का तीसरा कार्यकाल भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ विकसित भारत की गारंटी देगा।

राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के चलते उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयां दी है।

कहा योगी सरकार माफियाओं को मिट्टी में मिला रही है। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने जिले के चहुमुखी विकास के लिए भाजपा को वोट करने की अपील की।प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत ने राजरानी रावत को अपनी बड़ी बहन बताते हुए समर्थकों से उन्हें बड़ी जीत दिलाने का संकल्प दिलाया।पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने मोदी योगी के हाथों को मजबूत करने के लिए भाजपा के वोट करने की अपील की। इस अवसर पर जिला प्रभारी अवनीश पटेल, विनोद मिश्रा ,विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह,शरद अवस्थी, पद्मश्री रामसरन वर्मा,संतोष सिंह, अवधेश श्रीवास्तव,सुधीर कुमार सिंह सिद्धू, विवेका नंद पांडे,डॉक्टर विवेक वर्मा,हरिनाम वर्मा,संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई, धर्मेंद्र यादव,रामेश्वरी त्रिवेदी, सहित हजारों समर्थक मौजूद रहे।

# पुलिस बूथ के सामने लगता है भयंकर जाम

**हैदरगढ़ , बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

कहने को तो स्थानीय कस्बा के मुख्य चौराहे पर पुलिस चौकी है। जहाँ पर हमेशा पुलिस कर्मियों की तैनाती बनी रहती हैं। इसके बावजूद भी कस्बा के मुख्य चौराहा पर सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनी रहती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण लखनऊ- बनारस नेशनल हाईवे पर बेतरतीब खड़े वाहन हैं। जिसकी वजह से राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं सभी वजहों के चलते कस्बा के मुख्य चौराहे पर आये दिन हादसे भी हुआ करते हैं, अभी हाल ही में कस्बा के मुख्य चौराहे पर एक वृद्ध की हादसे में मौत हो भी चुकी है। इसके बाद हाईवे पर अक्सर खड़े रहने वाले बेतरतीब वाहनों को लेकर पुलिस द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कस्बा हैदरगढ़ के मुख्य चौराहे पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। हाईवे के किनारे बेतरतीब खड़े रहने वाले वाहनों का नतीजा राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी उठाकर भुगतना पड़ रहा हैं। कस्बा के मुख्य चौराहे पर हाईवे के अलावा बाराबंकी व रायबरेली रोड पर वाहन सड़क के किनारे ही बेतरतीब ढंग से खड़े रहते है। जिसके चलते अक्सर जाम की स्थित पैदा हो जाती हैं। जिसका खामियाजा लोगों को आवागमन में भुगतना पड़ता हैं। बताया जा रहा है कि कस्बा के मुख्य चौराहे पर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी ट्रैफिक स्थिति सामान्य रहें, इसके लिए उनके द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का ठीक ढंग से निर्वहन नहीं किया जाता हैं। हाईवे पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े रहते हैं परंतु पुलिस का ध्यान इस ओर नहीं जाता हैं। यदि ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी का ठीक ढंग से निर्वहन करें तो काफी हद तक जाम की स्थिति जो पैदा होती है उससे छुटकारा मिल सकता हैं। चौकी प्रभारी जितेंद्र राज सिंह ने बताया कि चुनाव की वजह से स्टाफ की कमी है। बाकी रायबरेली रोड सकरा होने की वजह से जाम की स्थित पैदा हो जाती है हम इसमें क्या कर सकते हैं अगर रायबरेली रोड चौड़ी हो जाये तो काफी हद तक जाम से छुटकारा मिल सकता हैं। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी द्वारा दूरभाष के जरिए बात की गई तो उन्होंने बताया कि ठीक है इस समस्या को शीघ्र दूर करवाते हैं।

# कछुओं की तस्करी करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय तस्कर को 85 कछुओं के साथ एसटीएफ ने दबोचा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/फिरोजाबाद।** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कछुओं की तस्करी करने वाले एक आरोपी को यूपी एसटीएफ ने फिरोजाबाद के थाना शिकोहाबाद की नहर पुलिया से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर रूपेश कुमार के पास से 85 कछुए बरामद किए है।

यूपी एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय तस्कर यूपी में सक्रिय है। इसको लेकर एसटीएफ ने विभिन्न इकाईयों का गठन कर एक टीम को इसके खुलासे के लिए लगाया।

**▸ यूपी के शिकोहाबाद में चल रहा था खेल**

एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि कछुओं की तस्करी करने वाले गिरोह का एक सदस्य भारी मात्रा में कछुआ लेकर शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन आयेगा। इस पर एसटीएफ टीम ने क्षेत्रीय वन प्रभाग शिकोहाबाद की टीम को साथ लेकर सोमवार को सुबह करीब दस बजे गिरोह के सदस्य रूपेश कुमार को स्टेशन रोड शिकोहाबाद नहर पुलिया गिरफ्तार कर लिया।

एसटीएफके एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का एक गिरोह है, जो यमुना, चम्बल, गंगा, गोमती, घाघरा, गण्डक आदि नदियों, उनकी सहायक नदियों, तालाबों और वेटलैंड्स आदि नदियों से कछुओं को इकट्ठा कर अन्तराष्ट्रीय स्तर पर उसकी तस्करी करता है।

इस गिरोह का सरगना तौफीक निवासी रामपुर है। तौफीक को कछुओ से भरा थैला दिया गया था और यह बताया गया था कि स्टेशन पर कुछ लोग मिलेंगे उनको यह थैला देना है। तौफीक लगभग तीन हजार प्रति कछुए उनको बेचता है। जबकि वह लोग अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर करीब सात हजार प्रति कछुए बेचते हैं।

# कठौता झील में मिट्टी खनन के मामले में जीएम दोषी

## चार सदस्यीय टीम की जांच में हुआ खुलासा, तत्कालीन जीएम ने गलत तरीके से बैक डेट में दिया था वर्क ऑर्डर

**नगर आयुक्त को सौंपी गई मामले की जांच रिपोर्ट**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** शहर की 10 लाख से ज्यादा की आबादी को पानी सप्लाई करने वाले कठौता झील में अवैध खनन हो रहा था। तत्कालीन जीएम ने गलत तरीके से बैक डेट में वर्क ऑर्डर दे दिया था। चार सदस्यीय टीम की जांच में इसका खुलासा हुआ है। दरअसल, झील के एक हिस्से में खुदाई का काम होना था। उसी की आड़ में जीएम ने बाकी जगहों पर भी वर्क ऑर्डर कर दिया। इसको लेकर शिकायत हुई थी। 4 लोगों की जांच कमिटी बैठी। अब जस चार सदस्यी टीम ने पाया है कि ऑर्डर गलत तरीके से किया गया था। तत्कालीन जीएम राम कैलाश को जांच में दोषी पाया गया है। जीएम राम कैलाश की तैनाती के दौरान झील के एक हिस्से में खनन वर्क ऑर्डर हुआ था। लेकिन पूर्व जीएम जलकल राम कैलाश ने तबादला होने के बाद बाकी हिस्सों में खनन के लिए बैक डेट में वर्क ऑर्डर जारी कर दिया। मामले की जांच रिपोर्ट नगर आयुक्त को दे दी गई है। इसके बाद शासन को रिपोर्ट जाएगी। वहां से सस्पेंड करने से लेकर वसूली तक की कार्रवाई हो सकती है।

**नगर निगम को 40 लाख रुपए का नुकसान**

इस पूरे मामले में जलकल जोन 4 के तत्कालीन एक्सईएन अनिरुद्ध भारती की भी लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है कि तत्कालीन एक्सईएन अनिरुद्ध भारती ने खनन रोकने के लिए न तो कोई कदम उठाया न ही आला अधिकारियों को जानकारी दी। अनिरुद्ध भारती मौजूदा समय जोन 7 में तैनात है। चुनाव बाद दोषी अधिकारियों पर हो कार्यवाही हो सकती है इस पूरे मामले में नगर निगम को करीब 40 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। हालांकि यह नुकसान उससे ज्यादा भी हो सकता है लेकिन उसके लिए अलग से जांच बैठानी पड़ेगी।

**कठौता झील से 10 लाख आबादी को मिलता है पानी**

कठौता झील से इंदिरा नगर और गोमती नगर की मिलाकर करीब 10 लाख की आबादी को पानी की सप्लाई होती है। यहां पानी कम होने से इंदिरा नहर से सप्लाई दी जाती है। ऐसे में अगर इस झील के साथ अधिकारियों ने खिलवाड़ किया तो शहर के बड़े हिस्से में पीने के पानी की किल्लत हो जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### टाइल्स की दुकान में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के तालकटोरा थाना क्षेत्र में स्थित एक टाइल्स की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की लपटों ने कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने के सही कारणों का पता नही चल सका हैं। तालकटोरा थाना क्षेत्र के मीना बेकरी रोड, राजाजीपुरम में फीरोज अब्बास का मकान हैं जिसमें शॉप नंबर-4 में एमआर कंपनी टाइल्स के नाम से दुकान हैं। बीती रविवार देर रात करीब एक बजे अचानक आग लग गईं। सूचना मिलते ही आलमबाग फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि आग टाइल्स की दुकान में लगी हुई है और जल रही है। दुकान में भयंकर धुआं भरा हुआ था, दुकान का शटर के ताले काटकर आग को कड़ी मशक्कत कर आग को बुझा दिया गया। आग लगने का शॉर्ट सर्किट का संदेशा जताया जा रहा हैं। फिलहाल दुकान में कितने रुपए का नुकसान हुआ है यह अभी नहीं पता चल सका हैं।

### हिन्दू समाज पार्टी के गौरव वर्मा ने दाखिल किया नामांकन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर हिन्दू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन तिवारी, भारतीय जन-जन पार्टी के संस्थापक संरक्षक मनीष महाजन, हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहित मिश्रा, गौरव गोस्वामी सहित कई लोग मौजूद थे। इससे पहले पार्टी के प्रत्याशी गौरव वर्मा पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों समर्थकों के साथ तय समय प्रातः 11 बजे खाटु श्याम मंदिर, निकट गोमती तट, न्यु हैदराबाद एकत्र हुए, जहां से जुलूस के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुये। नामांकन दाखिल करने से पूर्व हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रत्याशी गौरव वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जनता के बीच चौबीसों घंटे उपलब्ध रहने का विश्वास दिलाया और शहर के मतदाताओं पर विश्वास जताया कि वह शहर के वास्तविक विकास के लिए हिन्दू समाज पार्टी के प्रत्याशी विजई बनाएंगे।

### एकेटीयू में नेक्स्ट जेनेरेशन इंजीनियरिंग पर वर्कशॉप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और इंजीनियरिंग की मैकेनिकल इंजीनियरिंग शिक्षा मंगलवार को एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन करेगी। एम्पावरिंग दी नेक्स्ट जेनेरेशन इंजीनियर्स नाम से इस इवेंट का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी में नये उभरते उद्योगों की मांग के अनुसार इंजीनियरिंग के छात्रों को तैयार करने पर विशेषज्ञ मंथन करेंगे। साथ इंजीनियरिंग शिक्षा और उद्योगों के बीच की दूरी को कम करने पर चर्चा होगी। जिससे कि छात्र उद्योगों के अनुसार तैयार हो सके। संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो.जेपी पांडेय करेंगे, जबकि बतौर मुख्य अतिथि आईएएस दीपक गुप्ता होंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर ऑनलाइन माध्यम से एआईसीटीई के मेंबर सेक्रेटरी राजीव कुमार जुड़ेंगे। कार्यक्रम में अधिकारी उद्योगों के सीईओ, संबद्ध संस्थानों के निदेशक, एचओडी, शिक्षक, टीपीओ सहित अन्य लोग प्रतिभाग करेंगे। इसके अलावा पैनल डिस्कशन के साथ ही अन्य सत्र भी आयोजित किया जाएगा।

### अपना दल एस के कार्यकर्ता रक्षा मंत्री के नामांकन में हुए शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रक्षा मंत्री भारत सरकार एडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह के नामांकन में अपना दल एस पार्टी के हजारो पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके नामांकन जुलूस में शामिल हुए साथ ही राजनाथ सिंह को अबकी बार 5 लाख वोटों से विजई बनाने का संकल्प लिया। पार्टी से बातचीत में पदाधिकारियों ने बताया की अपना दल एस हमेशा बीजेपी के साथ सबसे विश्वसनीय गठबंधन के रूप में लंबे समय से कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है साथ ही छोटे और बड़े भाई की तरह हर चुनाव में मजबूती के साथ खड़ा रहा है। इस जुलूस में अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव युवा व लोकसभा प्रभारी लखनऊ संजीव सिंह राठौर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल उर्फपोनू, नगर अध्यक्ष अरुण वर्मा, शोभित पटेल व हजारो की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस सांस्कृतिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष बने अंकित यादव



**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती पर जोर देने पर जुटी कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के साथ भारत की सांस्कृतिक व साहित्यिक समृद्धि के लिए इलाहाबाद के युवा रंगकर्मी व अधिवक्ता अंकित सिंह यादव को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अंकित सिंह यादव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष हीरा लाल यादव के पुत्र है और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश/ छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय राम नरेश यादव के पारिवारिक सदस्य भी है। अंकित सिंह यादव गांधी व नेहरू की विचार धारा से प्रेरित रहे है। पिछले दो दशक से ज़्यादा वक्त से सक्रिय रंगमंच से जुड़े हुए है साथ ही महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र प्रयागराज में डॉ विधु खरे दास के सानिध्य में रंगमंच एवं फ़िल्म अध्ययन में परास्नातक किया है। श्री यादव ने अपनी रंगयात्रा की शुरुआत समानान्तर संस्था से अनिल रंजन भौमिक के सानिध्य में किया, वर्तमान में बुनियाद फाउंडेशन के संयुक्त सचिव व द कलर्स फाउंडेशन के उपाध्यक्ष भी है।

# अपराधियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

## कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त, आयोग के निर्देशों का कड़ाई से हो रहा अनुपालन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1821 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 28 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4692 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।

शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,03,831 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 21,85,577 लोगों को पाबन्द किया



जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 8068 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8168 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 439 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3444 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 152 केन्द्रों को सीज किया गया।28 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 04 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 13,791 लोगों को पाबन्द किया गया। 74 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 61 कारतूस व 04 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 50 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 01 केन्द्र सीज किया गया।

### अवैध शराब व नकदी जब्त करने का सिलसिला जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 28 अप्रैल तक कुल 32977.30 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3211.02 लाख रुपये नकद धनराशि, 4583.70 लाख रुपये कीमत की शराब, 21850.88 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2175.30 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 28 अप्रैल को 182.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 4.39 लाख रुपये नकद धनराशि, 51.58 लाख रुपये कीमत की 18989.75 लीटर शराब, 112.38 लाख रुपये कीमत की 441702.58 ग्राम ड्रग एवं 13.72 लाख रुपये कीमत की 5916 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी।

### हटाए गए पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,27,98,360 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 78,25,064 तथा निजी स्थानों से 49,73,296 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग 8,61,531, पोस्टर 36,08,621, बैनर 22,00,111 एवं अन्य 11,54,801 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग 6,78,970, पोस्टर 22,91,838 बैनर 12,33,667 एवं अन्य 7,68,821 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1277 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्यवाही की गयी।

# सेवानिवृत्त कार्मिकों को रिटार्यमेंट के दिन ही प्रदान किए गए देय व पेंशन प्रपत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों में कार्मिकों के हितों को देखते हुये एक नई शुरूआत की गयी है। जिसमें सेवा निवृत्त हो रहे अधिकारी एवं कर्मचारियों को पेंशन एवं अन्य लाभों से सम्बन्धित आवश्यक प्रपत्र सेवा निवृत्ति के दिन ही सौंप दिये जाते हैं। जिससे उन्हें पेंशन के लिये परेशान न होना पड़े। इसी के तहत सोमवार को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार गोयल ने शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में 5 सेवा निवृत्त कामिकों को शाल तथा पेंशन प्रपत्र भेंट करते हुये उनका अभिनन्दन किया।

डॉ0 गोयल ने कहा कि पहले ऊर्जा निगमों में सेवा निवृत्त के बाद भी कार्मिक पेंशन प्राप्ति के लिये परेशान होते थे उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। सेवानिवृत्ति के दिन ही कार्मिक को मिलने वाली पेंशन और अन्य लाभों के पेपर प्राप्त हो जाते है। पूरे प्रदेश में यह व्यवस्था सख्ती से लागू की गयी है। जनवरी माह में पेंशन के

**▸ जनवरी में पेंशन के 600 मामले थे लम्बित अब मात्र 92 केस**

600 मामले लम्बित थे जो 3 महीने में मात्र 92 रह गये हैं। पेंशन अदालते चालू की गयी है जो प्रत्येक तीन महीने पर लगायी जाती है। अगली पेंशन अदालत जून में होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी जनसेवा के लिये है। उस कार्य के साथ इम्पलाइज वेलफेयर नीति भी चलनी चाहिए। जिससे विभाग के किसी भी कर्मचारी को अपने सही कार्यों के लिये परेशान न होना पड़े। अध्यक्ष ने निदेशक कार्मिक की पूरी टीम को इसके लिये प्रशंसा करते हुये कहा कि उन्होंने बड़े परीश्रम से इस कठिन कार्य को कर के दिखाया है। आज सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक हैं साधना भटनागर, (प्रमुख निजी सचिव), राम नरेश पाल (सहायक अभियन्ता), लक्ष्मी नारायण पाण्डे (अवर अभियन्ता), रागिनी शर्मा (स्टेनोग्राफर) तथा अरूण कुमार पाण्डे (स्टेनो-ग्रेड-2) कार्यक्रम में रणवीर प्रसाद, प्रबन्ध निदेशक (उत्पादन निगम) सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## टेक्टरों एफसी ने डिवाइन एफसी को पेनाल्टी शूटआउट में 2- 1 से हराया



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को चौक स्टेडियम में चल रही लाला उमराव मेमोरियल सेवन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में टेक्टरों एफसी ने डिवाइन एफसी को पेनाल्टी शूटआउट में 2- 1 से हरा दिया। डिवाइन एफसी ने शुरू में बेहतरीन प्रदर्शन दिखाते हुए मैच को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया लेकिन टाई ब्रेकर में टेक्टरों ने बाज़ी मार ली। प्रतियोगिता में बेस्ट गोलकीपर टेक्टरों टीम के अर्णव, बेस्ट डिफेंडर डिवाइन के अनुज एवं टॉप स्कोरर का खिताब टेक्टरों के अर्जुन ने जीता। पुरुस्कार वितरण प्रेम मिष्ठान भंडार के संचालक विनय यादव एवं लखनऊ फुटबॉल फेडरेशन ने सचिव कन्हैया लाल द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन डिवाइन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा लखनऊ फुटबॉल फेडरेशन के तत्वाधान में कराया गया था। शहर की सभी प्रतिष्ठित टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में चौक का प्रतिष्ठित प्रेम मिष्ठान भंडार सहयोगी रहा।

# मोहनलालगंज से कौशल किशोर ने किया नामांकन

**▸ कौशल किशोर भी हैट्रिक की फिराक में**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मोहनलालगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। लखनऊ की मोहनलालगंज सीट पर बीजेपी के कौशल किशोर का कब्जा है और वह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में राज्य मंत्री हैं। यहां भाजपा हैट्रिक की तैयारी में है। मोहनलालगंज सीट 2014 से भाजपा के कब्जे में है।

मोहनलाल गंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। ये सीट 1962 में अस्तित्व में आई। 1962, 1967 और 1971 में यहां कांग्रेस का वर्चस्व रहा। इसके बाद जनता पार्टी और जनता दल यहां से जीते। 1991 के पहली बार भाजपा का खाता खुला। 1996 में भाजपा जीती। इसके बाद के चुनाव में समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा। 2014 और 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कौशल किशोर ने जीत दर्ज की। 2019 में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार छोटे लाल वर्मा को हराया था। कौशल किशोर को 629,999 वोट मिले। सीएल वर्मा के खाते में 539795 वोट आए। 2014 में भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर ने 455,274वोट हासिल कर जीत दर्ज की। दूसरे स्थान बसपा के उम्मीदवार आरके चौधरी के खाते में 309,858 वोट आए। भाजपा ने तीसरी बार केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर को टिकट दिया है।

### पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एफडीपी का हुआ शुभारम्भ

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** पंचायतीराज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट), लोहिया भवन, अलीगंज, लखनऊ में पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार की अपेक्षानुसार 05 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफ.डी.पी.) का शुभारम्भ सोमवार को अटल कुमार राय, निदेशक, पंचायती राज, अमनदीप दुली, विशेष सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन, प्रवीणा चौधरी, संयुक्त निदेशक, पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट), वित्त एवं लेखाधिकारी प्रदीप कुमार, नेशनल कंसल्टेन्ट तौकीर खान, रुचि यादव, पंचायतीराज तथा टी.आर.आई. संस्था के कंसल्टेन्ट पंकज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। श्री राय ने इस प्रशिक्षण का आयोजन पंचायतीराज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट) में कराये जाने हेतु पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार का आभार व्यक्त किया तथा भारत सरकार की पूरी टीम को धन्यवाद के साथ विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिभागियों का प्रदेश में स्वागत किया एवं उम्मीद जतायी कि इस कार्यक्रम से क्षमता संवर्द्धन को नई दिशा मिलेगी। निदेशक पंचायतीराज ने प्रतिभागियों से यह अपेक्षा की, कि उनके द्वारा प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी का उपयोग धरातल पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में 12 राज्यों के 65 फैकल्टी द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। फैकल्टी के क्षमता संवर्द्धन एवं कार्यकुशलता के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज मंत्रालय एवं प्रिट के कुशल एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। श्री राय ने बताया कि यह प्रशिक्षण आवासीय है तथा प्रशिक्षण समापन 03 मई को सायं 05 :00 बजे होगा।

# देश में 22-हेडर माइक्रोस्कोप की सुविधा देने वाला पहला संस्थान बना लोहिया इंस्टीट्यूट

**▸ निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने माइक्रोस्कोप का लोकार्पण किया**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** डा.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डा. सीएम सिंह ने सोमवार को पैथोलाजी विभाग में 22-हेडर माइक्रोस्कोप का लोकार्पण किया। 22-हेडर माइक्रोस्कोप की सुविधा उत्तर प्रदेश में ही नहीं वरन पूरे भारत में पहली बार स्थापित की गई है। इसकी लागत लगभग रु 50 लाख है।

22-हेडर माइक्रोस्कोप में एक बार में 22 व्यक्ति एक साथ माइक्रोस्कोपी मूल्याकंन कर सकते है। साथ ही इसे कई स्क्रीनो से भी जुड़ा है एंव इसमें आनलाइन टेली कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा शिक्षण रिकॉर्डिंग की भी सुविधा उपलब्ध है। पैथोलॉजी विभाग में इस सुविधा का उपयोग फैकल्टी सदस्यों के द्वारा स्नातकोत्तर छात्रों के शिक्षण हेतु नियमित कार्यशालाए एंव लाइव माइक्रोस्कोपी सेशन आयोजित करने में किया जायेगा। डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का पैथालॉजी विभाग राज्य ही नही वरन देश के सबसे उच्च स्तरीय पैथोलॉजी विभागो में से एक है जिसमें विश्व स्तरीय जांचें की जा रही है। यह विभाग पूरे प्रदेश का एक मात्र स्टेट रेफरल सेन्टर है जिसमें पूरे प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों के मरीज अपनी जांच के लिए सेम्पल जमा करा सकते हैं।

**कटाक्ष**


**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने सपा अध्यक्ष के एटा के बयान पर किया पलटवार**

# किसान विरोधी पार्टी को अब आई अन्नदाताओं की याद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के एटा के बयान पर करारा पलटवार किया। किसान विरोधी समाजवादी पार्टी को आज अन्नदाताओं की याद आ रही है। यह उस समय कहां थे, जब इनकी ही सरकार में किसान भाइयों की फसल खेतों में सड़ रही थी। उनको अपनी फसल का वाजिब दाम नहीं मिलता था। किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे।

भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों में न केवल किसानों की आय में वृद्धि की है बल्कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को देश



का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देकर हर अन्नदाता को सम्मानित करने का काम किया है। विपक्षी दलों पर हमलावर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जो भगवान राम का न हुआ, वह जनता का क्या होगा।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन्होंने चीनी मिलों में ताले लगा दिये। अपने फायदे के लिए उन्हें बेच दिया। ऐसे इंडी गठबंधन और सपा वाले भला किसानों का दर्द क्या जानें। इतना ही नहीं कांग्रेस ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी थीं। इन्होंने किसान भाइयों का कर्ज माफ करने की जगह उनके साथ छलावा किया। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि जब किसान भाइयों के कर्ज माफ करने की बारी आई तो कांग्रेस ने दो-दो, तीन-तीन सौ रुपये का चेक थमा दिया।

जनता चार जून को इंडी गठबंधन और सपा को उनके कर्मों का फल दे देगी। तब वह अपने परिवार के साथ घरों में कैद होने को मजबूर हो जाएंगे। जिन्होंने देश में इमरजेंसी लगाकर हर नागरिक से उसका हक छिना, वह आज संविधान की बात करते हैं। यह उनके लिये शोभा नहीं देता है। देश और प्रदेश की जनता सब जानती है। देश की जनता जनार्दन चार जून को अपना फैसला बता देगी। यह वे लोग हैं, जो जनता के फैसले पर भी सवाल खड़ा करेंगे। जो प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर सकता है, वह कुछ भी कर सकता है। देश की जनता अच्छी तरह से जान गई है कि जो भगवान राम का न हुआ, वह उनका क्या होगा।

### आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा : अखिलेश यादव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एटा में समाजवादी पार्टी के मुखिया और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर सीधा हमला बोला। उन्होंने आरक्षण मामले पर आरएसएस पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के साथ एक सबसे खतरनाक परिवार है, जो आरक्षण खत्म करना चाहता है। अब उन्हें वोट चाहिए तो वह कह रहे हैं कि आरक्षण खत्म नहीं होगा। मैं पूछना चाहता हूं अगर सरकार की बड़ी कंपनियां बिक जाएंगी तो क्या उनमें आरक्षण होगा? उनके पास जवाब नहीं है कि नौकरी क्यों नहीं दे रहे हैं? लोकसभा चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान को हटाना चाहते हैं, दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और समाजवादी लोग हैं जो संविधान को बचाना चाहते हैं। यह चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का फैसला करेगा।


# राष्ट्र व देश की दशा-दिशा तय करता है युवा : स्वतंत्र देव सिंह

**भारत माता की जय बोलना, राम मंदिर की बात करना सांप्रदायिक है तो मैं संप्रदायिक हूं : स्वतंत्र देव सिंह**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा महसी विधानसभा के बहोरीकपुर में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव ने कहा कि युवा सम्मेलन के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है।

क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्र के हित एवं देश के विकास के लिए सदैव अग्रसर रहती है। युवा ही राष्ट्र व देश की दशा दिशा तय करता है।अतः भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर युवा सदैव राष्ट्र की बात करेगा देश के हित की बात करेगा और जब युवा आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जिसमें सबसे




अधिक संख्या युवाओं की है। अतः पूरे विश्व की निगाह भारत के युवाओं पर टिकी रहती है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सदैव युवाओं के हित की बात करते हैं और नए-नए आयाम के माध्यम से सदैव युवाओं को प्रेरित भी करते रहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जब 2024 का लोकसभा चुनाव सामने है, आप सभी युवाओं के बल पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन के किया जा सकता है। सभी पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रत्येक बूथ पर युवाओं को जोड़ते हुए इस बार भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आनंद गोंड़ को विजई बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करायें।

जल शक्ति मंत्री ने कहा कि अगर उनके भारत माता की जय और जय श्री राम बोलना सांप्रदायिक है तो वह सांप्रदायिक है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, जिसके चलते अनर्गल बयान दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय जी ने कहा कि युवा वह है जिसके हाथों में शक्ति पैरों में गति और आंखों में सपने होते हैं और यह सभी चीजे आप सभी युवाओं को संज्ञान में लेते हुए जो भी कार्य दिए जा रहे हैं उसे अपने लक्ष्य तक पहुंचाए बिना आराम नहीं करना है।

इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित, उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, शैलेंद्र यादव, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, सूरज गोंड, परमार्थसेन चौधरी, सुधाकर सिंह, हिमांशु सिंह, आनंद जायसवाल, शिवांकर शुक्ला, अर्पित श्रीवास्तव, अतुल चौधरी, सोनेलाल पटेल, राजन पांडे, सुधाकर बाजपेई, स्कन्द प्रताप सिंह, सतीश वर्मा सहित सभी जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री पंडित सिंह के कई करीबी जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल



**पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र कुमार सिंह, बब्बू विशेन के बाद सपा में शुरू हुआ पार्टी छोड़ने का सिलसिला**

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

साल 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से प्रबल दावेदार रहे पूर्व मंत्री स्वर्गीय विनोद कुमार पंडित सिंह के बेहद करीबी पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र कुमार सिंह बब्बू विशेन पिछले दिनों अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद सपा में जैसे भगदड़ सी मच गई है। रविवार को जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान समेत कई जनप्रतिनिधियों ने बीजेपी की सदस्यता ली, तो सोमवार को भी पंडित सिंह के करीबी नवाबगंज से जिला पंचायत सदस्य अभिषेक सिंह भी तमाम समर्थकों के साथ बब्बू सिंह विशेन के हमराह हो लिए।

बताते चलें कि शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बब्बू विशेन 2022 के विधानसभा चुनाव में सदर सीट से प्रबल दावेदार थे लेकिन सपा ने उन्हें टिकट न देकर पंडित सिंह की मृत्यु पर मिलने वाली सहानुभूति को देखते हुए उनके भतीजे को मैदान में उतारा था। उन्हें अपेक्षा के अनुसार 90 हजार वोट मिले लेकिन इसके बावजूद पराजित होना पड़ा। विधानसभा चुनाव के बाद से ही बब्बू सिंह विशेन पार्टी में हाशिए पर धकेल दिए गए थे। इतना ही नहीं, स्वर्गीय पंडित सिंह से जुड़े तमाम नेताओं को पार्टी में किनारे कर दिया गया। पिछले दिनों बब्बू सिंह विशेन ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जब भाजपा का दामन थामा, तभी यह तय माना जाने लगा था कि समाजवादी पार्टी में भगदड़ जरूर मचेगी। हुआ भी वही। रविवार को भाजपा नेता पवन सिंह मझारा के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कई ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान एवं जिला पंचायत सदस्य समेत तमाम लोग भाजपा में शामिल हो गए। गोण्डा सांसद व प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सांसद राजा भैया के आवास मनकापुर कोट में वजीरगंज ब्लॉक से विनोद सिंह प्रधान अजबनगर, वीरेन्द्र सिंह प्रधान चनहा एवं नवाबगंज ब्लॉक से टिंकू सिंह पूर्व प्रधान कोल्हमपुर मोदी के परिवार का सदस्य बने। पवन सिंह मझारा के प्रयास से इन सभी लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। सांसद राजा भैया ने पार्टी में शामिल होने पर सभी का स्वागत किया और हर स्तर पर सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं सोमवार को भी समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका लगा। स्वर्गीय पंडित सिंह के करीबी रहे नवाबगंज से जिला पंचायत सदस्य अभिषेक सिंह बब्बू सिंह विशेन की अगुवाई में अपने तमाम समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। बताते हैं कि अभिषेक को बीजेपी में शामिल कराने में बब्बू सिंह विशेन की अहम भूमिका है। अभिषेक सिंह के साथ कई जनप्रतिनिधि भी समाजवादी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए हैं। सांसद राजा भैया ने अभिषेक सिंह का स्वागत किया और भरोसा दिलाया कि किसी के भी मान-सम्मान और स्वाभिमान को आंच नहीं आने दी जाएगी।

**वन विभाग ने कार्रवाई के नाम पर किया खेल**

# कटे थे जामुन के हजारों पेड़ करवाई किया सिर्फ 97 पर



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

विगत दिवस 19 अप्रैल 2024 को वन विभाग रेहरा रेंज की एक खबर दैनिक समृद्धि न्यूज़ में प्रकाशित होने के बाद जिसमें रहेगा रेंज के पिपरा बीट के अंतर्गत कल्लू पांडे के फार्म पर जामुन के अवैध काटन को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी बाद में वन विभाग के कर्मचारियों ने संज्ञान लेते हुए क्षेत्र का दौरा किया और अवैध तरीके से काटन कर रहे जामुन के हजारों पेड़ पर कार्रवाई न करके मंत्र 97 पेड़ों पर ही कार्रवाई करके खानापूर्ति करने का काम किया है ऐसे में बात बताने की आवश्यकता है जब इस प्रकरण पर डीएफओ पंकज शुक्ला से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा की वन विभाग ने 97 पेड़ों पर कार्रवाई की है तथा प्राथमिक की भी दर्ज कराई है अब इसके बाद विवेचना अधिकारी का काम है जो उन्हें करना है विदित हो कि जब से जिले में जिला वन अधिकारी पंकज शुक्ला की तैनाती हुई है तब से पेड़ों के अवैध कटान को गति मिल गई है अब यह गति क्यों मिली है इसके बारे में ज्यादा जानकारी प्राप्त नहीं है किंतु जब अधिकारी के संज्ञान में सारी बातें हैं और फिर भी कार्रवाई के नाम पर लीपा पोती हो तो ऐसे में अधिकारी के भी निर्णय पर संदेह होने की आशंका बन जाती है यदि उक्त स्थान पर आज भी जांच की टीम चली जाए तो कई हजार जामुन के पेड़ों के कटे होने का विशेष मिल सकता है यह मामला मनकापुर रेंज के पिपरा बीट के अंतर्गत कल्लू पांडे के फार्म पर जामुन के अवैध कटान की बात बताई जा रही है जहां रेंजर आर के पांडे के संज्ञान में सारी बातें पहले से थी किंतु जब पत्रकार ने उनको वहां का वीडियो दिखाए और उनसे बात किया तो पहले तो उन्होंने कहा कि हां कुछ पेड़ काटे हैं किंतु बाद में जब समाचार प्रकाशित किया गया तब उन्होंने वहां मात्र 97 पेड़ों पर कार्रवाई करके अपना और विभाग का पीट सकता पानी का काम किया है जो बहुत ही हास्यास्पद है।

# स्मार्ट क्लास से संवर रहा परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का भविष्य

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



योगी 2.0 सरकार परिषदीय स्कूलों की तस्वीर बदलने में लगी हुई है। स्कूलों में इंटरनेट की मदद से स्मार्ट क्लास चलाने की योजना को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। इससे शहरों के साथ ही अब ग्रामीण क्षेत्रों के भी नौनिहालों का भविष्य संवर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बाद भारत में डिजिटल इंडिया मुहिम को लोगों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनाया। डिजिटल इंडिया बाजारों में खरीदारी तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि एजुकेशन सेक्टर में भी तेजी से अपनी जगह बनाने में कामयाब हुआ है। आज गांव के परिषदीय विद्यालय हों या शहर के शाइनिंग ग्लास बॉडी से बने हुए मॉडर्न स्कूल। दोनों में ही बच्चों को डिजिटल एजुकेशन से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इससे बच्चे अब ब्लैक बोर्ड की जगह स्मार्ट बोर्ड से अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। बताते हैं कि डिजिटल एजुकेशन की जरुरत का एहसास कोविड महामारी के दौरान हुआ था, जब स्कूल -कॉलेज बंद कर दिए गए थे और छात्र मोबाइल के जरिए ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे थे। जिले के शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में मार्च महीने से स्मार्ट क्लास की शुरूआत हुई है। यहां के बच्चे बताते हैं कि अब वे सभी विषयों की पढ़ाई आसानी से कर लेते हैं। महेशपुर में स्मार्ट क्लास की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल स्वयं संभाल रही हैं। वह बताती हैं कि स्मार्ट क्लास की योजना आने के कारण बच्चों की उपस्थिति पहले से और ज्यादा बढ़ी है। नये शिक्षा सत्र में अब तक 142 बच्चों का दाखिला हो चुका है। स्मार्ट क्लास शुरू होने से परीक्षा में छात्रों को बहुत मदद मिलेगी। वंदना पटेल बताती हैं कि स्मार्ट क्लास से सभी विषयों की पढ़ाई बच्चे कर लेते हैं। वह कहती हैं कि स्मार्ट क्लास से बच्चे डिजिटल माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जहां बच्चों को आधुनिक पद्धति से विषयों की बारीकियों को समझाया जाता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ने के साथ-साथ पढ़-लिखकर आगे बढ़ने में मदद मिलती है।

**स्मार्ट क्लास में बिजली बन रही बाधा**

स्मार्ट क्लास से पढ़ाई को लेकर जहां बच्चों में उत्साह और उमंग दिखाई दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में अंधाधुंध विद्युत कटौती होने से मंसूबे पर पानी फिर रहा है। कहीं बिजली कनेक्शन नहीं है तो कहीं बिजली ही नदारद रहती है। कई स्कूलों में स्मार्ट क्लास चलाने की बात तो दूर, भीषण गर्मी में बच्चे बिना बिजली के बेहाल हैं। आलम यह है कि शिक्षक स्मार्ट क्लास की कक्षाओं के बजाय बच्चों को पेड़ के नीचे पढ़ाने को मजबूर हैं। शिक्षकों को भी काफी जिद्दोजहद करनी पड़ रही है। प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में स्मार्ट क्लास में व्यवधान न उत्पन्न होने पाए, इसके लिए प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल तो बाकायदा इन्वर्टर की व्यवस्था कर रखी हैं।

# चिकित्सकों ने मार्ग दुर्घटना में घायल युवक को किया लखनऊ रेफर

इटियाथोक/ गोण्डा , समृद्धि न्यूज।

बीती रात स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलियानी कानूनगो निवासी एक युवक मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया है।


मिली जानकारी के मुताबिक तेलियानी कानूनगो निवासी पूजाराम (17 वर्ष) पुत्र अजय कुमार बीती रात बाइक पर पड़ोस के अनिल कुमार व झग्गर नाम के दो बच्चों को बिठाकर खरगूपुर रोड से ब?की पंडरी गांव में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। इटियाथोक कस्बे में खरगुपुर मार्ग पर पहुंचते ही सामने से आ रही कार से बाइक टकरा गई और तीनों सवार जमीन पर गिर गए। पीछे की सीट पर बैठे दोनों बच्चों को मामूली चोट आई जबकि चालक पूजाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से गंभीर रूप से घायल पूजाराम को उपचार के लिए इटियाथोक सीएचसी भिजवाया। आधी रात को यहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल गोंडा में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए सोमवार को मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

# शिक्षा विभाग घर-घर पहुंचा रहा मतदान का संदेश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी अपने शत प्रतिशत मतदान के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और वह शत प्रतिशत मतदान को एक स्लोगन तक सीमित रहने नहीं देना चाहती हैं बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए पूर्ण रूप से मैदान में है, अगर देखा जाए तो मतदान को लेकर 5 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला, दौड़ प्रतियोगिताएं पंचायती राज विभाग द्वारा हर ग्राम सभा में अधिकतर संभ्रांत व्यक्तियों को एक साथ स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत गोष्ठी कर शपथ दिलाने का कार्यक्रम ऐसी कई अनूठी पहल करके हर एक व्यक्ति से व्यक्ति तक शहर से गांव तक, अब गांव के हर घर में मतदान जागरूकता को लेकर हर व्यक्ति तक मतदान के प्रति अपनी कर्तव्यनिष्ठा व जिम्मेदारी को बताते हुए उनको जागरूक कर रहे हैं। जागरूकता के क्रम में एक अनूठी पहल भी देखने को मिली, हर ग्राम पंचायत में बने सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रतिदिन बच्चों की कॉपियां चेक करके उसमें मतदान तिथि अंकित मोहर लगाकर उन बच्चों को जागरुक करते हुए बताएंगे कि वह मतदान के महत्व को अपने घर तक पहुंचाएं और अपने घर में 18 साल से ऊपर सभी स्त्री पुरुष मतदान के प्रति अपनी पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। अपने मताधिकार का प्रयोग निष्पक्ष निडर एवं बिना किसी भेदभाव के करें, इस प्रकार शिक्षा विभाग की यह अनूठी पहल से अब शहर ही नहीं बल्कि गांव की हर एक छोटी बड़ी गलियों के रहने वाले हर व्यक्ति तक पहुंच रही है।

**मतदान दिवस तक छात्र-छात्राएं अपने घर पहुंचाएंगे संदेश**



**शिक्षा विभाग ने की अनूठी पहल**

सोमवार को विकासखंड कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत नत्थनपुर मे संचालित कंपोजिट विद्यालय में भी देखने को मिला, जिसमें प्रधानाध्यापक अकील अहमद बच्चों की कॉपियां चेक करते हुए उन पर मतदान तिथि अंकित मोहर लगाकर हर घर बच्चों को मतदान का संदेश पहुंचा रहे हैं, इस पहल से अब घर घर तक पहुँचेगा मतदान का संदेश।

# खबरें एक नजर में

## अचानक लगी आग से गृहस्थी जलकर राख

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** तहसील करनैलगंज अंतर्गत मोहम्मदपुर गड़वार में सोमवार को लगी अचानक आग से लगभग एक दर्जन घरों की गृहस्थी सहित घर में रखे अनाज तथा कीमती सामान जलकर खाक हो गए। आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि उसके आगोश में आकर चार मवेशियों की जलकर मौत हो गई। करनैलगंज तहसील क्षेत्र के मोहम्मदपुर गड़वार गांव में सोमवार की दोपहर अचानक आग लग गई जिससे जगराम, अवधेश, प्रेम यादव, राधे यादव, अर्जुन, चंद्र प्रकाश, सुखराज, अनिल, सुनील, जवाहिर यादव, रजिंदर यादव सहित अन्य लोगों के घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि आग की लपटों के साथ दोपहर में हवा तेज होने के कारण रौद्र रूप धारण कर ली। जब तक दमकल को सूचना लोगों ने दी और फायर ब्रिगेड टीम पहुंची तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग के आगोश में गांव के लगभग एक दर्जन घर आ चुके थे। सोमवार दोपहर में लगी आग का तांडव इतना भीषण था कि गांव में कोहराम मच गया। इस संबंध में उप जिलाधिकारी करनैलगंज भारत भार्गव ने बताया कि सूचना मिली थी। मौके पर राजस्व टीम भेज कर आंकलन करवाया जा रहा है। शीघ्र ही अग्नि पीड़ितों को अहेतुक सहायता प्रदान करा दी जाएगी।

## तीन दिन से गायब युवक की लाश बरामद

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जलालपुर थाना क्षेत्र से तीन दिन से लापता युवक का शव सोमवार को गांव के पास तालाब के किनारे झाड़ियों के पीछे पुलिस ने बरामद किया है। गहरे चोट के निशान से साफ जाहिर होता है कि युवक की हत्या कर लाश को फेका गया है।पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के ममना गांव निवासी सचिन(22) ईट भट्ठा में काम करता था। दो दिन पहले गांव आया था। 26 अप्रैल को अचानक घर से गायब हो गया। परिवारी जनों द्वारा खोजबीन की गयी मगर कोई पता नही चला। गुशशुदकी की रिपोर्ट धाने में दर्ज करायी गयी। बब ग्रामीण सुवह खेतो की तरफ गये तो तालाब के किनारे झाड़ियो के पीछे युवक का शव देखकर सनसनी फैल गयी। पुलिस को जानकारी होते ही मौका मुआवना किया। सीओ सरीला मौके पर पहुचे। गांव के ग्राम प्रधान जितेंद्र ने बताया कि गांव व आसपास के दो दर्जन युवक विच्छू गैंग से जुडे है। मगर क्या हो सकता है यह तो जांच में ही पता चल सकता है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## अभियान चलाकर किए सैकड़ों चालान

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** यातायात पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर चेकिंग देख निकलने चलने वाले वाहनों ने रास्ता मोड़ लिया और यातायात पुलिस से बचते दिखाई दिए। वहीं ट्राफिक इंचार्ज हरविंदर सिंह ने बताया की प्रतिदिन की भांति सोमवार को भी ट्राफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले सैकड़ों वाहनों का चालान किया गया। जिसमें ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, चारपहिया सहित अन्य वाहन शामिल हैं।

# आयोग का है फरमान, वृद्ध हों या दिव्यांग, घर पर कर सकेंगे मतदान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांगजन मतदाताओं तथा कोविड-19 के संदिग्ध या प्रभावित मतदाताओं को वैकल्पिक सुविधा के रूप में पोस्टल बैलट से मतदान कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांगजन मतदाताओं के मतदान हेतु 04 व 05 मई 2024 की तिथियाँ निर्धारित की गयी है। ऐसे मतदाता जो किन्हीं कारणों से 04 मई को मतदान नहीं कर पायेंगे उन्हें 05 मई 2024 को दोबारा मतदान का अवसर मिलेगा।

जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार यदि बुजुर्ग व दिव्यांजन मतदाताओं की बात की जाय तो विधानसभा निर्वाख्न क्षेत्र बलहा में 80 वर्ष से अधिक आयु के 21 व



**मतदान की तिथि 04 व 05 मई 2024 निर्धारित**

दिव्यांगजन कटेगरी के 15 कुल 36 मतदाता चिन्हित हैं। इसी प्रकार नानपारा में 18 बुजुर्ग व दिव्यांग 17 कुल 35, मटेरा में 09 बुजुर्ग व दिव्यांग 08 कुल 17, महसी में 17 बुजुर्ग व दिव्यांग 08 कुल 25, बहराइच में 18 बुजुर्ग व दिव्यांग 13 कुल 31 इस प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अ0जा0) बहराइच में कुल 144 मतदाता जिनमें 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 83 व दिव्यांगजन कैटेगरी के 61 मतदाता है।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत विशेष कैटेगरी के मतदाताओं के मतदान हेतु विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा व नानपारा के लिए 03-03 तथा मटेरा, महसी व बहराइच के लिए 02-03 टीमें बनाई गई हैं। जबकि 02 टीमें रिज़र्व में रहेंगी। जनपद के बुजुर्ग व दिव्यांगजन मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप बैलट मतपत्र की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि प्रत्येक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी स्तर के 02 मतदान कार्मिक तथा 01 माइक्रोआब्ज़र्वर की नियुक्ति की गयी है। साथ ही प्रत्येक दल में 01 वीडियोग्राफर तथा मानक के अनुरूप सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। डीएम ने यह भी बताया कि केडीसी में आयोजित मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के कार्मिकों को पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की जाएगी।

डीएम ने 80 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांगजन मतदाताओं के मतदान हेतु गठित पोलिंग पार्टियों को निर्देश दिया है कि मतदान दिवस 04 व 05 मई 2024 को प्रातः 08:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर पहुँच कर आरओ /एआरओ से मतदान हेतु सामग्री, मतपेटी एवं मतपत्र, वाहन आदि प्राप्त कर प्रत्येक दशा में 09:00 बजे तक मतदान हेतु प्रस्थान कर जायेंगे। गन्तव्य स्थल पर पहुॅच कर बीएलओ से सम्पर्क कर आयोग द्वारा दी गयी व्यवस्था के अनुसार मतदान कराकर तत्सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण करायेंगे।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बढ़ाई सतर्कता



**पुलिस ने हाईवे पर चलाया चेकिंग अभियान**

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने अनावश्यक सामग्रियों की आवाजाही पर रोकथाम के लिए सोमवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ थाना विशेश्वरगंज पुलिस के द्वारा गहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह व सेक्टर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में गोंडा - बहराइच बॉर्डर पर आने जाने वाले दुपहिया व चारपहिया वाहनों की तलाशी की गई। वाहनों में प्रचार सामग्री की जांच की गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बताया कि चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

चेकिंग में उपनिरीक्षक ओमकार यादव, कांस्टेबल मुकेश पाठक, दया शंकर यादव, तथा वीरेंद्र पांडेय, अनिल चौरसिया उपस्थित रहे।



## हाथों में मेंहदी रचाकर छात्राओं ने मतदान के लिए किया जागरूक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद बहराइच में जिलाधिकारी के नेतृत्व में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं वही विकासखंड कैसरगंज के प्राथमिक / उ0प्रा0 विद्यालयों के छात्राओं ने लोकसभा चुनाव में लोगो के जागरुकता हेतु अपने हाथों में स्लोगन %सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है आदि नारों से मेहंदी रचाकर वोटिंग का महत्व को अपने माता -पिता दादा - दादी चाचा- चाची काका- काकी को मतदान के महत्व को समझाने का निर्णय लेते हुए वोट प्रतिशत बढ़ाते हुए लोकतंत्र के महापर्व 20 मई को मतदाताओं को मतदान करने को लेकर जागरूक कर रहें हैं। पहले मतदान, फिर जलपान के तर्ज पर लोग अपने घरों से निकलने की अपील की है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीआईजी ने परखी जिले की सुरक्षा व्यवस्था



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

देवी पाटन मंडल के डीआईजी रविवार रात को जिले के दौरे पर आए। उन्होंने कोतवाली देहात का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। देवी पाटन मंडल के डीआईजी एपी सिंह लोकसभा चुनाव की तैयारियों की जांच के लिए रविवार रात 10 बजे अचानक कोतवाली देहात पहुंच गए। डीआईजी ने कोतवाली पुलिस की उपलब्धता, उपस्थिति पंजिका, बैरक समेत अन्य की जांच की। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र कृटिकल मतदान केंद्रों के बारे में पूछा और चुनाव के लिए की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ली।इस दौरान अपर पुलिस नगर रामानंद कुशवाहा, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, कोतवाल देहात बृजेश कुमार मिश्रा, नगर मनोज कुमार पांडे समेत अन्य मौजूद रहे।


## पुलिस की बुलेट में अचानक लगी आग, बाइक सवार ने कूदकर बचाई जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार दोपहर में पुलिस लिखी बुलेट वाहन में अचानक आग लग गई। चालक ने वाहन से उतरकर मौजूद लोगों की मदद से आग बुझाया। हालांकि बुलेट वाहन लगभग 60 प्रतिशत जल गया।कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के हनुमान मंदिर के निकट नेशनल हाईवे पर बहराइच की ओर से आ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल छोड़कर किसी तरह जान बचाकर भागा।आसपास के नागरिकों ने एकत्रित होकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। तब तक मोटरसाइकिल आधे से अधिक जल चुकी थी। पुलिस लिखी बुलेट किसकी है, अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। गर्मी में मोटरसाइकिल में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी है। जिससे लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

# शराब की दुकान के सामने जमकर हुई मारपीट, वीडियो वायरल

बहराइच समृद्धि न्यूज।

शहर के गल्ला मंडी के आगे स्थित शराब की दुकान के सामने रविवार रात को जमकर मारपीट हुई। एक दूसरे पर बेल्ट से वार किया। लाइव मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरगाह थाना क्षेत्र के गल्ला मंडी से आगे सिंघा परासी में शराब की दुकान स्थित है। इस दुकान पर रविवार रात 9.30 बजे कुछ लोग शराब लेने आए। तभी किसी बात को लेकर मुनीम और शराब खरीदने वाले लोगों से कहासुनी शुरू हो गई। इसी दौरान कुछ अन्य लोग आ गए। दो पक्ष के लोगों में बीच सड़क पर जमकर



मारपीट हुई। लोगों ने एक दूसरे पर बेल्ट से हमला किया। मारपीट का लाइव वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना की जानकारी होते ही दरगाह पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि दो लोगों का मेडिकल कराया गया है। अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पोते के बरही कार्यक्रम में हाथ में दगा गोला




**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के प्रतापपुर तरहर गांव में पोते के बरहा कार्यक्रम में गोला बाबा के हाथ में दग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में ग्रामीण को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रतापुर तरहर गांव निवासी गंगाराम पुत्र राम समुझ की बहू ने बेटे को जन्म दिया था। रविवार को 12 दिन होने पर पोते ज्ञानू बरहा कार्यक्रम था। पोते के बरहा कार्यक्रम की खुशी में बाबा ने स्वयं गोला दगाने लगा। एक गोला गंगाराम के हाथ में दग गया। जिससे उनके हाथ की कलाई जल गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# मतदाताओं के पाले मे पहुंची गेंद, क्या बीजेपी लगा पाएगी कांग्रेस में सेंध

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही पार्टियों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी-अपनी बात रख रही है। अगर हम बात करें रायबरेली लोकसभा की तो अभी तक केवल बीएसपी के प्रत्याशी की घोषणा हो पाई है वही जहां कांग्रेस को सपा का समर्थन प्राप्त है लेकिन अभी तक कांग्रेस पार्टी द्वारा किसी भी प्रत्याशी की घोषणा न करने की वजह से चुनाव बेरंग नजर आ रहा है। और भारतीय जनता पार्टी ने भी अभी प्रत्याशी के नाम पर अपने पत्ते नहीं खोले एक ओर जहां कांग्रेस से सोशल मीडिया एवं सूत्रों द्वारा प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम की चर्चा जोरों पर चल रही है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी से सुबे के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ पूर्व मंत्री एवं विधायक और हाल फिलहाल में भारतीय जनता पार्टी को राज्यसभा में समर्थन करने वाले समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वाले मनोज पांडे की भी चर्चा जोरों पर है। कहने को तो बीएसपी भाजपा और कांग्रेस जीतने के लिए जोर आजमाइश कर रहा है बीएसपी ने जहां अपना कैंडिडेट घोषित कर दिया है तो वहीं कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा अभी तक नहीं हो पाई है।

कहने को तो तीन-तीन पार्टियां चुनाव लड़ने की और लड़ाने की फिराक में है लेकिन अगर बीएसपी की बात की जाए तो जहां बीएसपी अपना जनाधार एक बार फिर पाने की फिराक में है तो वही कांग्रेस लगातार रायबरेली लोकसभा जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा




रही और लगातार मंथन चल रहा है ।तो वहीं भाजपा कांग्रेस का विजयी रथ रायबरेली लोकसभा में रोकने के लिए मीटिंग पर मीटिंग एवं बैठकों का दौरा लगातार जारी है ।अगर हम विधानसभा चुनाव की ओर जाएं तो बछरावां विधानसभा से जहां समाजवादी पार्टी के विधायक हैं तो वहीं सरेनी विधानसभा से भी समाजवादी पार्टी के ही विधायक हैं और हरचंदपुर विधानसभा से भी समाजवादी पार्टी के विधायक हैं ऊंचाहार से मनोज पांडे समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते हैं लेकिन इस समय वह भारतीय जनता पार्टी की गोद में खेल रहे हैं।

सदर से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रही अदिति सिंह ने चुनाव जीता है वही सलोन से भारतीय जनता पार्टी के विधायक हैं। जहां एक ओर विधायकों की गिनती में भाजपा पिछड़ती हुई नजर आ रही है तो वहीं हाल फिलहाल में हुए नगर निकाय के चुनाव में रायबरेली नगर पालिका पर कांग्रेस ने कब्जा किया है। अगर लड़ाई में देखा जाए तो सीधी लड़ाई भाजपा और कांग्रेस की होती हुई दिखाई पड़ रही है कांग्रेस जहां लगातार रायबरेली लोकसभा पर कब्जा जमाए हुए हैं तो वहीं भारती जनता पार्टी इसमें सेंध लगाने की फिराक में है अब देखने वाली बात यह होगी कि आगामी लोकसभा चुनाव में कमल खिलता है या फिर हाथ पर ही मतदाता एक बार फिर से भरोसा करते हैं क्योंकि राजनीतिज्ञो की माने तो अबकी बार रायबरेली का चुनाव कांटे का है और भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिस तरह लगातार लोकसभा क्षेत्र में नेताओं द्वारा जनता से मिला जा रहा है कहीं यह कांग्रेस के ऊपर भारी न पड़ जाए क्योंकि कांग्रेस की सांसद सोनिया गांधी पर रायबरेली ना आने का आरोप लगाता रहा है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी भी कई खेमो में बटी हुई नजर आ रही है और पूर्व में इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा है। अगर कमल खिलाना है तो सभी कार्यकर्ताओं और बीजेपी के नेताओं को एक होकर कांग्रेस का मुकाबला करना पड़ेगा क्योंकि कांग्रेस की प्रत्याशी की घोषणा न होना और सूत्रों द्वारा एवं सोशल मीडिया पर लगातार प्रियंका गांधी का नाम चलना बीजेपी के लिए किसी चुनौती से काम नहीं है अब यह तो आने वाला समय ही बताया कि सेहरा किसके सर सजता है।

### पूर्व के चुनाव में रायबरेली जिले में भाजपा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा

पूर्व के चुनाव में रायबरेली जिले में भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और कार्यकर्ता भी कई खेमो में बटे हुए नजर आए हैं आगामी लोकसभा चुनाव में अगर बीजेपी को जितना है तो कार्यकर्ताओं के साथ नेताओं को भी एक होना पड़ेगा। कांग्रेस की सांसद सोनिया गांधी पर भी लोकसभा क्षेत्र में न आने के आरोप लगते रहे हैं और कार्यकर्ताओं का सक्रिय न होना एवं जनता से जुड़ाव ना रखना आगामी लोकसभा चुनाव में कहीं भारी न पड़ जाए।

## दबंगों ने की गर्भवती की जमकर पिटाई

**गुरबख्शगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिले में दबंगों का आतंक किस तरह बढ़ गया है कि मामूली बात पर हुई मारपीट में गर्भ में पल रहे बच्चे की जान चली गई। जबकि पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है।

मामला गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र सराय डिगोसा गांव का है जहां की रहने वाली बिटाना देवी पत्नी वंशु ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल को करीब 8:00 बजे गांव के ही छविनाथ पुत्र रामपाल शराब के नशे में आकर बेवजह गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध भी किया इतने में ही उसके दोनों पुत्र सचिन और विपिन भी आ गए और उसको लात घुसो लाठी डंडे से जमकर मारा पीटा शोर गुल सुनकर उसकी पुत्री रेनू, पुष्पा व बहू रामावती पत्नी राजेश कुमार बचाने को दौड़ी। तो उसे भी मारा पीटा इस मारपीट में दोनों पुत्रियां और बहू को गंभीर चोटे लगी। जिस पर पुलिस ने 323, 504, 506 आईपीसी में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। मारपीट में सबसे दुखद घटना जो सामने आई उसके अनुसार रामावती के पेट में चार से पांच मां का गर्भ पल रहा था और इस मारपीट में गर्भ में बच्चे की भी मौत हो गई। जिससे आज चिकित्सकों द्वारा गर्भ से बाहर निकाला गया। पीड़ितों का कहना है कि विपक्षी लगातार धमकी भी दे रहे हैं। जबकि इस घटना में उनके घर के सभी लोग घायल भी हैं।

- महिला के गर्भ में पल रहे चार माह के बच्चे की मौत
- पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो भाइयों की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि रिश्तेदार की हालत गंभीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। घटना देर रात की है। रविवार देर रात जगतपुर थाना क्षेत्र के गुरुगुजपुर निवासी रामनिवास अपने भाई रामस्वरूप और रिश्तेदार अकोहरी हरदीटीकर निवासी राजबहादुर के साथ बाइक से निमंत्रण से घर वापस आ रहे थे। तभी भदोखर थाना क्षेत्र के भांव पुलिया के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने चोटिल तीनों लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने रामनिवास और राजबहादुर को मृत घोषित कर दिया, जबकि रामस्वरूप की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उप निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि तेज रफ्तार वहां के कारण हुए हादसे में रामनिवास और राजबहादुर की मौत हो गई है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है, जबकि रामस्वरूप को लखनऊ रेफर किया गया है।

### दो बाइकों की टक्कर में पांच घायल

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोन चौराहे के पास दो बाइक सवारों की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें एक छोटी बच्ची समेत पांच घायल हो गए। आपको बता दें कि, कोतवाली क्षेत्र के पूरे हुल्ली मजरे मोन का रहने वाला संजय कुमार (28) पुत्र राजाराम अपनी पत्नी गुड़िया (25) व (2) वर्षीय पुत्री के साथ अपनी ससुराल ठकुराइन का पुरवा मजरे पहरेमऊ जा रहा था, तभी मोन चौराहा के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर उसकी बाइक से टकरा गई, जिससे पहली बाइक पर सवार पति–पत्नी व छोटी बच्ची तथा दूसरी बाइक पर सवार रामनगर तिलोई जनपद अमेठी के रहने वाले शुभम सिंह (24) पुत्र लालजीत सिंह, उदय राज सिंह (22) घायल हो गए ।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 से सभी घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां डाक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि, तहरीर मिलने पर जांच कराई जाएगी।

### रिहायशी मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर के एक मोहल्ला स्थित एक रिहायशी मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई जहां रखा तमाम सामान जलकर खाक हो गया तो वहीं आग ने 1 लाख रूपये से अधिक की नगदी तथा 13 क्विंटल गेहूं समेत 5 क्विंटल सरसों को भी अपनी चपेट में लिया है। इस आग से हुई क्षति से परिवार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं तथा साल भर के खाने पीने की व्यवस्था भी राम भरोसे हो गई है।



नगर के सिचौली पुरवा निवासी अजीम खांन पुत्र निजाम खांन ने बताया कि रविवार की रात जब वह अपने घर के बाहर सो रहा था तभी अज्ञात कारणों से उसके रिहायशी मकान में आग लग गई जिससे उसके घर में रखा 13 क्विंटल गेहूं तथा 5 क्विंटल सरसों समेत एक लाख दस हजार रूपये जलकर खाक हो गया। वहीं इस आगजनी से परिवार के भरण–पोषण के लिए रखा अनाज जल जाने से परिवार के ऊपर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। अजीम खांन ने बताया कि उसने कुछ खेत लगान पर लिया था जिससे उपजी फसल को बेचकर उसने 60 हजार रूपये इकट्ठा किये थे तथा बाहर रहकर कमा रहे उसके लड़के ने बहन की शादी के लिए 50 हजार रूपये भेजे थे जो कि पूरी तरह से जल चुके हैं। वहीं अज्ञात कारणों से लगी आग के पीछे पीड़ित ने किसी से दुश्मनी न होने की भी बात बताई है उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर मुआयना किया गया है तथा जो भी आवश्यक क्रिया कलाप होंगे उन पर प्रशासनिक मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### चोरों ने सूने घर से उड़ाई लाखों के जेवरात व नकदी

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** राठ कस्वा निवासी फौजी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात सहित 15 हजार रुपए की नगदी पार कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।उरई रोड दीवानपुरा मोहल्ला निवासी सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह फौज में कार्यरत है। अतरौली धंगवा गांव स्थित ससुराल में बड़े ससुर के निधन के बाद शुक्रवार को त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर आया था। परिवार सहित घर का ताला डालकर चला गया था। अगली सुबह शनिवार को जब वह घर लौटा तो घर के अंदर गैलरी और कमरे का ताला टूटा दिखाई दिए। चोरो ने लाखों के जेवरात व नकदी पार कर दी पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### बकाया पैसा मांगने पर युवक पर जानलेवा हमला

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बारासगवर थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रैक्टर से जुताई का बकाया पैसा मांगने पर बकायेदारों ने धारदार हथियारो से हमला कर घायल कर दिया। युवक ने थाना बारासगवर में जाकर शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की बात कही है। थाना बारासगवर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्दरपुर निवासी विजय शंकर पुत्र शिव मोहन ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके चचेरे भाई श्याम बाबू ने गांव के ही बहादुर पुत्र मझ्या निवासी ग्राम सेडूपुर का खेत अपने टैक्टर से जोता था और जुताई का पैसा बहादुर ने बाद में देने के लिए कहा था। लगभग तीन महीना बीत जाने के बाद भी पैसा न मिलने पर कल रविवार शाम को जब विजय शंकर, बहादुर के दरवाजे पर पैसा लेने पहुँचा तो बहादुर व बहादुर का लड़का मनीष गाली–गलौज व मारपीट करने लगे। रात को जब मैं गंगा किनारे अपने खेत मे सो रहा था, तभी लगभग 2 बजे रात बहादुर व मनीष धारदार हथियार लेकर आये और गाली देते हुये हमला कर घायल कर दिया। इस विषय में बारा सगवर थाना प्रभारी अखिलेश तिवारी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि तहरीर व मेडिकल के आधार पर आरोपियों के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही चालू कर दी गयी है।

## लेनदेन को लेकर ढाबा संचालक और ग्राहक के बीच हुआ विवाद, एफआईआर दर्ज

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ढाबे पर खाना खाने के बाद लेनदेन को लेकर हुए विवाद में डलमऊ पुलिस ने दोनों पक्षों से मुकदमा दर्ज कर लिया है शनिवार देर शाम को कटघर के पास स्थित फौजी ढाबा पर खाना खाने के बाद विवाद हो गया ढाबा संचालक नागेंद्र प्रताप सिंह का आरोप है कि अंकुर यादव सत्यम अपने दो अन्य साथियों के साथ ढाबे पर खाना खाने के लिए आए खाना खाने के बाद पैसे देने में आनाकानी कर रहे थे जिसको लेकर विवाद हो गया संचालक का आरोप है कि गले में रखे हुए पैसे भी छीन लिए मारपीट में दोनों पक्षों से लोग चोटिल भी हो गए वही खाना खाने आए अंकुर यादव सत्यम का आरोप है कि ढाबा संचालक द्वारा पैसे अधिक लिए जा रहे थे जिसको लेकर विवाद हुआ और ढाबा संचालक के द्वारा उनकी पिटाई की गई रात में हुए विवाद के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले गई वहीं पर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि ढाबे पर खाना खाने के बाद संचालक व ग्राहक के बीच विवाद हुआ था जिसको लेकर दोनों पक्षों से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## लुप्त हो चुकी प्रथा को किया जीवंत

- पालकी में बिठाकर हुई दुल्हन की विदाई

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

चलो रे डोली उठाओ कहार... वक्त के साथ डोली का चलन खतम हुआ तो दिल को छू लेने वाला यह मीठा साथ गीत भी डीजे के शोर में खो गया। लेकिन सोमवार को शदियों पुरानी परम्परा को एक फिर से लोगों ने जीवंत होते देखा। लग्जरी गाड़ियों को छोड़ पालकी में दूल्हा-दुल्हन का जोड़ा सवार होकर निकला तो देखने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा।

कहारों के कंधे पर इतराती डोली में बैठे नव विवाहित जोड़े को देखने के लिए पूरे कस्बे के लोग जुट गए। यह नजारा सोमवार को रायबरेली के परशदेपुर कस्बे का था। यहां एक परिवार ने अपनी बेटी की विदाई के लिए पालकी की व्यवस्था की थी। परिवार के मुखिया ने बताया कि वो अपनी बेटी के ब्याह को यादगार बनाने चाहते थे इसलिए डोली और कहार के साथ बिटिया को विदा करने का इंतजाम किया था। रायबरेली के परशदेपुर कस्बा निवासी दयाशंकर कौशल की बेटी आकांक्षा का विवाह वहीं के रहने वाले गुलाब चंद्र वैश्य के बेटे अमन से हुआ। रविवार को अमन की बारात आई थी। अमन और आकांक्षा अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए कुछ अलग करना चाहते थे। शादी की बाकी तैयारियों के साथ काफी समय तक दोनों परिवारों में इसपर विचार-विमर्श हुआ। आखिर में डोली में विदाई वाला आइडिया आया जो सबको भा गया। इसके बाद सोमवार को दोनों डोली में बैठकर विदा हुए तो कस्बे के लोग सेल्फी लेने में जुटे रहे।



### विलुप्त होती परम्परा को जीवंत करना भी था मकसद

गुलाब चंद्र ने बताया कि आधुनिकता के युग में जब युवा हेलीकॉप्टर से बारात जाने का सपना देखते हैं ऐसे में उनके बेटे और बहू का विचार दोनों परिवार के दिल को छू गया। दोनों का कहना था कि हमारी पुरानी परम्पराएं खोती जा रही हैं इसीलिए जीवन में दिक्कतें बढ़ रही हैं। दोनों अपने नए जीवन की शुरूआत अपनी संस्कृति और परम्पराओं के साथ करना चाहते थे। उनका कहना है कि युवा पीढ़ी ऐसी ही सोच के साथ आगे बढ़े तो जिंदगी की तमाम समस्याएं खुद दूर हो जाएंगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी ने रविवार को आम जनमानस को जागरुक करने के लिए डोर टू डोर कैंपेन किया और सभी से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी द्वारा रायबरेली की जनता को भेजे गए पत्र एवं हाथ बदलेगा हालत न्याय पत्र लोगों को वितरित किया जिसमें 25 गारंटी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का दावा किया गया है।

पत्र में हिस्सेदारी न्याय युवा न्याय किस न्याय नई न्याय श्रमिक न्याय आदि मुद्दों को प्रमुखता से दर्शाते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई डोर टू डोर जनसंपर्क कार्यक्रम में मुराई बाग कस्बे के आदर्श नगर शंकर नगर मियां टोला कृष्णा नगर आदि मोहल्ला सहित अन्य मोहल्ले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से डलमऊ तृतीय से जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



इस दौरान श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर वर्ग को साथ लेकर चलती है। देश के नौजवानों को 6 महीने के अंदर रिक्त पड़े 30 लाख पदों की भर्ती का कैलेंडर भी जारी कर दिया गया है।कांग्रेस की घोषणा पत्र में पूरे देश के किसानों नौजवानों महिलाओं एवं श्रमिकों को न्याय दिलाने की गारंटी दी गई है।कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित मौर्य, न्याय पंचायत अध्यक्ष एस बी मौर्य, सभासद प्रतिनिधि रितिक जायसवाल, शितांशु मौर्य, अभिषेक मौर्य, साक्षर पटेल, प्रदीप कुमार, शिवेंद्र कुमार, शिव यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ गायब, जांच में जुटी पुलिस

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में 50वर्षीय अधेड़ गायब हो गया है जिसकी सूचना परिजनों द्वारा स्थानीय थाने बछरावां में दी गई है। जानकारी के अनुसार दिवाकर पुत्र ओमप्रकाश उम्र 50 निवासी इसिया थाना बछरावां घर से बिना कुछ बताए हुए अचानक गायब हो गए हैं। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन दिवाकर का कहीं पता नहीं चल सका ।पत्नी रेनू द्वारा स्थानीय थाने में तहरीर देकर जांच कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्यवाही की जा रही है।



## बेहतर कार्य करने वाले अभिकर्ता सम्मानित



**लालगंज /रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के एलआइसी मिनी कार्यालय मे भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे भारतीय जीवन बीमा निगम में बेहतरीन कार्य करने वाले कुछ अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया जिसमे पूनम कुशवाहा , गया प्रसाद कुशवाहा, कृष्ण कुमार, महेश कुमार, रोहित, शैलेंद्र आदि इस अवसर पर प्रबंधक चंदन सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि एलआईसी से हमें एक ओर जहां पर सुरक्षा प्राप्त होती है वहीं पर बचत के साथ आकर्षक रिटर्न भी मिलता है एलआईसी हमेशा नई-नई पॉलिसी ग्राहकों के लिए देती रहती है उन्होंने कहा कि बीमा व्यवसाय रोजगार के साथ-साथ जन सेवा का भी कार्य है इस अवसर पर चीफ एडवाइजर मनोज कुमार कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए व अभिकर्ताओं के हितों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपेंद्र कुमार रामानंद रामबाबू मनीष कुमार आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## महिला चिकित्सक ने दी थाने में तहरीर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड बछरावां के कुर्री सुदौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला चिकित्साधिकारी की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के सचिव से करना युवक को महंगा पड़ गया है। बताते चले की कुर्री सुदौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्स युवक को दवा लेना महंगा पड़ गया है, जिसकी शिकायत महिला चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्री सुदौली शिल्पी सिंह द्वारा बछरावां थाने में तहरीर देकर की गई है। बताते चले युवक वीरेंद्र कुमार द्वारा दोपहर दिनांक 27 अप्रैल 2024 को समय लगभग 12:00 के आसपास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा न मिलने से बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मोबाइल पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर



वायरल करने के से नाराज चिकित्साधिकारी द्वारा युवक की शिकायत की गई है। जिस पर महिला डॉक्टर द्वारा बताया गया है कि वीरेंद्र कुमार द्वारा मुझसे अभद्रता की गई है, जबकि युवक वीरेंद्र कुमार द्वारा बताया गया है कि दवा लेने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गया था जहां पर महिला डॉक्टर ने दवा देने के बजाय अभद्रता की गई थी। जिसकी शिकायत स्वास्थ्य सचिव से की गई थी जिससे नाराज होकर महिला डॉक्टर द्वारा झूठी शिकायत की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा घटना की जांच की जा रही है और विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भवानी खेड़ा पोस्ट पश्चिम गांव के रहने वाले विनोद पासी के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गईद्य आग लगने के कारण घर में रखा खाने पीने का सामान एवं विनोद का आशियाना जलकर राख हो गया। घंटो कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पीड़ित विनोद पासी ने बताया कि घर में रखा खाने-पीने का सामान एवं अनाज सहित अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर खाक हो गई है।

## नगर पंचायत के तेज तर्रार सभासद को बनाया गया ब्रांड एंबेसडर

- सामाजिक कार्यों में सहभागिता एवं स्वच्छता पर विशेष योगदान के लिए मिली उपलब्धि

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत बछरावां के तेज तर्रार सभासद एवं सदैव सामाजिक सेवा के द्वारा क्षेत्र ही नहीं अपितु जनपद में चर्चा का विषय बने रहने वाले बछरावां नगर पंचायत के वार्ड नंबर 08 चंद्रिका नगर के सभासद कुंवर वीरभान सिंह को नगर पंचायत बछरावां में किया जा रहे समाज सेवा एवं स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता में दिए जा रहे योगदान को दृष्टिगत रखते हुए अवैतनिक (वोकल फॉर लोकल) के तहत ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया हैद्य इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी की मौजूदगी में उन्हें ब्रांड एंबेसडर का प्रमाण पत्र दिया गयाद्य इस मौके पर आदित्य शास्त्री, डीपीएम आरिफ खान, सभासद सतीश तिवारी, ज्ञान चौधरी, राजकुमार सोनी, मोहम्मद नदीम, मन्नू गुप्ता, बालकृष्ण पांडे, आशीष चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, सोनू सोनकर, मनसू, कितेंद्र कुमार एवं नगर पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा उपस्थित रहे। कुंवर वीरभान सिंह की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य जन उन्हें बधाई दे रहे हैं।

## नफरत की राजनीति करती है भाजपा : सुरेश पटेल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

- रायबरेली में सम्पूर्ण विकास कार्य समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ

समाजवादी युवजन सभा रायबरेली की एक बैठक पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट, रायबरेली में आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र पटेल ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने कहा कि रायबरेली में सम्पूर्ण विकास कार्य समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ। श्री यादव ने कहा कि इस बार समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबन्धन रायबरेली लोकसभा सीट पर भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र पटेल ने कहा कि भाजपा सिर्फ नफरत की राजनीति करती है और यही समाजवादी लोग इण्डिया गठबन्धन के साथ मिलकर नफरत की राजनीति को खत्म करने का काम करेंगे। साथ ही साथ श्री पटेल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित करते हुए संगठन को मजबूत करते हुए बूथ स्तर तक पहुँचाने का आवाहन किया।

बैठक को समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्या, जिला सचिव, सतगुरू पासवान, शिवबरन यादव, युवजन सभा के जिला महासचिव घनश्याम यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवम अटरा, कुलदीप यादव, आनन्द, जफर इकबाल, कमलेश पटेल, कोषाध्यक्ष आशाराम पटेल, जितेन्द्र यादव आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

## आग लगने से डेढ़ सौ बीघा पराली जलकर राख

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात कारणों से दो अलग-अलग स्थान पर किसानों के खेतों में आग लग गई, जिसमें लगभग लगभग डेढ़ सौ बीघे गेहूं की पराली जलकर राख हो गई।

बताते हैं कि, आग प्रचंड रूप धारण कर गांव के अंदर प्रवेश कर चुकी थी, जिससे एक व्यक्ति के छप्पर को भी अपने आगोश में ले लिया और छप्पर समेत नीचे रखी बेस कीमती लकड़ियां भी जलकर



राख हो गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। वहीं दूसरी तरफ खबर लिखे जाने तक किसानों के खेतों में आग अभी भी लगी हुई है, जिसमें भूसा समेत गेहूं की पराली धू-धू कर जल रही है। घटना सोमवार दोपहर की है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे कनपुरिया, चोप सिंह, बेडसरी और शिवराम कोहली मजरे सिकंदरपुर गांव में अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गई। इन चारों गांव की परिधि में लगभग डेढ़ सौ बीघे में खड़ी गेहूं की नरई जलकर नष्ट हो गई। आज के प्रचंड रूप ने पूरे कनपुरिया मजरे सिकंदरपुर गांव निवासी रामनारायण पुत्र बृजमोहन के घर को भी अपने आगोश में ले लिया और घर के बाहर रखा छप्पर धू-धू कर जलने लगा, जिसके नीचे रखी बेश कीमती लड़कियां भी जल गई।ग्राम प्रधान डब्बू सिंह की सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ग्राम प्रधान ने यह भी बताया कि, इसके अलावा आग मूंग ताल में अभी भी किसानों के खेतों में लगी हुई है। जहां लगभग 100 बीघा गेहूं की पराली और खेतों में लगा भूसा जलकर नष्ट हो चुका है। आग टीसा खानापुर की तरफ से लगी है और मूंग ताल की तरफ बढ़ती चली आ रही है।मामले में एसडीएम महराजगंज राजित राम गुप्ता ने बताया कि, आगजनी की घटना संज्ञान में आते ही हल्का लेखपाल को मौके पर क्षति आकलन के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट प्रस्तुत होने के बाद किसानों को मिलने वाली सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## असमंजस में कांग्रेस

कांग्रेस अमेठी और रायबरेली को लेकर असमंजस में है। अपनी परम्परागत सीट पर अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। अमेठी और रायबरेली को लेकर मंथन जारी है। कहा यह जा रहा है कि यहां पांचवें चरण में वोटिंग होगी इसलिए पर्याप्त समय है। लेकिन सम्भवतः सच यह है कि अभी राहुल गांधी एवं प्रियंका खुद तय नहीं कर पाए हैं कि उन्हें चुनावी मैदान में उतरना है या नहीं। फिलहाल दिखावे के लिए यह फैसला पार्टी अध्यक्ष खड़गे पर छोड़ दिया गया है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी और प्रियंका रायबरेली और अमेठी से चुनाव लड़ें। कार्यकर्ताओं की मांग जायज भी है, लेकिन पार्टी राहुल और प्रियंका को उम्मीदवार बनाने में डर क्यों रही है, यह समझ से परे है। उन्हें क्या हार का डर भयभीत कर रहा या फिर वे चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसा नहीं है तो उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित करना चाहिए। कहा जाता है कि कांग्रेस में संगठन या फिर गांधी परिवार का फैसला सर्वमान्य होता है। मुझे तो ऐसा नहीं लगता क्योंकि अगर बात पार्टी स्तर पर होती तो अब तक फैसला हो गया होता। लेकिन मुझे लगता है इसमें राहुल और प्रियंका गांधी का निजी निर्णय है जिसकी वजह से पार्टी फैसला नहीं ले पा रही है। क्योंकि प्रियंका गांधी ने कई बार संकेत दिया है वह चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। लेकिन वर्तमान समय में जो स्थिति है वह कांग्रेस के लिए बेहद चुनौती पूर्ण है। लेकिन अमेठी और रायबरेली के लिए यह स्थित हम गांधी परिवार के लिए कम से कम चुनौती पूर्ण नहीं मानते हैं। क्योंकि अभी तक वहां से सोनिया गांधी संसद पहुंचती रहीं हैं। जहां तक मेरा मानना है राहुल और प्रियंका गांधी को निश्चित रूप से अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस के लिए हार-जीत के मायने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण अमेठी और रायबरेली की जनता का सम्मान है। क्योंकि दोनों अहम सीट गांधी परिवार की परंपरागत विरासत रही हैं। यह अलग बात है कि अमेठी से भाजपा की स्मृति ईरानी चुनाव जीतने में सफल रहीं हैं। कांग्रेस राजनीति के संक्रमण काल से गुजर रही है लेकिन गांधी परिवार की अहमियत कांग्रेस और देश के लिए उतनी ही अहम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने सियासी हमले के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को चुनते हैं। भाजपा को अच्छी तरह मालूम है कि उसका विकल्प कांग्रेस ही है। उसी तरह राजनीति में यह भी सच है कि जब तक कांग्रेस है तब तक गांधी परिवार के अस्तित्व को मिटाया नहीं जा सकता है। क्योंकि गांधी परिवार ने देश, कांग्रेस और राजनीति के लिए जो योगदान दिया है देश की जनता में कहीं ना कहीं से उसके लिए सुरक्षित कोना महफूज है। सियासी आलोचनाओं की बात दीगर है। क्योंकि राजनीति एक ऐसा विषय है जिसमें विरोधी के लिए समालोचना का स्थान नहीं होता। दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। उत्तर प्रदेश में अगर गांधी परिवार की उपस्थिति शून्य है तो यह राजनीति के विश्लेषण का विषय है। लोकतंत्र में जय-पराजय का खेल कोई मायने नहीं रखता है। क्योंकि यह फैसला जनता के हाथ में होता है। यह वही रायबरेली और अमेठी है जहां से इंदिरा गांधी को भी चुनाव हारना पड़ा। कांग्रेस विरोधी लहर में राजनारायण, जनता पार्टी से इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव जीत गए। राहुल गांधी के खिलाफ स्मृति ईरानी जीत गईं।

# वैश्विक ऊंचाई पर खिलौना कारोबार

**डा. जयंतीलाल भंडारी**



**खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। बीआईएस मानक चिन्ह वाले खिलौनों के निर्माण के लिए बीआईएस ने घरेलू निर्माताओं को 1200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किए हैं। सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है। 2014 से 2020 तक 6 वर्षों की अवधि में सरकार के समर्पित प्रयासों से विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गई है, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान में एमएसएमई मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है।**

अधिकांश भारतीय खिलौने ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर उपलब्ध कराए जाने चाहिएं, ताकि घरेलू खिलौनों की बिक्री को और बढ़ाया जा सके। यह भी जरूरी है कि सरकार के द्वारा प्रस्तावित की गई पारंपरिक और यांत्रिक खिलौनों दोनों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शीघ्र शुरू की जाए। देश में सुगठित खिलौना प्रशिक्षण और डिजाइन संस्थान की स्थापना को मूर्तरूप देना होगा हाल ही में केंद्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई तथा आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।

निःसंदेह इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान से भारत का खिलौना उद्योग वैश्विक ऊंचाई पर है। स्थिति यह है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है। गौरतलब है कि चीन से खिलौनों की खरीददारी करने वाले कई खरीददार अब तेजी से भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं हैं कि दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीददारी होती थी। लेकिन मेक इन इंडिया के कारण कई बड़ी-बड़ी खिलौना कंपनियों ने भारत में खास तौर से दिल्ली में अपना आधार तैयार किया है, जो आज अंतरराष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौनों के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं। साथ ही खिलौनों के लिए विश्व प्रसिद्ध इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि खिलौनों के लिए अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रही हैं।

अब वह समय बीत गया है कि जब पांच-छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए बहुत कुछ दूसरे देशों पर निर्भर था और भारत में 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किए जाते थे। साथ ही लगातार विभिन्न सर्वेक्षणों में कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो-तिहाई खिलौने असुरक्षित थे। चीनी खिलौने में सीसा, कैडमियम और बेरियम के असुरक्षित तत्व पाए गए थे। अब भारत से खिलौनों के तेजी से बढ़ते हुए निर्यात और घटते हुए आयात का नया लाभप्रद अध्याय भी रेखांकित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय देश और दुनिया में भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता रेखांकित हो रही है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। इस समय चारों ओर भारत के सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खिलौना उद्योग का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। साथ ही भारत का खिलौना निर्यात पांच-छह वर्षों में तेजी से बढ़कर 2600 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, आस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1.5 अरब डॉलर का है जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी मात्र है, लेकिन जिस तरह भारत में खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे खिलौना उद्योग छलांगे लगाकर बढ़ते हुए इसी वर्ष 2024 में 3 अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की संभावनाएं रखता है। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि देश और दुनिया में भारतीय खिलौना बाजार को ऊंचाई मिलने के कई कारण हैं। इसमें कोई मत नहीं है कि 'मन की बात' के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार देश के लोगों को स्वदेशी भारतीय खिलौनों को खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग को सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की। खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। बीआईएस मानक चिन्ह वाले खिलौनों के निर्माण के लिए बीआईएस ने घरेलू निर्माताओं को 1200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किए हैं। सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है। 2014 से 2020 तक 6 वर्षों की अवधि में सरकार के समर्पित प्रयासों से विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गई है, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान में एमएसएमई मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है, और वस्त्र मंत्रालय 13 खिलौना उत्पादन केंद्रों को खिलौनों का डिजाइनिंग तैयार करने और जरूरी साधन मुहैया कराने में मदद कर रहा है। स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रचार पहल भी की गई हैं, जिनमें दि इंडियन टॉय फेयर 2021, टॉयकैथॉन आदि शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने घटिया स्तर के खिलौनों के आयात पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक आयात खेप का नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014-15 के बाद से लगातार वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट तक में सरकार ने खिलौना उद्योग के विकास के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन और समर्थन देने की रणनीतिक पहल की है। सरकार ने खिलौना उद्योग को देश के 24 प्रमुख सेक्टर में स्थान दिया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारतीय खिलौनों को वैश्विक खिलौना बाजार में बड़ी भूमिका निभाने हेतु खिलौना उद्यमियों को प्रेरित किया गया है। निश्चित रूप से मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत सरकार की नीतिगत पहलों के साथ-साथ घरेलू निर्माताओं के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यद्यपि देश का खिलौना उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी देश के खिलौना सेक्टर को चमकीली ऊंचाई देने के लिए खिलौना क्षेत्र के तहत एक लम्बे समय से चली आ रही कई बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। भारतीय खिलौना उद्योग में विकास को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कार्ययोजना की जरूरत है।

## विचार

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं।**

सोशल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वोही आएगा जो अधिक ग्लेमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है।

सोशल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफ तौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।

तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं।

अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सेल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्माटफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टेब, कम्प्यूटर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है।

ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है। आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है।


## लोस चुनाव लड़ने की शैक्षिक योग्यता, उम्र सीमा का निर्धारण जरूरी

**डॉ. अजय कुमार मिश्रा**

राजनीति एक समाज सेवा का विषय परम्परागत तरीके से स्वीकार्य है, जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि अधिकांश लोग इस क्षेत्र में समाज सेवा को कम महत्व निजी स्वार्थ और व्यक्तिगत सेवा को अधिक महत्व देते है। यही वजह है की वास्तविक और सच्चे नेता जो आम लोगों के दिलों पर राज करें वह चुनिन्दा रहे है। उनके रहने और न रहने पर भी सभी के दिल में बिना सशर्त प्यार और समर्थन रहता है। यदि गहराई से विचार और विमर्श किया जाय तो यह एक ऐसा विषय है जिसमे लोगों का चुनाव आवश्यकता और योग्यता पर शायद ही हो रहा हो।

यहाँ वह व्यक्ति चुनाव जीतता है जो सर्वरूप में प्रभावशाली हो। आम आदमी आजादी के दशकों बाद भी अभी तक इन चुनावों की आवश्यकता और महत्व को नहीं समझ पाया है इसीलिए अधिकांश मामलों में योग्य व्यक्ति का चुनाव नहीं ही होता है। हद तो तब हो जाती है जबकि ऐसे लोग एक दो नहीं बल्कि लगातार चुनाव जीत कर पूरे सिस्टम की आवश्यकता को दिन प्रतिदिन दर किनार करते रहते है। लोकतंत्र देश के लिए जहां अति महत्वपूर्ण है वहीं चुना जाने वाला व्यक्ति कई ऐसी संभावनाओं पर चुना जा रहा जो लोकतंत्र के लिए अप्रत्यक्ष रूप से नुकसानदायक है। क्या किसी को सिर्फ इसलिए बार-बार चुना जाना चाहिए जो पुरे सिस्टम पर नियंत्रण करके चुनाव जीतने के उद्देश्य से ही दिन रात लगा हो ?

देश में लोकसभा चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष है जबकि शैक्षिक योग्यता की कोई अनिवार्यता नहीं है और यह देश का सबसे बड़ा चुनाव है जिसका असर आम आदमी के साथ महत्वपूर्ण नियमो पर भी पड़ता है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हित इसी से सुरक्षित होते है । उद्देश्यपूरक कार्य करने की वजह अब राजनैतिक दल सत्ता में आने और बने रहने से सम्बंधित कार्य ही कर रहें है और एक दो नहीं बल्कि अनेकों ऐसी आवश्यकता है जिन पर प्रतिबद्ध होकर कार्य किया जाना चाहिए और नहीं कर रहें है जिसका खामियाजा आम आदमी उठा रहा है। ऐसे में यह अति महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्यों न लोक सभा चुनाव लड़ने की अधिकतम सीमा और एक व्यक्ति अधिकतम कितनी बार चुनाव लड़ सकता है का निर्धारण शैक्षिक योग्यता की अनिवार्यता के साथ किया जाए। इससे न केवल सिस्टम में पारदर्शिता आयेगी बल्कि प्रत्येक चुना हुआ व्यक्ति बाध्य होगा आवश्यक कार्य करने को लगातार सत्ता में बने रहने का जोड़-तोड़ करने और अपना एकाधिकार समझने वाले व्यक्ति की अपेक्षा सभी को सामान अवसर भी प्राप्त होगा। यह उचित और न्याय संगत भी होगा की लोक सभा चुनाव लड़ने की अधिकतम उम्र सीमा 60 वर्ष होनी चाहिए और एक व्यक्ति को अधिकतम पांच बार चुनाव जीतने तक लड़ने देना चाहिए, साथ ही यह भी जरुरी है की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता ग्रेजुएशन अवश्य होनी चाहिए। यह मानक इसलिए भी जरुरी है की आम आदमी की बेहतरी के लिए एक बड़ा कार्य हो सकें। आजादी के बाद से लेकर अब तक यदि मूल्यांकन किया जाए तो अभी भी कुल आबादी का महत्वपूर्ण हिस्सा अभी भी जमीनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लड़ रहा है । बाजारवाद और आर्थिक युग ने सबके जेब पर डांका डाल रखा है। विकसित और विकाशसील दोनों की यात्रा में नागरिक ही महत्वपूर्ण है यदि उन्हें विशेष स्थान नहीं दिया जायेगा तो बड़ी बिल्डिंग, चौड़े रोड, चमकदार लाइट का कोई मतलब नहीं है। वर्तमान राजनैतिक परिवेश और चल रहें चुनावी महायुद्ध को देखें तो चारों तरफ अत्यधिक विषमतायें देखने को मिल रही है। जनता पुराना चेहरा देखकर जहाँ उब गयी है वही आधी से अधिक जीवन की यात्रा तय कर चुके लोग अपने को युवा बोल रहें है। कुछ लोगों ने इस क्षेत्र को इतना अधिक नियंत्रित कर दिया है की आम आदमी और वास्तविक समाजसेवा की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए कुछ बचा नहीं है। जनता को इस तरह से भ्रमित किया जा रहा है की ब्रांडेड पार्टियों के अलावा अन्य कोई विकल्प दिखाई भी नहीं दे रहा है। ऐसे में देशहित और राष्ट्रनिर्माण के लिए यह वर्तमान महत्वपूर्ण जरूरत है की लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और अधिकतम उम्र सीमा का निर्धारण किया जाय, जिससे सही मायने में आम आदमी को भी समान अवसर मिल सकें और वास्तविक जरूरतों की पूर्ति हो सकें।



## राशिफल

**मेषः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**बृषभ :-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन :-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्क :-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्याः-** मन ढेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# ईरान-इजराइल संघर्ष और भारतीय अर्थव्यवस्था

**डॉ. अनिल कुमार निगम**



**उल्लेखनीय है कि ईरान लेबनान में हिजबुल्ला, यमन में हूती और फिलिस्तीन में हमास आतंकी संगठनों को समर्थन देता है और समय-समय पर वह उनकी मदद भी लेता है। ऐसी स्थिति में ईरान इन संगठनों की मदद फारस खाड़ी से खुले महासागर में जाने वाले एक मात्र समुद्री स्ट्रेट को बाधित कर सकता है। और अगर ऐसा होता है तो वैश्विक स्तर पर व्यापारिक आवागमन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ना भी तय है। इस बात में सोलह आने सत्यता है कि विगत दस वर्षों से इजराइल के साथ भारत के काफी घनिष्ठ संबंध रहे हैं। इजराइल भारत को आतंकवाद के खिलाफ सहयोग देता रहा है। भारत इजराइल से रक्षा उपकरणों की भी आपूर्ति लेता रहा है। इजराइल भारत का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक दोस्त है। इजराइल में लगभग 20 हजार भारतीय रहते हैं। वहां पर साफ्टवेयर प्रोफेशनल्स, हीरा व्यापारी, स्टूडेंट्स और मजदूर रहते हैं। जब हमास से संघर्ष के बाद इजराइल ने फिलिस्तीनियों के अपने देश में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया तो भारत ने अनेक भारतीय यहां से भेजे जो इजराइल में बुजुर्गों की देखभाल कर रहे हैं।**

□ या आप जानते हैं कि ईरान और इजराइल के बीच होने वाले संघर्ष सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ने वाला है। अगर इन दोनों देशों के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है तो डॉलर में मजबूती आएगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा। इससे विश्व में तो मुद्रास्फीति बढ़ेगी लेकिन भारत में न केवल महंगाई बहुत अधिक बढ़ जाएगी बल्कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

दरअसल, पश्चिम एशिया में तनाव तो उसी समय बढ़ गया था जब हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था। उसके बाद इजराइल ने गाजा पटटी पर हमास ने तबाड़तोड़ हमले किए। लेकिन जिस तरीके से इजराइल ने 1 अप्रैल 2024 को सीरिया स्थित ईरान के दूतावास पर हमला किया, उससे पश्चिम एशिया में तनाव गहरा गया । ईरान ने इसकी प्रतिक्रिया इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से सीधा हमला कर दिया। उसके बाद इजराइल ने ईरान पर जवाबी हमला किया। इस संघर्ष के चलते पश्चिम एशिया में तो जबरदस्त तनाव तो है लेकिन इस संघर्ष का असर भारत सहित संपूर्ण विश्व पर पड़ना तय है। हम यह भलीभांति जानते हैं कि आज अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन जैसे देश अपने हथियारों के व्यापार को चमकाने के लिए किसी न किसी के साथ खड़े हैं। इन देशों की विदेश और रक्षा नीति में यह रणनीति और मंशा होती है कि विश्व में कहीं न कहीं युद्ध चलता रहने चाहिए ताकि उनके हथियारों की आपूर्ति ऐसे देशों में होती रहे और उनके देश की अर्थव्यवस्था सशक्त बनी रहे। इजराइल व ईरान के बीच युद्ध का इन दोनों देशों पर तो विपरीत असर पड़ेगा लेकिन इन दोनों देशों के बाद इसका सबसे प्रतिकूल असर भारत में कच्चे तेल की कीमतों पर वृद्धि के तौर पर पड़ेगा। आज भारत कच्चे तेल का विश्व में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। विश्व को कुल कच्चे तेल का एक-तिहाई हिस्सा पश्चिम एशिया से ही मिलता है। ईरान और इजराइल के बीच चलने वाले संघर्ष के चलते कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के कारण परिवहन महंगा हो जाता है और इसका सीधा असर अन्य उत्पादों की कीमतों पर पड़ने लगता है। अगर यह संघर्ष लंबा चला तो डॉलर की स्थिति मजबूत होगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि ईरान लेबनान में हिजबुल्ला, यमन में हूती और फिलिस्तीन में हमास आतंकी संगठनों को समर्थन देता है और समय-समय पर वह उनकी मदद भी लेता है। ऐसी स्थिति में ईरान इन संगठनों की मदद फारस खाड़ी से खुले महासागर में जाने वाले एक मात्र समुद्री स्ट्रेट को बाधित कर सकता है। और अगर ऐसा होता है तो वैश्विक स्तर पर व्यापारिक आवागमन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ना भी तय है। इस बात में सोलह आने सत्यता है कि विगत दस वर्षों से इजराइल के साथ भारत के काफी घनिष्ठ संबंध रहे हैं। इजराइल भारत को आतंकवाद के खिलाफ सहयोग देता रहा है। भारत इजराइल से रक्षा उपकरणों की भी आपूर्ति लेता रहा है।

इजराइल भारत का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक दोस्त है। इजराइल में लगभग 20 हजार भारतीय रहते हैं। वहां पर साफ्टवेयर प्रोफेशनल्स, हीरा व्यापारी, स्टूडेंट्स और मजदूर रहते हैं। जब हमास से संघर्ष के बाद इजराइल ने फिलिस्तीनियों के अपने देश में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया तो भारत ने अनेक भारतीय यहां से भेजे जो इजराइल में बुजुर्गों की देखभाल कर रहे हैं। इसके अलावा भारत में भी भारी संख्या में यहूदी रहते हैं। इसलिए भारत के लिए इजराइल बहुत अहम है। दूसरी ओर भारत ईरान का बहुत पुराना मित्र देश है। भारत ईरान से कच्चा तेल तो आयात करता रहा है। पूर्व सोवियत गणराज्य के हिस्सा रहे एशियाई देश कजाकिस्तान, तुर्केमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान जैसे देशों में हाईड्रोकार्बन के भंडार हैं। भारत को इन संसाधनों तक पहुंचने और इन देशों से मजबूत व्यापारिक संबंध बनाए रखने के लिए ईरान से जाने वाली मार्ग की आवश्यकता होती है। हालांकि ईरान द्वारा इस्राइल पर हमला करने के बाद अमेरिका ने ईरान के खिलाफ तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इसलिए भारत ईरान से तेल खरीदने में हिचकिचा रहा है। लेकिन, अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद चीन ईरान से कच्चा तेल खरीद रहा है। हमने यह भी देखा था कि जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था तो अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन भारत ने इस पर स्वतंत्र निर्णय लेते हुए अपने पुराने मित्र देश रूस से कच्चा तेल खरीदना नहीं बंद किया। चूंकि भारत के लिए इजराइल और ईरान दोनों महत्वपूर्ण हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# व्यापारी लूटकांड मामला: पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर दर्ज किया मुकदमा

- रेलवे अंडर पास जैतपुर ग्राम के नजदीक हुई थी घटना
- 20 हजार की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण ले गए थे बाइक सवार





### पुलिस उपमहानिरीक्षक ने एसपी के साथ किया घटनास्थल का निरीक्षण

- घटना के शीघ्र खुलासे का दिया निर्देश

**महोबा।** सोमवार को थाना कुलपहाड़ क्षेत्रांतर्गत सर्राफा व्यापारी से हुयी लूट की घटना का पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्तरुप से घटनास्थल रेलवे अंडर पास का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि घटना के शीघ्र अनावरण हेतु जनपद स्तर पर टीमों का गठन कर दिया गया है, मौके से स्थानीय पुलिस, फील्ड यूनिट टीम द्वारा सभी साक्ष्य एकत्रित कर लिये गये है, गठित टीमों द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे है शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जायेगा। उधर लूट की घटना को लेकर व्यापारियों में दहशत व्याप्त है बता दें कि व्यापारी राजेंद्र सोनी के साथ दुकान से घर आते वक्त आरोपियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था।

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में 27 अप्रैल को हुई व्यापारी के साथ लूट की घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ धारा 392 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। इस घटना से व्यापारियों में दहशत व्याप्त है। जिले के कस्बा कुलपहाड़ निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह अजनर कस्बे में आरती आभूषण के नाम से दुकान संचालित किए है। 27 अप्रैल को वह अपनी दुकान बंद करके आटो से अपने घर कुलपहाड़ जा रहा था। रात्रि करीब सवा 8 बजे रेलवे अंडर पास ग्राम जैतपुर में दो बाइक सवार युवक आए और आटो को ओवरटेक करने के रोक लिया। इसके बाद एक युवक ने तमंचा निकाला और उसे अड़ा दिया। इसके बाद इन लोगों ने उसका बैग छीन लिया। जिसमें 20 हजार रुपए नकद, दो किलो चांदी व 30 ग्राम सोने के आभूषण थे। इन लोगों ने उसका व चालक का मोबाइल भी छीन लिया। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ धारा 392 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना से व्यापारियों में दहशत व्याप्त है।

# अर्द्धसैनिक बलों व पुलिस फोर्स के लिए की जाए बेहतर व्यवस्था : डीआईजी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



- पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा ने की समीक्षा गोष्ठी
- एसपी सहित संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

जिले के कुलपहाड़ स्थित बेलाताल गेस्ट हाउस में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम, बांदा अजय कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल निर्विवाद एवं भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराये जाने हेतु की गयी तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी।समीक्षा बैठक के दौरान डीआईजी द्वारा लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बाहर से आने वाले अर्धसैनिक बल व पुलिस फोर्स के ठहरने हेतु उचित प्रकाश, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर निर्धारित मानकों के अनुरूप न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित किये जाने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये।

इस दौरान पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने, हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर सक्रिय एचएस के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पुलिस के मददगार व्यक्तियों की सूची बनाकर उनसे लगाकर संपर्क में रहकर लाभप्रद सूचनायें संग्रहित करने, क्षेत्र में माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक निरीक्षक राकेश कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ भास्कर मिश्रा सहित चुनाव सेल के कर्मी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**इटावा।** एसएसपी के निर्देशन में थाना बढ़पुरा पुलिस ने दो आरोपियों को 180 क्वार्टर अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध/आपराधिक गतिविधियों एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना बढ़पुरा पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना बढ़पुरा पुलिस द्वारा दो आरोपियों उमेश कुमार शर्मा पुत्र रामप्रकाश शर्मा निवासी ग्राम सकराया थाना फूप जनपद भिंड म.प्र., राहुल पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम सकराया थाना फूप जिला भिंड म.प्र. को चम्बल नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में गणेश चन्द्र द्विवेदी प्रभारी थाना बढ़पुरा, उ.नि. अरूण कुमार, का. आलोक वर्मा, का. सुनील का सराहनीय योगदान रहा।

### युवक का खोया बैग सामान सहित बरामद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** यातायात पुलिस ने युवक के खोए हुए बैग को बरामद कर बैग युवक के सुपुर्द किया। अपना बैग पाकर युवक ने पुलिस के प्रति प्रसन्नता जाहिर कर आभार जताया। विशाल पुत्र जगत नारायण निवासी ककरैय्या थाना इकदिल इटावा द्वारा पुलिस को सूचना दी कि वह दिल्ली जाने के लिए ऑटो में बैठकर बस स्टैंड इटावा पर आया तथा ऑटो से उतरते समय अपना बैग ऑटो में भूल गया। विशाल उपरोक्त द्वारा काफी खोजने का प्रयास किया लेकिन पता नही चल सका विशाल द्वारा प्रभारी यातायात सूबेदार सिंह को जानकारी दी गई। प्रभारी यातायात द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश भर मे लगाये गये सीसीटीवी कैमरो की मदद ली गयी तथा ऑटो को तलाश कर सामान सहित बैग बरामद कर उसके स्वामी को सुपुर्द किया गया। अपना खोया बैग वापस पाकर विशाल द्वारा प्रभारी यातायात को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और पुलिस की प्रशंसा की। इस सफलता में हे.का. गुड्डू चंदेल, का. श्रीपाल सिंह, हे. का. चालक मनोज कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### व्यापारी दुकानों के आगे न करें अतिक्रमण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें व्यापारी से अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण न करने का आह्वान किया है, उन्होंने कहा कि कल रात्रि मे तिकोनिया पक्की सराय बाजार मे एक दुकान मे आग लग गयी थी, रात्रि का समय होने से दमकल जाम न होने से पहुंच गयी,जिससे आग को अन्य दुकानों तक पहुंचने से बचाया जा सका,अगर घटना दिन मे होती तो बाजार मे अन्य दुकानों मे भी भारी नुकसान हो जाता। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि लोगों ने एक दूसरों की देखा देखी अपनी दुकानों को आगे बड़ा लिया है, तथा सड़क के बीच मे भी गाड़ियां, ठेले वाले खड़े हो रहे हैं, ऐसा करना किसी आपातकालीन स्थिति में बाजार के लिए घातक हो सकता है, जाम और अतिक्रमण के कारण राहत और बचाव दल समय से नहीं पहुंच पायेंगे जिससे भारी नुकसान हो सकता है।

### लोकसभा चुनाव के लिए स्कूल अधिग्रहीत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अवनीश राय, जिला मजिस्ट्रेट लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सम्पन्न कराये जाने हेतु इस जनपद में स्थापित 199-जसवन्तनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 452 मतदेय स्थलों पर 7 मई, 2024 को सम्पन्न होने वाले मतदान को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थलों से सम्बन्धित सभी प्राथमिक पाठशालाओं, हायर सेंकेण्डरी स्कूलों, जूनियर हाई स्कूलों, पंचायत घरों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामुदायिक मिलन केन्द्रों, इण्टर कालेजों, संकुल भवनों एव सहकारी संघों के भवनों व उनके सम्पूर्ण परिसर/क्षेत्र एवं फर्नीचर 3 मई से 9 मई, 2024 तक की अवधि के लिए अधिग्रहीत किया है। जिला विकास अधिकारी, इटावा, जिला विद्यालय निरीक्षक, इटावा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इटावा, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, इटावा, जिला सहायक निबन्धक सहकारी समितियां, इटावा व जिला पंचायतराज अधिकारी, इटावा एवं अन्य सम्बन्धित आदि को आदेश करता हूँ कि वह उक्त भवनों से सम्बन्धित अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करें कि वह सम्बन्धित मतदेय स्थलों के भवनों, उनके परिसर व फर्नीचर उक्त निर्वाचन हेतु 3 मई, 2024 को सम्बन्धित तहसीलदारों या उनके प्रतिनिधियों को सुपुर्द कर दें।

### तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने अवैध तमन्चा व कारतूस सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध/आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करके आरोपी सत्यम सिंह पुत्र नरेश सिंह निवासी ग्राम उमरी नयागांव जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश को नीलकण्ड मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली, उ.नि. सुरेन्द्र पाल सिंह, हे.का. धर्मेन्द्र सिंह, हे.का. मुकेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।




## बाल संसद के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को किया जागरूक

**इटावा।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड बसरेहर के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने शिक्षकों के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालय हरनाथपुर, चकवा बुजुर्ग में बाल संसद के बच्चों ने डोर टू डोर नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया। बच्चे हाथ में स्लोगन लिखी तख्ती बैनर लेकर नारे लगाते हुए 13 मई को वोट डालने के लिए प्रेरित करते दिखे। बीईओ सर्वेश कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में हरनाथपुरा , चकवा बुजुर्ग में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई व डोर टू डोर संपर्क किया गया। जिला स्काउट मास्टर अच्युत त्रिपाठी ने इटावा विधान सभा में सभी मतदाताओं से 13 मई को मतदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि वोट डालना कर्तव्य ही नहीं बल्कि अधिकार भी है।सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाए।इस मौके पर ब्लॉक स्काउट मास्टर आनन्द मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी अर्चना भदौरिया, विनय, प्रियंका, पारुल गुप्ता, रचना, नीलम यादव, निशा, रश्मि, छाया शर्मा, संजीव, सलीम, शव्या, रंधीर यादव समेत कई शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।

## मजदूर के घर में लगी आग, हजारों का सामान जलकर राख



**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

जनपद महोबा के अंतर्गत तहसील चरखारी के ग्राम पंचायत सूंपा के मजदूर किसान के घर में अचानक आग लग गई जिसमें घर में रखा हुआ अनाज गेहूं चना मटर लाई तथा नगद रु. 40000 जलकर राख हो गए जिसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल उमेश सोनकर ने भी मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही आग लगने से हुए नुकसान के कारण किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है आग लगने की वजह से किसान के पास खाने पीने के सामान के साथ पहनने ओढ़ने के कपड़े भी जलकर राख हो गए हैं।

## खेत में लगी आग बुझाते समय लपटों की चपेट में आये किसान की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



महोबा में वृद्ध किसान की खेत में लगी आग में जलकर दर्दनाक मौत हो गई। आग को बुझाने के प्रयास में किसान गंभीर रूप से झुलस गया था। बताया जा रहा है कि वह खेत में रहकर वहां की रखवाली करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। प्रशासन ने परिवार को सांत्वना दी।

जनपद महोबा के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्रामीण कुलपहाड़ क्षेत्र के देशराज का खुड़ा निवासी वृद्ध किसान 78 वर्षीय देशराज पुत्र बाबूलाल यादव अपने खेत में ही निवास बनाकर खेत की रखवाली करता था। सोमवार को किसान के बगल वाले खेत में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और वह किसान के खेत की ओर बढ़ने लगी। वह किसी तरह आग को बुझाने का प्रयास करने लगा। आग बुझाते समय उसके कपड़ों ने आग पकड़ ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर ही वृद्ध किसान की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया है।

मृतक किसान देशराज के पुत्र मुन्ना ने जब खेत में आग लगी और पिता को अचेतावस्था में देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग कर्मचारियों ने आग को बुझाया गया। कुलपहाड़ उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद समेत अन्य ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक किसान के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सांत्वना दी और जांच पड़ताल की है।

### वृद्ध किसान खेत में रहकर करता था रखवाली

उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया है। राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर दैवीय आपदा के तहत परिजनों को राहत राशि दिलाई जाएगी। एसआई दिनेश तिवारी ने मृतक किसान के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक किसान के दो पुत्र राजेन्द्र और मुन्ना हैं, जो की कुलपहाड़ नगर में बस्ती में रहते हैं। वृद्ध किसान खेत पर रहकारी खेत की रखवाली करते थे।

## चरखारी विधायक के पुत्र ओम राजपूत सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



**चरखारी (महोबा)।** सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी ने अपने अलंकरण और पुरस्कार वितरण समारोह में चरखारी विधायक डॉ. ब्रजभूषण राजपूत के पुत्र ओम राजपूत को संस्था ने उत्कृष्ट छात्र के रूप में सम्मानित किया है और अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड ने ओम राजपूत को सम्मानित किया है।

बताते चलें कि चरखारी विधायक डॉ. ब्रजभूषण राजपूत के पुत्र ओम राजपूत सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी के कक्षा 10 के छात्र हैं जहां उनके कार्य व्यवहार शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर गठित जूरी ने उन्हें वर्ष 2023 को उत्कृष्ट छात्र चुना गया है। 27 अप्रैल को, सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी ने अपने अलंकरण और पुरस्कार वितरण समारोह की मेजबानी की, जिसमें आईपीएस अधिकारी अभिनव कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड रहे। कार्यक्रम के दौरान, नवनियुक्त छात्र निकाय परिषद ने स्कूल द्वारा उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को निभाने की शपथ ली। इसके अतिरिक्त, कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को 2023 शैक्षणिक वर्ष में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। योग्य प्राप्तकर्ताओं को अकादमिक टॉपर, उत्कृष्ट छात्र, और सह-पाठ्यचर्या उत्कृष्टता जैसे पुरस्कार प्रदान किए गए। ओम राजपूत के अलावा बिस्मन कौर को आईसीएसई 2023 बोर्ड परीक्षाओं में उनके असाधारण परिणामों के लिए 50 हजार रुपये की प्रतिष्ठित ÷द्वि-शताब्दी छात्रवृत्ति÷ से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीजीपी अभिनव कुमार ने नवनिर्वाचित छात्र संघ समिति तथा अवार्ड प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आज के छात्र ही कल देश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने सभी से पर्यावरण को बचाने की भी अपील की। कार्यक्रम के दौरान चरखारी विधायक डॉ0 राजपूत प्रधानाचार्य रमेश अमलानाथन, पीयू जॉर्ज, उप-प्रधानाचार्य शाजू थॉमस, स्पोर्टस सेक्रेटरी इसीडोर टिर्की, सीनियर कोओर्डिनेटर मार्क गोंजालविस, कल्चरल कोओर्डिनेटर दीपाली बल्लभ, आनंद थापा, भवनेश नेगी एवं बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे, पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर, राहुल बडौनिया, रविन्द्र पाठक, योगेश मिश्रा, साजिद सर, जाकिर हुसैन, आदिने ओम को बधाई दी है।

## पुलिस ने वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था लिया जायजा

- पुलिस अधिकारियों ने संबंधित को दिए आवश्यक निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया। जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक करें व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा करें। जिसके क्रम में पुलिस बल द्वारा क्षेत्रांतर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, पेट्रोल पंपों व अन्य वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहां से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया, इस दौरान बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

## इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो क्षेत्र में होगा चहुंमुखी विकास : अजेंद्र

- सपा ने नामांकन का पहला सेट किया दाखिल

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी ने नामांकन सेट का पहला पर्चा दाखिल करते हुये कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो चहुंमुखी विकास किया जायेगा। भाजपा सरकार में सिर्फ दो पंचवर्षीय तक केवल जुमलेबाजी होती रही है। जिसे जनता पूरी तरह जान गयी है। अब जनता भाजपा नेताओं के बहकावे में नही आने वाली है। प्रत्याशी ने कहा कि सपा कार्यकाल के ज्यादातर काम आज भी अधूरे पडे हुये है। सरकार बनते ही पहले उनको पूरा कराया जायेगा। चौथे दिन चार नामांकन पत्र लिये गये है। प्रत्याशी व उनको प्रस्तावकों को मोवाइल फोन ले जाने पर सख्त रोक लगा दी गयी है। आज केवल सपा प्रत्याशी के अलावा किसी दल के प्रत्याशी ने नामांकन नही किया है। संपत्ति का व्योरा सपा प्रत्याशी ने दाखिल किया जिसमे प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत कक्षा 12वी पास है। उनके पास बैंको का करीब 74.85 लाख रुपये का कर्ज है। इसके साथ उनके पास एक लाइसेंसी रायफल भी है। एक करोड़ एक लाख 99 हजार 175 रुपये का कर्ज है। नामांकन में जिलाध्यक्ष इदरीश खान, नीरज कश्यप, गयादीन अनुरागी, हिमांशु सैनी समेत कई लोग शामिल है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले मेधावियों का हुआ सम्मान

- सारंग क्लासेज के संचालक मुजीब अहमद ने छात्रों का फूल मालाओं से किया स्वागत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में सार्वाधिक अंकों से उत्तीर्ण हुए मेधावियों का कोचिंग संस्थान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी मेधावियों का मुंह मीठा कर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

कस्बे के मुहल्ला कमराहा स्थित सारंग क्लासेज के संस्थापक एवं संचालक मुजीब सर द्वारा हाईस्कूल में विज्ञान एवं इंटरमीडिएट में रसायनिक विज्ञान व जीव विज्ञान में सार्वाधिक अंक लाने वाले दर्जनों छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें इंटर के छात्र शिवेंद्र अवस्थी ने 96, अमान चौधरी 95, विकास 94, श्रेष्ठ साहू 92, सोहेल 80 व अरमान ने 78 प्रतिशत अंक लाकर कोचिंग टॉप किया। वहीं हाईस्कूल में इमरान अहमद, आसिया मुश्ताक, अक्शा इमाम, अदनान, अयान, सफूरा, मोहम्मद शाद ने सार्वाधिक अंक लाकर कोचिंग टॉप कर अपने परिवार सहित गुरू जनों का नाम रौशन किया है। उत्तीर्ण सभी मेधावियों का सारंग क्लासेज के संचालक मास्टर मुजीब अहमद द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया और मुंह मीठा कर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान फरीद अहमद बाबू जी सर, आमिर सर, मोहम्मद अहमद सर आदि उपस्थित रहे।

### फसल खराब होने से परेशान किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



फसल खराब होने से परेशान किसान ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर स्वजनों में मातम छाया हुआ है। पुलिस के मुताबिक चिकासी थाने के अमरपुरा गांव निवासी बलवीर( 45) पुत्र रामकृपाल राजपूत ने रविवार की शाम खेत में लगे अमरुद के पेड़ पर गमछा से फंदा डालकर फांसी पर झूल गया। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया।मृतक के पिता ने बताया फसल खराब होने से वह परेशान रहता था। वह शराब पीने का भी आदी था।

## सपा की ओर लोधी मतदाताओं का बढ़ता रुझान भाजपा के लिये बना चुनौती

**विनोद शुक्ला।**

- बसपा प्रत्याशी खेल रहा ब्राह्मण ट्रम्प कार्ड, छोटी विरादरी के मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिये रस्साकशी शुरु

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।** पांच विधानसभाओं वाले हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के सामने सपा प्रत्याशी दिनो दिन चुनौती बनते जा रहे है। सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी को राठ व चरखारी विधानसभा के लोधी मतदाता पूरी तरह समर्थन करने से भाजपा प्रत्याशी के चेहरे में चिंता की लकीरे उभरती जा रही है। सपा अन्य तीन विधानसभाओं में भाजपा के मतदाताओं में पूरी तरह सेंध लगाने के लिये प्रयासरत है।

जानकारी के मुताबिक हमीरपर महोवा संसदीय क्षेत्र में भाजपा के गढ़ में सपा पूरे जोर शोर से सेंध लगाने का प्रयास कर रही है संसदीय क्षेत्र में 18,75,587 मतदाता है। सरकारी आकड़ो के अनुसार हमीरपुर जिले में लोधी मतदाताओं की संख्या 84,620 व महोवा जिले में 65,263 व तिंदवारी विधानसभा में लोधी मतदाताओं की संख्या एक मद नगण्य है। इस प्रकार कुल लोधी मदतताओं की संख्या 1,49,883 है जो कुल मतदाता प्रतिशत का 8.75 है। हालाकि चरखारी व राठ विधानसभा चुनाव में लोधी मतदाता निर्णायक माना जाता है। बर्तमान में पांचो विधानसभाओं में भाजपा विधायक काबिज है। हालाकि भाजपा का आधार बोट कहा जाने वाला ब्राह्मं मतदाताओं की संख्या 1,79,241 है जो कुल मतदाता प्रतिशत 10.48 है।इसके बाद अहिरवार मतदाता प्रतिशत 12.29 फीसदी है। तिदवारी, हमीरपुर, निषाद मतदाता बाहुल्य़ क्षेत्र है। हालाकि इस विरादरी का पूरी पार्लियामेंट में मतदाता प्रतिशत सात फीसदी है। सपा का मुख्य फोकस छोटी विरादरी के मतदाताओं को अपने पाले में करने का पूरा प्रयास कर रही है।संसदीय क्षेत्र में यादव मतदाताओं की संख्या 1,41,421 है। जो कुल प्रतिशत नौ फीसदी बताया जाता है। मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 1,23,283 बतायी जाती है जो कुल आठ फीसदी है। इधर बसपा से निर्दोष दीक्षित का टिकट होने से भाजपा को ब्राह्मण मतदाताओं की ओर भी ध्यान देना पड़ रहा है।क्योंकि बसपा प्रत्याशी दौरा कर ब्राह्मण कार्ड खेलने का प्रयास कर रहे है जबकि ब्राह्मण मतदाता भाजपा का आधार बोट माना जाता है। भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल का फोन न उठाना व जनता के प्रति कोई खास लगाव न होने के कारण लोग कटते नजर आ रहे है। मगर लोगो को सामाजिक सुरक्षा व लाभार्थी परक योजनाओं से मतदाताओं का मोह नही भंग हो पा रहा है। वही संसदीय क्षेत्र में पहली मर्तवा अपना भाग्य आजमा रहे बसपा प्रत्याशी को अनुसूचित जातिओं को जोड़ने में ही भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्हे अपना आधार बोट बचाने में पसीना आ रहा है। संसदीय क्षेत्र में धोवी 3.54 फीसदी,कोरी छह फीसदी,बाल्मीकि तीन फीसदी सोनकर 1.15 फीसदी, सिख इसाई बौद्ध 2.71 फीसदी मतदाता माना जा रहा है। जिस बसपा को समेटने के लिये काफी जोड़ तोड़ लगाना पड़ रहा है। हालाकि भाजपा का नामांकन हो गया है,सपा का आधार बोट स्थिर होने के कारण भाजपा से बराबर टक्कर ले रही है। कौन करवट ऊंट बैठेगा यह समय ही बतायेगा। मगर संसदीय चुनाव टक्कर का होता जा रहा है।

## हर्षोल्लास से मनाया अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अनुप्रिया पटेल केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस के जन्मदिन पर अनुप्रिया पटेल के चित्र के सामने केक काट कर दीर्घायु की कामना की। हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रभारी मुरादाबाद मण्डल / संस्थापक सदस्य अपना दल एस ने बताया कि अपना दल एस एनडीए गठबन्धन के प्रत्याशियो को जिताने का संकल्प लिया। इस मौके पर अपना दल एस सक्रिय सहयोगी सेवा निवृत प्रधानाचार्य अम्बरीष वर्मा, इन्जी राजेश वर्मा, अजर्य, दीर्प, शंशाक किशन, तेजस, शुभी, श्रद्धा, पण्डित राजू ने विचार रखे। इस अवसर पर इटावा लोक सभा प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश पटेल, जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष विशाल सक्सेना, हरिओम, राहुल, जिला महासचिव राजेश, राजेश, डा. सुधीर, ब्रजेश, जिला सचिव अरुण, राहुल, जिलाध्यक्ष महिला मंच कबिता, जिला व्यापार मंच के अध्यक्ष अवधेश, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष रविंद्र, महिला मंच की महासचिव नीरजा तथा सक्रिय सदस्य अंकितने भी सयुक्त रूप से केद्रीय मंत्री अनुप्रिय पटेल के जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

# जमीनी विवाद में वृद्ध की गला रेतकर हत्या

- हत्या को लेकर पुलिस को मिली लीड जल्द पकड़े जायेंगे हत्यारे: एएसपी

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।


घटना स्थल का निरीक्षण करते सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजनारी में पारिवारिक व जमीनी विवाद के चलते सीपीआई नेता की घर में सोते समय सत्तर वर्षीय वृद्ध की गला रेंतकर निर्मम हत्या होने की सूचना मिलते ही गांव के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी, सीओ सदर ने घटना स्थल का निरीक्षण साथ ही फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये। इस दौरान एएसपी का कहना था कि घटना को लेकर पुलिस को लीड मिली है जल्द ही हत्यारोपी पुलिस की पकड़ में होंगे।

मिली जानकारी के अनुसार उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजनारी निवासी परशुराम कुशवाहा 70 वर्ष की पारिवारिक व जमीनी विवाद को लेकर गला रेंतकर निर्मम हत्या कर हत्यारोपी मौके से भाग जाने में सफल हो गये। जैसे ही उक्त जानकारी गांव के ग्रामीणों को पता चली तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी गयी तो मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी के साथ ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया इसके अलावा फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किये। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुये अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि वृद्ध की हत्या के पीछे मुख्य वजह पारिवारिक व जमीनी विवाद का पता चला है। साथ ही पुलिस को कई महत्वपूर्ण क्लू भी हाथ लगे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि घटना की तहरीर पुलिस को मिल चुकी है एफआईआर दर्ज होने के साथ ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद पुलिस हत्यारोपी को पकड़कर पूरे मामले का खुलासा करेगी।

## अवैध तमंचे सहित आरोपी गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** सोमवार को नगर में अपराध करने के उद्देश्य से घूम रहे एक युवक को सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी के पास से पुलिस को एक अवैध तमंचा मिला है जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। रामगंज चौकी इंचार्ज मोहित कुमार दलबल सहित नगर के फुलपावर चौराहे में गश्त कर रहे थे, तभी सुबह साढ़े 7 बजे मुखबिर की सूचना मिलने पर आनन्दी देवी रोड में मिर्जामंडी के पास पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा। कोतवाली पुलिस ने खदेड़कर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे आरोपी युवक अनिल कुमार सैनी पुत्र मुन्नालाल सैनी निवासी मुहल्ला मिर्जामंडी को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक के पास से 315 बोर का एक तमंचा तथा कारतूस बरामद करके जुर्म धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया।

## कीरतपुर के जंगलों में लगी आग को फायर कर्मियों ने बुझाया

कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।



बीती रात को कालपी थाना क्षेत्र के तीन जंगलों में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए फायर कर्मियों के साथ राजस्व अधिकारी काउंटर फायर करके कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय नगर के पास कीरतपुर के जंगलों में पहले आग लगने का सिलसिला शुरू हुआ। देखते ही देखते समीप के तिगरेश्वर जंगल तथा कर्बला के जंगलों को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग की भीषणता की खबर मिलने पर अग्निशमन विभाग के प्रभारी महेंद्र वाजपेई के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों विनोद कुमार, अमृत लाल, गोविंद सिंह, मनीष, रविप्रकाश शर्मा, मानवेन्द्र सिंह, जाहर सिंह आदि कर्मचारी मौके पर पहुँचे। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के निर्देश पर नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला क्षेत्रीय लेखपाल प्रमोद दुबे आदि राजस्व कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। पानी का छिड़काव करके कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान दमकल कर्मियों ने काउंटर फायर विधि का प्रयोग किया।

## बाइक की टक्कर से घायल युवक ने पुलिस को दी तहरीर

**कोंच (जालौन)।** बाइक की टक्कर लगने से घायल हुए युवक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार लगायी है। नगर के मुहल्ला जवाहर नगर निवासी आसिफ मंसूरी पुत्र शमीम ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत रोज रविवार की शाम करीब 4 बजे वह बाइक पर सवार होकर कोंच से उरई जा रहा था। रास्ते में जैसे ही वह ग्राम पनयारा-मनोहरी के बीच पहुंचा तभी उरई की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने लापरवाह बरतते हुए उसकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आसिफ ने प्रार्थना पत्र में बताया कि टक्कर मारने वाला चालक अपनी बाइक मौके पर ही छोड़ कर भाग गया था।

# जनपद में नहीं थम रहा अवैध परिवहन, जिम्मेदार मौन



उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

**ओवरलोडिंग पर नहीं लग पा रहा लगाम**

उरई। शासन प्रशासन ने बालू खंडों पर ही ओवरलोडिंग रोकने के लिए पूरे इंतजाम कर लिए थे जिन पर लाखों रुपए भी खर्च हुए। उसके बाद भी मोरम खंड पर ही ओवरलोडिंग रोकने में खनिज विभाग नाकामयाब रहा। प्रत्येक बालूखंड पर ट्रक का लोड मापने के लिए वेटिंग मशीन लगी है। उसके बाद भी न जाने कैसे बालू घाट से ओवरलोड गाड़ियां निकल जाती है। बताया जाता है कि ट्रक के वेटिंग मशीन पर पहुंचने के बाद ही रॉयल्टी कटती है। तो क्या यह गाड़ियां बगैर वेटिंग मशीन पर जाए, बिना रॉयल्टी के ही मोरम खंड से निकल जाती है। ग्रामीणों की मानें तो पथरेहटा खंड संख्या 6 से दिन भर ओवरलोड गाड़ियां निकलती हुई देखी जा सकती है। गाड़ियां ओवरलोड होने की वजह से धीमी गति से चलती है व कभी लोकेशन की वजह से जगह-जगह रुक जाती है। जिससे सड़क पर दूसरी साइड से भी ट्रक निकलने की वजह से जाम की स्थिति बन जाती है। जिसमें राहगीर परेशान रहते हैं।

जनपद में ओवरलोडिंग चरम पर है सड़के समय से पहले खराब हो रही है सरकार को प्रतिदिन लाखों के राजस्व की चपत लग रही है दिन रात ओवरलोड ट्रक छोटे वाहनों के लिए काल बनकर सड़क पर दौड़ रहे हैं।

- ओवरलोडिंग से सरकार को प्रतिदिन राजस्व की लग रही है चपत

इसके बावजूद खनिज विभाग व परिवहन विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कदौरा क्षेत्र में दिन भर तो ओवरलोड ट्रक निकलते ही है लेकिन रात में ऊपर तक चोटी लगाकर बालू से भरे ओवरलोड ट्रक आसानी से गुजरते हुए देखे जा सकते हैं। अधिकारी जब कभी एक दो गाड़ियों पर कार्यवाही कर अपनी खाना पूर्ति कर लेते हैं। बाकी गाड़ियां को बेलगाम छोड़ दिया जाता है। बेरोकटोक बालू से ऊपर तक भरे ट्रक सड़कों पर दौड़ते है। जिनसे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। लेकिन इसके बावजूद भी इन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती हैं। जिससे कि अवैध परिवहन पर लगाम लगाई जा सके।



## अभी भी जमीर जिंदा है लोगों के दिलों में
### 49 हजार रुपये किये वापस

**माधौगढ़ (जालौन)।** लोगों की दिलों में अभी भी जमीर जिंदा है, तभी तो बैंक कैशियर की गलती से मिले 49 हजार रुपये को बैंक में अपने बेटे के साथ वापिस करने चली गयी। ईमानदारी की मिसाल बनी महिला को बैंक मैनेजर ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मामला माधौगढ़ भारतीय स्टेट बैंक का है, जहां कामना देवी पत्नी दंगल सिंह तोमर ने अपने खाते से 49 हजार रुपये निकाले। लेकिन कैशियर की भूल से 49 हजार रुपये दो बार दे दिए। महिला को पता ही नहीं चला लेकिन जब घर पहुंच कर उसने बेटे सोनू तोमर को पैसे दिए तो उसे अंदाजा हो गया कि कैशियर से भूल हो गयी, उसने तुरंत मां को बैंक ले जाकर बैंक मैनेजर को पैसे वापिस किये। तब तक कैशियर को एहसास भी नहीं था कि उससे 49 हजार रुपये ज्यादा देने की भूल हो गयी है। इसके बाद शाखा प्रबंधक ने महिला की ईमानदारी को देखते हुए उसे शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शाखा प्रबंधक ने ग्राहकों से ऐसे ही ईमानदार व्यवहार की अपेक्षा की है।

## पराली का भूसा बनाने के दौरान भूसा मशीन में लगी आग, हड़कंप

**कोंच (जालौन)।** ग्राम पड़री स्थित एक खेत में पराली का भूसा बनाते समय अचानक भूसा मशीन में आग लग गयी जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के पड़री में गाँव के ठीक बगल में स्थित अरविंद कुमार के खेत में गेहूं की पराली का भूसा बनाने के लिए सोमवार की शाम करीब 4 बजे भूसा मशीन चल रही थी।

अचानक से भूसा मशीन में आग लग गयी और फिर ट्रॉली को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। वहीं आग की चिंगारी पराली में जा गिरी जिससे करीब 20 बीघा की पराली जलकर खाक हो गयी। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने जलती हुई भूसा मशीन दौडाकर खेत से बाहर सड़क किनारे खंदक में ले गए जहाँ पानी डालकर आग बुझाई।

## जालौन नगर से ग्वालियर तक रोडवेज बस सेवा शुरू कराने की मांग

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

नगर से मध्य प्रदेश के ग्वालियर तक बस सेवा शुरू कराने की मांग नगर के लोगों ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से की है।

नगर से होकर मध्य प्रदेश के ग्वालियर तक अभी भी परिवहन निगम की कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं है। जबकि नगर से प्रतिदिन काफी संख्या में मध्य प्रदेश तक यात्रियों का आना जाना होता है। सीधी बस सेवा न होने से लोगों को अधिक किराया व खर्च करके ग्वालियर जाना पड़ता है। नगर के विपुल दीक्षित, अशफाक राईन, अफजाल अहमद, लोकेंद्र यादव, प्रतीक चंसौलिया, अखिलेश आदि बताते हैं कि नगर व क्षेत्र से काफी लोग मध्य प्रदेश के ग्वालियर, भिंड आदि शहरों में आते जाते हैं। ग्वालियर न्यूरो सर्जरी के लिए भी विख्यात है। इसके अलावा बजी अन्य बीमारियों का इलाज अच्छा मिलता है। ऐसे में मरीजों और उनके तीमारदारों का भी आना जाना होता है। परिवहन निगम की बस सेवा न होने से उन्हें प्राइवेट बसों से यात्रा करनी पड़ती है। जिसमें उनका समय और अधिक धन खर्च होता है। समय बचाने के चक्कर में कभी कभी तो प्राइवेट कार तक किराए पर ले जानी पड़ती है। आने जाने में ही हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं। यदि नगर से होकर परिवहन विभाग की बस का संचालन होता है तो नगर व क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। उनका समय भी बचेगा और धन की भी बचत होगी।

## खबरें एक नजर में

### मतदान कराने के लिए बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



**उतरौला,बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए इनामुल चर्च इण्टर कालेज उतरौला मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया और मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इनामुल चर्च इण्टर कालेज उतरौला के प्रधानाचार्य आशीष विक्टर ने कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्रों को मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता बताते हुए कहा कि सब काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना चाहिए। मतदान करने से शासन में बहुमत की सरकार बनाने में मदद मिलती है। इसमें छात्रों ने विधालय के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाई और हाथों में तख्ती में लिखे स्लोगन से मतदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया।

### अभ्यर्थी करें प्रचार तो दें सूचनाः सीटीओ

**अयोध्या।** मुख्य कोषाधिकारी/प्रभारी अधिकारी-निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण ममता सिंह ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सोशल मीडिया द्वारा प्रमोशन,बल्क एसएमएस एवं वॉइस कॉल के माध्यम से प्रचार विषयक आयोग के निर्देश में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा एसएमएस या वॉइस कॉल के माध्यम से अपना प्रचार किया जाता है तो इसकी सूचना कन्ट्रोल रुम के फोन नम्बर 05278-297499 पर शिकायत की जायेगी तथा इसकी सूचना व्हाटसएप्प नम्बर-7080510637, 9454416103, 9454416104, 9454416105, 9454416106, 9454416122 पर भी दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी कोई सामग्री आम जनता में बंटवाता है और उस सामग्री पर अभ्यर्थी का नाम छपा है तो उसकी भी सूचना दी जायेगी। अभ्यर्थियों द्वारा फ्रीबीज/निःशुल्क सामग्री कोई बटवाई जाती है तो उसकी सूचना प्रूफ के साथ व्हाइस एप्प नम्बर पर भेजी जा सकती है।

### रस्सी टूटने से कुएं में गिरे युवक की मौत

**उरई (जालौन)।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरायां में एक युवक कुयें से पानी खींच रहा था तभी अचानक रस्सी टूट गयी जिससे युवक गिरे में जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार पिपरायां निवासी मानवेंद्र गांव में कुयें से पानी खींच रहा था तभी अचानक रस्सी टूट गयी जिससे मानवेंद्र असंतुलित होकर कुयें में जा गिरा जब तक ग्रामीण युवक को कुयें से बाहर निकाल पाते उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी आटा थाना पुलिस को मिली तो पुलिस गांव में पहुंची और कुयें से युवक के शव को बाहर निकालकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

## भाजपा का कमल हर बूथ पर खिलाएंगें बूथ अध्यक्षः राम प्रताप

उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

लोकसभा के अन्तर्गत आने वाली उतरौला विधान सभा में भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में बूथ अध्यक्ष का सम्मान किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि बूथ अध्यक्ष भाजपा की महत्वपूर्ण इकाई है आज भाजपा जिस सर्वोच्चता के शिखर पर विराजमान है वहां पहुंचने का कार्य भाजपा के बूथ अध्यक्षों की मेहनत के दम पर संभव हुआ है।

2024के लोकसभा चुनाव में भी बूथ अध्यक्ष अपने कुशल प्रबंधन से भाजपा का कमल प्रत्येक बूथ पर खिलाएगें। विधायक ने बूथ अध्यक्षों का आवाह्न करते हुए कहा कि बूथ अध्यक्षों को यह याद रखना है कि बचे हुए दिनों में मतदाता से पार्टी का संतुलन बना रहे और पर्ची इत्यादि के लिए मतदाता को परेशान न होना पड़े। और प्रत्येक बूथ पर भाजपा पिछले चुनाव से तीन सौ वोट अधिक प्राप्त करें। विधायक ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक बूथ अध्यक्ष एंव पदाधिकारियों को परिश्रम की पराकाष्ठा करके भाजपा इतना मजबूत कर लेना है कि मतगणना के दिन विरोधियों के पास कुर्ता झाडंने के अलावा कोई विकल्प न बचे। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सीबी माथुर, अंकुर गुप्ता,कृष्ण कुमार गुप्त, ,महेन्द्र सिंह ,सुधीर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## आवारा जानवर से बाइक टकरायी, कोटेदार घायल

**जालौन (उरई)।** सड़क पर अचानक आये आवारा जानवर से बाइक सवार कोटेदार की बाइक भिड़ गई। हादसे में कोटेदार गंभीर रूप से घायल हुए। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथ निवासी कोटेदार कृपाराम अपनी बाइक से किसी काम के चलते सोमवार की दोपहर जालौन की ओर आ रहे थे। जैसे ही बाइक से वह लौना रोड पर पहुंचे तभी अचानक आवारा जानवर उनकी बाइक के सामने आ गया। अचानक सामने आए जानवर को उन्होंने बचाने की कोशिश की लेकिन वह बच नहीं सके और बाइक जानवर से टकरा गई। टकराकर बाइक समेत सड़क पर गिरे कोटेदार गंभीर रूप से घायल हो गए।

## अतिक्रमण हटाने में उतरौला नगर पालिका फेल

उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

प्रशासन नगर को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की लाख कोशिश करे, लेकिन अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि वे प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए अपनी हदें बढ़ाने में जुटे हैं।

नगर का कोई भी सड़क या बाजार हो, मार्ग हो या फिर चौराहा, हर तरफ अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। बाजार की हालत इतनी दयनीय है कि वहां से वाहन लेकर गुजरना तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल होता है। सब्जी, फल मंडी के साथ जुड़े नगर के मुख्य बाजार में दुकानदार दुकान से कई-कई फूट दूर तक सामान रखकर रास्ते को अवरुद्ध कर देते हैं। नगरपालिका समय-समय पर इन दुकानदारों को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ देता है। कोई कार्रवाई न होने से दुकानदारो के हौसले इतने बुलंद है कि वह प्रशासन की चेतावनी को दरकिनार कर देते हैं।

कमो बेस यही हाल श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से फक्कड़ दास चौराहे तक दोनों तरफ सड़क पर लोगों ने गुमटी रख अतिक्रमण कर रखा है। कई अतिक्रमणकारियों के हौसले तो इतने बुलंद हैं कि उन्होंने अगर पालिका द्वारा लगवाए गए वाटर आरओ कूलर के सामने ठेला व तालपतरी डालकर उसका पानी ही बंद कर दिया है। जिससे राहगीरों, यात्रियों व अन्य लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है।

सड़कों पर दुकानदारों के अवैध कब्जे के चलते हर रोज महिलाओ से जुड़ी कोई न कोई घटना घट जाती है। मुख्य बाजार में तो दुकानदार सभी हदें पार करते दिखाई देते हैं। अपनी दुकानो से बाहर 20 से 25 फीट तक सामान सजा रखा है, जिससे हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। नगर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए पूर्व में कई बार नगर पालिका और प्रशासन की साझा बैठक हुई लेकिन उस पर कोई अमल नहीं किया गया। प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को कई बार चेतावनी देने के बावजूद भी मामला ठांए ठांए फुस्स हो गया। जिससे उनके हौसले और बुलंद हैं।

लोगो ने मांग की है कि शहर के इन बाजारों व मार्गो पर किए गए अवैध कब्जो को हटवाया जाए व अवैध कब्जाधारियो पर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ये लोग ऐसा न करें। अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने कहा कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर नगर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

## समर्पण भाव से चुनाव कार्य में जुटें पदाधिकारी : मानवेंन्द्र सिंह

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।




भारतीय जनता पार्टीशन द्वारा अयोध्या विधान सभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय विद्याकुण्ड अयोध्या धाम में संपन्न हुआ।सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेंद सिंह ने कहा कि श्री राम दर्शन यात्रा के दौरान लगभग दो माह से अधिक का समय आप लोगों के साथ व्यतीत हुआ जिसमें अनुभव हुआ कि अयोध्या के कार्यकर्ता कितनी निष्ठा भाव के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करते हैं।

उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या तथा यहां के चुनाव पर हैं। यहां से पूरे विश्व को एक संदेश जाना चाहिए। बूथ समितियां व पन्ना प्रमुख की वोटर तथा प्रभावी मतदाताओं से निरंतर सम्पर्क में रहें। बूथ की ग्रेडिंग कर लीं जाए। चुनाव अभियान व्यवस्थित ढ़ंग से चलाना है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2024 का चुनाव कोई आम चुनाव नहीं हैं। यह देश की राजनीती की दिशा व दशा तय करेगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर पीएम मोदी ने पूरी दुनिया को एक संदेश दिया है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सबका साथ सबका विकास के पथ पर चल कर हम सबका विश्वास जीतने के पथ पर अग्रसर हैं। सम्मेलन का संचालन विधान सभा प्रभारी अशोक कसौंधन ने किया।इस दौरान जिपंअ रोली सिंह,लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, संयोजक डा. बाकें बिहारी मणि त्रिपाठी,प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाअध्यक्ष संजीव सिंह,महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अरविन्द सिंह, आशा गौड़, रीना द्विवेदी सहित मंडल,शक्ति केन्द्र पदाधिकारी तथा सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## मंदिर परिसर में खड़ी लावारिश कार की सूचना पुजारी ने पुलिस को दी

**जालौन (उरई)।** उरई मार्ग पर स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमानजी मंदिर परिसर में आधा माह से एक अज्ञात कार खड़ी है। मंदिर परिसर में खड़ी लावारिस कार की जानकारी मंदिर के पुजारी ने पुलिस को दी है। सूचना पर पुलिस कर के नंबर के आधार पर कार के मालिक की तलाश कर रही है। श्रीवीर हनुमान बालाजी मंदिर परिसर में 13 अप्रैल से एक लावारिस अवस्था में कार खड़ी है। लावारिस अवस्था में अल्टो कार खड़ी है। दो सप्ताह से कार कोई मालिक नहीं आया है। कार के मालिक के न आने से लावारिस अवस्था में खड़ी कार की जानकारी मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज ने कोतवाली पुलिस को दी।

## नफर अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से गांजा किया बरामद

- अभियान के अंतर्गत हुई कार्रवाई

चोपन, सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत चोपन पुलिस द्वारा सोमवार को समय 06.20 बजे रेड़िया मोड़ के पास से अभियुक्त मेहदी हुसैन पुत्र स्व0 मुनव्वर अली निवासी चोपन बैरियर थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक के झोले में कुल 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

## मंडल प्रभारी ने की भाजपा को वोट देने की अपील

- बीते दस वर्षों से सड़क, सुरक्षा, शिक्षा, बिजली आपूर्ति, महिलाओं की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता रही

उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।



आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गैंडास बुर्जुग राकेश तिवारी, मोहनजोत मंडल प्रभारी राघवेन्द्र मिश्र, राधे श्याम यादव समेत कई गणमान्य लोग बूथ स्तर पर पहुंच कर भाजपा को वोट देने की अपील किया। तिलखी बढ़या, नगरिया, बभनी बुजुर्ग, देवारिया अर्जुन, महुआ धनी मे कार्य कर्ताओं और ग्रामीणों से संपर्क किया। ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया, उन्होने बताया कि बीते दस वर्षो से सड़क, सुरक्षा, शिक्षा, बिजली, आपूर्ति, महिलाओ की सुरक्षा सरकार के प्राथमिकता में है। जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप वर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनकर अति शीघ्र पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया, लोगों ने बढ़ चढ़ कर मोदी जी के जयकारे के साथ भाजपा प्रत्याशी लोक सभा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया को विजई बनाने का संकल्प लिया,। अभिषेक उपाध्याय, दिलीप गौतम, आनन्द मणि त्रिपाठी, आदि उपस्थित रहे।

## संचारी रोग रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान महज कागजों तक सीमित

**उतरौला,बलरामपुर।** शासन की ओर से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान कागजों पर सिमट करब रह गया है।उतरौला तहसील क्षेत्र में 30अप्रेल तक संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। विभाग का दावा है कि अभियान के अन्तर्गत गांव से लेकर शहर तक मच्छर रोधी दवा का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के मरीजों की जांच कर रही हैं जबकि हकीकत दावे के बिलकुल विपरीत है।धरातल पर अभियान कुछ ही जगहों पर दिख रही है बाकी जगहों पर इसकी कोई उपस्थिति नही है।

## ग्रामीणों ने एसडीओ-जेई को बर्खास्त करने की उठाई मांग

- ऊंचडीह विद्युत सब स्टेशन से जुड़े 30 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज




राबर्ट्सगंज विद्युत् वितरण खंड के ऊंचडीह सबस्टेशन से जुड़े लगभग 30 गाँवो में एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने देवरी खुर्द गाँव में प्रदर्शन कर सरकार की छवि धूमिल करने वाले बिजली विभाग के शाहगंज एसडीओ और ऊंचडीह के जेई को बर्खास्त करने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों ने कहा कि अगर क्षेत्र में थोड़ी सी भी हवा चल जाती है तो दो-तीन दिनों तक बिजली कटी रहती है। ना तो एसडीओ फोन उठाते हैं ना तो जेई फोन उठाते हैं। इतनी विकट गर्मी और कड़ाके की धूप में जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है और जेई और एसडीओ अपने ए सी रूम में आराम फरमाते रहते हैं और सारा फीडर लाइनमैन के भरोसे छोड़ देते हैं। प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कांत पति तिवारी ने बताया कि एसडीओ और जेई कभी भी समस्याओं के समाधान के लिए फील्ड में नहीं जाते सिर्फ बकाया बिल वसूल करने के लिए मौके पर पहुंचते हैं और गरीब ग्रामीणों का शोषण करते हैं।अगर एसडीओ और जेई सक्रियता दिखाए होते और जर्जर तारों को सही करवाए होते तो आज किसानों की सैकड़ो बीघा की फसल जलकर नष्ट नहीं होती। उन्होंने मांग की है कि किसानों के नुकसान की भरपाई एसडीओ और जेई के वेतन से की जाए और उनकी वजह से शार्ट सर्किट होने के कारण जो आग लगी है उसकी जांच कर उनके ऊपर मुकदमा चलाया जाए। जिससे आगे आने वाले अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें और जनता के हित में कार्य करें।

भाजपा नेता विनोद तिवारी ने कहा कि स्कूल के ऊपर से हाई टेंशन तार गुजरने से जिले में बहुत सी घटनाये हो रही हैं।लेकिन परिषदीय विद्यालय देवरी खुर्द के छत पर से हाईटेंशन तार गुजरा है जिससे सैकड़ों छात्रों का जीवन खतरे में है। सैकड़ो बार मौखिक् और लिखित रूप से एसडीओ और जेई को अवगत कराया गया लेकिन उनके कान पर जूँ तक न रेंगी।

# क्षत्रिय समाज के लोगों ने अखिलेश को पहनाया चांदी का मुकुट

- लोकसभा चुनाव में क्षत्रिय समाज के लोगों ने खुलकर समर्थन का किया ऐलान
- गिहार समाज ने भी सपा मुखिया का किया जोरदार स्वागत

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



सपा मुखिया को चांदी का मुकुट पहनाते प्रमुख समाजसेवी कूक्कू चैहान व दीपेन्द्र चैहान

**सपा मुखिया** व कन्नौज संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव के तिर्वा में हुए रोड शो के दौरान क्षत्रिय समाज के लोग भी पहली बार खुलकर अखिलेश के समर्थन में आए। सपा मुखिया को चांदी का मुकुट पहनाकर भरोसा दिलाया कि तिर्वा क्षेत्र का क्षत्रिय समाज विकास के नाम पर उनका खुलकर समर्थन कर रहा है। इसके अलावा गिहार समाज के लोगों ने भी सैकड़ो की तादात में सपा मुखिया का स्वागत किया। रोड शो के दौरान तिर्वा के प्रमुख समाजसेवी व व्यवसायी तथा क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी कूक्कू चैहान के नेतृत्व में सैकड़ो की तादात में सपा मुखिया के स्वागत के लिए एकजुट हुए। जैसे ही उनका काफिला पुराने पोस्ट ऑफिस के निकट पहुंचा, तो क्षत्रिय समाज के लोगों ने जिंदाबाद के नारे लगाए। भारी भीड़ को देख अखिलेश यादव भी अपने प्रचार वाहन से नीचे उतरे। समाज के लोगों का हाथ हिलाकर अभिनन्दन किया। बाद में कूक्कू चैहान व दीपेन्द्र चैहान फौजी ने उन्हे चांदी का मुकुट पहनाया। इस दौरान उन्होने सपा मुखिया को भरोसा दिलाया कि क्षत्रिय समाज खुलकर उनका समर्थन कर रहा है। इस मौके पर क्षत्रिय समाज के अरूण सिंह, प्रदीप सिंह बंगाली, रामू चैहान, पंकज सिंह, गोलू ठाकुर, गुड्डू बघेल, विनय सिंह, प्रांशू चैहान, अंकित सिंह, सचिन चैहान, अंकुल सिंह, अंकित चैहान सहित सैकड़ो की भीड़ मौजूद रही। इसके पूर्व गिहार बस्ती के सामने भी भारी भीड़ को देख उनका काफिला रूका। यहां गिहार समाज की महिलाओं व पुरूषों की भीड़ ने सपा मुखिया का स्वागत किया। सपा मुखिया ने भी गिहार समाज के लोगों के हालचाल लिए। उनसे अपने लिए समर्थन मांगा।

# सचिव ने वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेंटर में मौजूद पीडिताओं से वार्ता कर जानी सेन्टर की व्यवस्थाए

**अपर जिला** जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान सेंटर प्रबन्धक विनीता सहित अन्य स्टाफउपस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान 4 पीडिताओं को अस्थायी तौर पर संवास करना पाया गया। सचिव ने निरीक्षण के दौरान चाइल्ड लाइन का अस्थायी रूप से वन स्टाप सेन्टर पर कार्यालय के बारे में जानकारी ली। सेन्टर में तैनात कर्मी द्वारा बताया गया कि वन स्टाप सेन्टर से कुछ दिनों में कार्यालय पाल चौराहे के पास स्पर्श हास्पिटल के निकट बनाया जा रहा है। वहां शिफ्ट किया जाएगा। सचिव ने चाइल्ड हेल्प लाईन के रजिस्टारो एवं दस्तावेजों का निरीक्षण किया, जिसमें खोये तथा पाये बच्चों के संबंध में अंकित सूचना का अवलोकन किया। रजिस्टर में पृष्ठियों दुरुस्त पायी गयी। सचिव ने पीडित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिये चल रही योजनाओं की समीक्षा की। वन स्टाप सेन्टर पर लम्बित प्रकरणों में पीडिताओं के लिये उपलब्ध सुविधाओं एवं स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सीय सुविधाओं, पुलिस सुरक्षा कानूनी सलाह व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली। सचिव ने वन स्टाप सेन्टर की प्रबन्धक विनीता कुमारी एवं पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानो को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला और बच्चियों जिनको विधिक सहायता की आवश्यकता हो उनके मामले को चिहिन्त कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में सूचित करे ताकि उनको विधिक सहायता दी जा सके। निरीक्षण के दौरान सेन्टर में उपस्थित कर्मचारियों को अवगत कराया गया कि सेन्टर पर पीडिताओं से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की विधिक समस्या एवं निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरणएवं पैनल अधिवक्ता अभिषेक कुमार से सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कराये जाने हेतु सेंटर प्रबन्धक उचित माध्यम से पत्राचार कर सकती है। निरीक्षण के दौरान सेंटर परामर्शदाता संघमित्रा, रिपोर्टिंग महिला चौकी की इन्सपेक्टर रजंना सिंह व महिला कान्सटेबल आस्था, प्रतिभा, पैनल अधिवक्ता अभिषेक कुमार, विवेक कुमार मिश्रा समेत अन्य स्टाफमौजूद रहा।

# भाजपा प्रत्याशी की पत्नी व पालिकाध्यक्षा ने किया जनसंपर्क

- सपाईयों ने लोगों को उपलब्धियां गिनाकर मतदान की अपील की

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



जन संपर्क करतीं प्रत्याशी पत्नी, पालिकाध्यक्षा सपा नेता आदि

**भाजपा** प्रत्याशी सुब्रत पाठक की पत्नी नेहा पाठक एवं पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी नें भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ नगर के मोहल्लों व गलियों में लोगों के बीच पहुंचकर सघन जनसंपर्क करते हुये भाजपा की नीतियों व उपलब्धियों का बखान कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करनें की अपील की है। वही सपा पिछडा वर्ग के जिलामहासचिव ने ग्रामीण अंचलों में सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की है।

सोमवार को भाजपा प्रत्याशी की पत्नी नेहा पाठक एवं पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी नें भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, महिला नगर अध्यक्ष अर्चना गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं के साथ नगर के मोहल्ला शास्त्रीनगर, आजादनगर, मुजाहिदनगर, जवाहर नगर, रामगंज सहित कई मोहल्लों मे डोर-टू-डोर पहुंचकर मौजूद नागरिकों के समक्ष भारतीय जनता पार्टी उपलब्धियां व नीतियां गिनाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के लिये जागरूक किया।

बताया कि भाजपा सरकार नें सभी वर्ग के लोगों के सामाजिक उत्थान सहित बिना भेदभाव के सभी धर्म के लोगों के हितों में कार्य किया है। वहीं नागरिकों नें भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करनें का भरोसा दिलाया। वहीं क्षत्रिय नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर नें नगर के मोहल्लों में भ्रमण कर मौजूद नागरिकों एवं वृद्धजनों से हांथ जोडकर सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की है। उधर सपा पिछडा वर्ग के जिलामहासचिव अरूण कुमार शर्मा नें समर्थकों के साथ कटकैया, रिहुआ, मलिकपुर सहित तमाम ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क कर लोगों को पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों से अवगत कराकर जागरूक किया। बताया कि सपा की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो व्यापारियों, किसानों, गरीबों, नौजवानों के हित में कार्य करती है।

# वैश्य समाज ने बैठक कर भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया



छिबरामऊ कन्नौज

**बैंक ऑफ़** इंडिया के पास स्थित वैश्य समाज के धर्मशाला में समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 2024 लोकसभा आम चुनाव में समर्थन देने का निर्णय लिया गया बैंक ऑफ़ इंडिया के पास वैश्य समाज के धर्मशाला में समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 2024 लोकसभा आम चुनाव में समर्थन देने का निर्णय लिया गया बैठक में जिला अध्यक्ष आनंद गुप्ता जिला महामंत्री आलोक गुप्ता जिला उपाध्यक्ष जिला कोषाध्यक्ष करुणा शंकर गुप्ता विक्की गुप्ता अनुज गुप्ता विवेक कुमार गुप्ता अरविंद कुमार प्रदीप गुप्ता राहुल गुप्ता अरुण गुप्ता पीयूष गुप्ता रामदत्त गुप्ता प्रशांत गुप्ता विक्की गुप्ता शाहित वैश्य समाज के सैकड़ो युवा मौजूद ।

# खबरें चलते-चलते

## हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहे युवक को दबोचा



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा विगत दिनों पूर्व प्रेम संबंधों में बाधक बन रहे पति की पत्नी द्वारा प्रेमी व उसके साथी के साथ षड्यंत्र रचकर हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है।सोमवार को प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, कांस्टेबल मोनू कुमार, अमन कुमार, जितेन्द्र सिंह के साथ संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पूर्वी बाईपास के निकट निर्माणाधीन हॉस्पिटल के पास छापेमारी की। जहां से हत्या के मामले में फरार चल रहे अतुल पुत्र सत्यपाल जाटव निवासी ग्राम वसीकला थाना हसनपुर जिला अमरोहा को हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## मेडिकल कॉलेज में दो मई से होगा राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार

**तिर्वा।** राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में आगामी 02 मई से 04 मई तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का एक सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार में यूपी सहित विभिन्न प्रान्तों के करीब 500 चिकित्सकों को चिकित्सा अनुसंधान व अति गंभीर रोगी की पुर्नजीवन प्रक्रिया से सम्बन्धित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जानकारी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने दी। उन्होने बताया कि सेमिनार से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए मंगलवार की दोपहर एक बजे प्राचार्य कार्यालय में एक प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सेमिनार में आने वाले मुख्य अतिथि से लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों के बारे में जानकारियां दी जाएगी।

## मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 03 से 08 मई तक संपन्न होगा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंन्त्र, समयबद्ध एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 03 से 08 मई तक जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन रोड स्थित सेन्ट जेवियर्स स्कूल में आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 03 से 08 मई तक सेन्ट जेवियर्स स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। समस्त मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण उपरान्त परीक्षा के माध्यम से मूल्यांकन किया जायेगा। परीक्षा में खराब प्रदर्शन पर सम्बन्धित कार्मिक का दोबारा प्रशिक्षण कराया जायेगा। उन्होंने समस्त मतदान कार्मिकों को सूचित किया है कि वह पूर्ण रूप से अध्ययन कर निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## मार्ग दुर्घटना में सर्राफा व्यापारी के पुत्र की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रक की टक्कर से दो चचेरे भाई घायल हो गये। दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जिसमे एक को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला तलैया निवासी सरल कुमार वर्मा उर्फ नन्हें की लाल सराय पर सर्राफा की दुकान है। उनका 18 वर्षीय पुत्र अर्पित अपने चचेरे भाई नीरज को स्टेशन छोड़ने जा रहा था। उसी दौरान थाना कादरी गेट के देवरामपुर रेलवे समपार के निकट ट्रक ने बाइक सवार दोनों भाईयों के टक्कर मार दी। दोनों को लोहिया अस्पताल लाया गया। जहाँ अर्पित को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक ने इसी साल हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी। मृतक दो भाईयों में दूसरे नम्बर का था। एक बहन है। माँ मंजू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। आईटीआई चौकी प्रभारी सुरजीत कुमार ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक फरार है।

# राजस्व विभाग व नगर पालिका परिषद कर्मचारियों ने मतदान के लिए किया जागरूक



**छिबरामऊ कन्नौज।** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनाव आयोग द्वारा 13 में को मतदान के लिए निमंत्रण पत्र नगर पालिका परिषद राजस्व विभाग द्वारा डोर टू डोर संपर्क कर निमंत्रण पत्र देकर लोगों को किया जा रहा है जागरूक।

नगर पालिका परिषद छिबरामऊ शासन के निर्देश पर ज़िलाधिकारी के आदेशानुसार वॉर्ड नंबर 07 जवाहर नगर भैनपुरा में अधिसाषी आधिकारी सुनील कुमार सिंह लेखपाल विमल मिश्रा ने पालिका टीम द्वारा भ्रमण कर नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं वार्ड में गोष्ठी आयोजित कर मतदान करने की अपील की पालिका के कर्मचारी अमरदीप, प्रदीप कश्यप, ज्ञानेंद्र, फिरोज, प्रवेश कुमार, मनोज राठौर, सुभाष चंद्र, प्रेमदास ,कैलाशचन्द्र,प्रभुदयाल,सलाउद्दीन,राजीव कुमार, राजेंद्र कुमार, बबलू शाक्य, दिनेश चन्द्र, सर्वेश कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रह।

# किसानों के उत्थान के लिए युवा आगे आकर संगठन से जुड़ें: पवन ठाकुर

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**जनपद** के दौरे पर आए भारतीय किसान यूनियन किसान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा पवन ठाकुर का जिले की पश्चिमी सीमा पर कन्नौज के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और किसानों ने किया भव्य स्वागत ।

जिसके बाद पश्चिमी बाईपास स्तिथ भारतीय किसान यूनियन किसान के जिला कार्यालय पर कन्नौज जनपद के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से जनपद के मुख्य मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा की मौजूदा समय में देश में आम चुनाव और गर्मी अपने चरम पर है ऐसे मौसम में किसान भाई अपना दिमाग से काम लें और किसी नेता के भ्रामक बातो, वादों और विज्ञापनों में ना फसें स्वम चिंतन करें और यह विचार करके मतदान करने जाएं की हमारा हित किसमे सुरक्षित है साथ ही युवाओं को अपने संगठन में जुड़ने के लिए भी आग्रह किया और कहा की किसानों के बच्चो को बहला फुसलाकर ये राजनेता लोग चुनाव में इस्तेमाल करते है और चुनाव जीतने के बाद उन्हें पहचानते भी नहीं और उन्हे अपने छोटे मोटे काम के लिए फिर यही नेता लोग चक्कर लगवाते है इसी लिए सभी युवा हमारे अपने किसान संगठन से जुड़े और प्रशासन के किसी भी पटल पर अपनी बात और मांगों को सुनियोजित तरीके से मनवाये। भारतीय किसान यूनियन किसान संगठन सदैव किसानों के हित के लिए कार्यरत है और इसी में किसानों और मजदूरों युवाओं का हित सुरक्षित और संरक्षित है ।इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष जी गुरसहागंज पहुंचे जहां दीक्षित नेत्र चिकित्सालय पर आयोजित संगठन के कार्यक्रम में शिरकत की जिसमे संगठन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का जोरदार स्वागत किया गया संगठन का विस्तार करते हुए अभिषेक मिश्रा चंचल को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया कार्यक्रम में ठाकुर हरिभान सिंह को भारतीय किसान यूनियन किसान का प्रदेश उपाध्यक्ष , तथा भानू गुट छोड़कर आए सचिन मिश्रा को छात्र सभा का जिलाध्यक्ष, तथा शिवम मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव युवा मोर्चा अमित पटेल, नियुक्त किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता डॉ रजनीश दुबे ने किया इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव शैलेश दुबे,मुकेश पांडे, प्रदेश महासचिव सूर्यकांत तिवारी,गणेश दुबे जिला प्रभारी अवनीश शर्मा जिला उपाध्यक्ष आनंद तिवारी जिला महासचिव डॉक्टर अभिषेक पाठक जिला जीतू शर्मा जिला मंत्री उपाध्यक्ष शनि चतुर्वेदी जिला सचिव शांति प्रकाश शर्मा संगठन मंत्री,कमल शर्मा,सूरज दुबे, अनिल शर्मा, शांतनु यादव, तरुण त्रिपाठी, शिवम शर्मा, विवेक दीक्षित मीडिया प्रभारी, दिलीप कश्यप, दीवान कश्यप, अखिलेश कुमार, मुकेश यादव आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला, प्रदेश महासचिव रवि तिवारी, जिला महासचिव आनंद तिवारी जिला संगठन मंत्री शांति प्रकाश शर्मा, अभिषेक पाठक , पुनीत दुबे सनी चतुर्वेदी , अमन मिश्रा आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने से किसानों में रोष

- भाकियू (अवधेश) ने दी बिजलीघर के घेराव की चेतावनी

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**तहसील** रोड स्थित कार्यालय में हुई भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की बैठक में सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलने पर रोष व्यक्त करते हुए बिजली घर के घेराव की चेतावनी दी गई। इस मौके पर संगठन का विस्तार भी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा किसान भाई लगातार शिकायत कर रहे हैं कि पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से फसलें सूख रही हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करने पर संतोषजनक जबाब नहीं मिलता। बगैर सुविधा शुल्क लिए कोई काम नहीं होता है। अन्नदाता के साथ इस तरह के कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। अगर बिजली विभाग के अधिकारी नहीं सुधरे तो हम उन्हे सुधार देंगे। किसानों की दिक्कतें खत्म करना ही संगठन का एक मात्र लक्ष्य है। राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान व अटल प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा सभी पदाधिकारियों का दायित्व है कि अच्छे लोगों को संगठन से जोड़ें। भाकियू (अवधेश) ही एक मात्र ऐसा संगठन है जो किसी पदाधिकारी से एक रुपया भी नहीं लेता और निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने का मौका देता है। प्रदेश उपाध्यक्ष लालू यादव ने कहा किसी भी समस्या से निपटने के लिए हम ही काफी हैं। इस अवसर पर संगठन का विस्तार भी किया गया। महिला प्रकोष्ठ कानपुर जोन के लिए सुमन शुक्ला को मंडल उपाध्यक्ष व आरती त्रिपाठी को मंडल महामंत्री बनाया गया। नगर अध्यक्ष नेहा गुप्ता ने माल्यार्पण व अन्य सभी ने पुष्प गुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया। इस दौरान अनूप कुमार द्विवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, गोपाल दुबे प्रदेश सचिव, पवन तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा, अविरल दुबे जिला संयुक्त सचिव, आशीष सक्सेना मंडल उपाध्यक्ष, मास्टर सुधीर मंडल प्रवक्ता, रंजीत सिंह जिला मीडिया प्रभारी युवा, नीलू यादव जिला उपाध्यक्ष, मंजू यादव ब्लॉक उपाध्यक्ष, शिवराम सिंह मंडल उपाध्यक्ष व सर्वेश मिश्रा ब्लॉक उपाध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**चुनाव** | दो प्रत्याशियों ने अपना पर्चा वापस लिया अब 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

# कन्नौज संसदीय सीट से अब प्रत्याशियों की तस्वीर हुई साफ

- भाजपा प्रत्याशी की पत्नी नेहा पाठक व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी रामबख्श वर्मा ने अपना पर्चा वापस लिया

कन्नौज,समृद्धि न्यूज




**कन्नौज** संसदीय सीट से अब प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। लोकसभा सीट से कुल 28 प्रत्याशियों ने नामांकन किए थे। जिसमें से 11 प्रत्याशियों के पर्चे निरस्त हो गए थे। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी की पत्नी समेत दो लोगों ने अपने पर्चे वापस ले लिए हैं, अब कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोकने के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि कन्नौज संसदीय सीट से 28 प्रत्याशियों ने निर्धारित तिथि पर अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 11 प्रत्याशियों के पर्चे निरस्त कर दिये गये थे, इनमें गरीब आदमी पार्टी प्रत्याशी श्रीकृष्ण, जन संचार दल के अंकुर प्रताप सिंह, अनारक्षित समाज पार्टी के राम लखन, संयुक्त जनादेश पार्टी के आनंद कुमार, राष्ट्रीय समाज दल सुनील कुमार, निर्दलीय जर्रार खां, शिवांक बाजपेयी, विजय कुमार, शोभित सिंह, राजेश सिंह चौहान और राधा रानी के नाम शामिल हैं। इन 11 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त होने के बाद कुल 17 प्रत्याशी मैदान में थे। बता दें कि भाजपा प्रत्याशी की धर्म पत्नी नेहा पाठक ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना पर्चा दाखिल किया था, जो सोमवार को वापस ले लिया, वहीं राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी रामबख्श वर्मा ने भी अपना पर्चा वापस ले लिया। इन दोनो प्रत्याशियों के पर्चा वापसी के बाद अब कन्नौज संसदीय सीट पर 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। बता दें कि समाजवादी पार्टी से स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव मैदान में हैं। तो वहीं भाजपा से निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक एक बार फिर चुनावी समर में ताल ठोंक चुके हैं। लोगों में चर्चा है कि भाजपा और सपा में कड़ा मुकाबला होगा, हांलाकि बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर भी कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार ने बताया कि सोमवार को 2 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र वापस ले लिया गया। अब कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। बताया कि कन्नौज में लोकसभा चुनाव के लिए अब हर मतदान केंद्र पर एक-एक ईवीएम से ही वोट पड़ेंगे। कहा कि कन्नौज संसदीय सीट से 28 लोगों ने दावेदारी की थी। जिसमें से 11 प्रत्याशियों के पर्चे निरस्त हो गए थे। कुल 17 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें दो प्रत्याशियों ने सोमवार को पर्चे वापस ले लिये, अब 15 प्रत्याशी मैदान में हैं बताया कि 1 ईवीएम मशीन में 15 प्रत्याशी और 1 नोटा समेत 16 प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह की क्षमता होती है। ऐसे में यदि 15 से अधिक प्रत्याशियों की संख्या होती तो प्रशासन को हर मतदान केंद्र पर 1 से अधिक ईवीएम मशीन लगानीं पड़तीं, लेकिन अब मतदान केंद्रों पर एक-एक मशीन लगाई जाएगी।

## बाइक से गिरकर युवती ने तोड़ा दम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक से गिरकर युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, लेकिन परीक्षण के उपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के ग्राम झसी निवासी अतर सिंह यादव की 19 वर्षीय पुत्री सुरभि अपने भाई संजू के साथ अपने पेट दर्द की दवा लेने सराय गयी थी। बाइक से वापस लौटने के दौरान अचानक सुरभि को चक्कर आने से वह सराय से कुछ दूरी पर सड़क पर गिर गयी। उसे गंभीर हालत में सीएचसी मोहम्मदाबाद लाया गया। जहाँ सुरभि को चिकित्सक सनी मिश्रा ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की माँ सुषमा देवी आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका पांच बहनों में सबसे छोटी थी। उसके दो भाई हैं। वहीं आरोप है कि सूचना देने के डेढ़ घंटे बाद एम्बुलेंस पहुंची। मृतका सुरभि के भाई सोनू नें आरोप लगाया कि सूचना देने के लगभग डेढ़ घंटे के बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गयी और उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने एम्बुलेंस कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने पर महिला की मौत

- ग्रामीण बोले बीते दिन पति पत्नी के बीच हुआ था विवाद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



गुमशुम बैठे मृतका के परिजन — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज** कोतवाली क्षेत्र के गाँव जौरा रोड पट्टिया निवासी पायल उम्र 26 वर्षीय पत्नी सुधाकर कोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने पर पति पत्नी को नगर के सीएचसी में लेकर आया। जहां डाक्टर अनुराग कुशवाह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल मे उपचार के दौरान पायल की मौत हो गई। पति पत्नी का शव लेकर अपने घर पहुँचा और सुबह दाह संस्कार करने के लिए सोनसरवा कुन्डा पर पहुँचकर जैसे ही दाह संस्कार करने जा रहा था, उसी दौराने मौके पर पहुँचे क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र कुमार, नायव तहसीलदार सुर्जन कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, मन्डी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार कश्यप ने कुन्डा पर पहुँचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतका की माँ बसन्ती, पिता जयसिंह निवासी प्रेम नगर थाना कायमगज ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी पायल का विवाह लगभग दो वर्ष पूर्व गॉव के सुधाकर के साथ किया था। जिससे एक बेटा तीन माह का लक्स है। उसके बाद वह जौरा रोड पट्टिया में रहने लगा। सुधाकर का पहला विवाह लगभग 10 वर्ष पूर्व उर्मिला पुत्री सीताराम निवासी इलाहाबाद के साथ हुआ था। दो वर्ष बाद उर्मिला सुधाकर को छोड़कर चली गई थी। उसके बाद उसका दूसरा विवाह बसन्ती ने अपनी बेटी पायल के साथ किया था। ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार बीते दिन पति सुधाकर का किसी बात को लेकर पत्नी पायल से विवाद हो गया था। संदिग्ध परिस्थितियों में पायल की हालत बिगड़ने पर उपचार के लिये लेजाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# डीएम ने की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान के तहत अभी तक किये गए कार्यों की समीक्षा की गई। जिले में एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट कम हुआ है जिसे बढ़ाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। संचारी रोगों से बचाव की जानकारी आशाओं द्वारा सही से नहीं दी जा रही है। इसके लिये एमओआईसी बढ़पुर व कमालगंज को चेतावनी दी गई कि वह आशाओं को निर्देश दें कि वह संचारी रोगों से बचाव की सही से जानकारी दें। नगर पंचायत संकिसा में नालियों की सफाई कम पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अस्पताल व सीएचसी व पीएचसी में साफ -सफाई अच्छी होनी चाहिए व कोई भी उपकरण टूटा फूटा नहीं होना चाहिये। सभी जगह ओआरएस व दवाई की पर्याप्त व्यवस्था हो। जिससे गर्मी में लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## स्टांप पर जबरिया दस्तखत कराने का विरोध करने पर आरोपियों ने पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम धमगमा निवासी जैनेंद्र उर्फ जैना पुत्र कन्नौजी लाल ने परिवार के ही आशीष कुमार, हर्षित कुमार पुत्रपुत्र सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह पुत्र कनौजी लाल साहित तीन लोगों के खिलाफकस्बा पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बीते दिवस की रात्रि भाभी शारदा देवी पत्नी स्वर्गीय राधा कृष्ण के घर के पास चारपाई पर लेटा था। इसी दौरान आरोपी हाथों में अवैध असलाह लेकर आ गए। आरोपियों के हाथों में एक स्टांप था जिस पर आरोपी जबरिया दस्तखत कराने का दबाव बनाने लगे। इन्कार करने पर आरोपियों द्वारा लात -घूसो से पिटाई की गई। शोर मचाए जाने पर आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है आरोपी असलाहों की नोक पर उसकी 25 हजार की रखी नगदी भी लेकर फरार हो गए। पीड़ित का कहना था वह पुलिस को सूचना देने की कोशिश करता रहा। मगर आरोपी उसकी निगरानी किए हुए थे। किसी तरह छुपछुपाकर मंगलवार की सुबह पुलिस चौकी फैजबाग पहुंचा। जहां उसने घटना की जानकारी बयां की तथा सभी आरोपियों के खिलाफकार्यवाही की मांग की। पीड़ित का आरोप था उक्त लोग जबरिया स्टांप साइन कराकर उसके हिस्से की जमीन को हड़पना चाहते हैं। इसके लिए वे किसी भी सीमा को पार कर सकते, क्योंकि आरोपियों द्वारा जान माल की धमकी दी गई।

## सदर विधानसभा के भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को रेलवे रोड स्थित बीएस मेंशन में लोकसभा चुनाव के लिए सदर विधानसभा क्षेत्र का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, भाजपा प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत, पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल के द्वारा फीता काटकर किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सांसद प्रत्याशी मुकेश राजपूत को जीताने का संकल्प के साथ ही हवन पूजन का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे और प्रत्याशी को जिताने की अपील की। संचालन आदित्य मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, डॉ भूदेव राजपूत, कुलदीप गंगवार, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, रामनरेश गौतम, अनुराग जाटव, प्रबल त्रिपाठी, रमेश चंद्र मिश्रा, रामनरेश शुक्ला, श्याम सुंदर लल्ला, अतुल शंकर दुबे, विकास पांडे, राजकुमार वर्मा, शेर सिंह शाक्य, अमित कुमार पाल, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## शार्टसर्किट से चीनी मिल के जीएम कार्यालय में लगी आग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शार्टसर्किट से चीनी मिल के जीएम कार्यालय में आग लग गयी। जिससे कर्मचारियो में भगदड़ मच गयी। घटना की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तक कई आवश्यक अभिलेख आग की भेंट चढ़ गये। जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर में अचानक शार्टसर्किट से जीएम कार्यालय में आग लग गयी। आग लगने से कर्मचारियों में अफरा-तफरा का माहौल उत्पन्न हो गया। आनन-फानन में घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गयी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कम्प्यूटर, प्रिंटर, फर्नीचर, अभिलेख सहित जीएम कार्यालय के सम्पूर्ण लेखा जोख जल गया। वहीं जीएम ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। आग शार्टसर्किट से लगी थी।

## वृद्ध की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव अचरीया बाकरपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया वृद्ध की मौत की खबर सुनते ही परिवार मे कोहराम मच गया।

# पति की पिटाई से आहत महिला ने लगाई फांसी, मौत

- जिस कमरे में सो रहा था पति उसी कमरे में लगाई फांसी

**नवाबगंज, समिृद्ध न्यूज**



मृतका का फाइल फोटो



गमगीन बैठे मृतका के परिजन — समृद्धि न्यूज

**बीती रात** पति पत्नी में विवाद हो गया। जिस पर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। जिससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार नवाबगंज के सोना जानकीपुर गांव निवासी शिवम की पत्नी प्रीति देवी 23 वर्ष की बीती रात पति से किसी बात को लेकर अनवन हो गयी। जिसके चलते रात में पति ने पत्नी के साथ हाथापाई कर दी। इसी बात से आहत महिला ने कमरे में साड़ी के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ननद लक्ष्मी ने देखा कि भाभी और भाई कमरे से बाहर नहीं निकले, तो उसने आवाज लगाई। झांककर देखा तो भाभी का शव लटका देखकर उसकी चीख निकल गई। उसने पास में ही बेड पर लेटे अपने भाई को जगाया और जल्दबाजी में फांसी का फंदा खोलकर शव जमीन पर रखा, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। मृतका के परिजनों को सूचना दी गई। मृतका की डेढ़ वर्ष पहले शादी हुई थी। मृतका के एक पांच माह की पुत्री अंशिका है। फिलहाल मृतका के पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। शिवम दिल्ली में किसी फैक्ट्री में मजदूरी करता है। वह कुछ दिन पूर्व ही गांव आया था और आज वापस नौकरी पर जाने वाला था। मृतका के बहनोई ने बताया कि शिवम शराब पीकर आए दिन उसकी साली के साथ मारपीट करता था। जिसकी जानकारी उसकी पत्नी को थी। उसने कई बार उसे समझाया, लेकिन वह नहीं माना। आज इसी के चलते साली की जान चली गई। घटनास्थल पर क्षेत्राधिकार अरुण कुमार, हल्का प्रभारी इंद्रजीत सिंह, दरोगा संतोष सिंह, एसएसआई राम सिंह और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर नमूने लिए। मायके पक्ष को सूचना दे दी गई है। अभी तक मायका पक्ष घटना स्थल पर नहीं पहुंचा है। बताते हैं कि मृतका के परिजन दिल्ली में रहते हैं। परिजनों के न पहुंचने पर परिजनों ने शव को नहीं उठने दिया। तब सूचना पर नायब तहसील अनवर हुसैन मौके पर पहुंचे। उनके समझाने पर परिजन मानें और शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चेयरमैन के प्रयास से जल्द शमसाबाद से जिला मुख्यालय तक चलेंगी रोडवेज बसें

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत** कार्यालय शमशाबाद का क्षेत्रफल लगातार बढ़ता ही जा रहा। नगर पंचायत शमसाबाद जहां एक बड़ी आबादी का हिस्सा निवास करता। वहीं कुछ ऐसे भी ग्रामीण क्षेत्र जो नगर पंचायत शमसाबाद की सीमाओं से सटे हुए हैं तथा आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी के लिए शमशाबाद आते हैं। मगर शिक्षा, चिकित्सा, कचहरी के लिए अधिकांश लोगों को जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता है। मगर अफसोस जिला मुख्यालय तक जाने के लिए सरकारी लोकल बसें नहीं हैं। मजबूर लोगों को डग्गामार वाहनों, टेंपो आदि का सहारा लेना पड़ रहा है। नगरवासियों की आवागमन सम्बन्धी समस्याओं को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष जोया शाह फारूकी ने इससे पूर्व में दो बार जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर परिवहन कार्यालय फर्रुखाबाद से शमशाबाद से फर्रुखाबाद फतेहगढ़ तक सरकारी लोकल बसों का संचालन कराए जाने की मांग की थी। आखिरकार नगर पंचायत अध्यक्ष शमशाबाद जोया शाह फारूकी की मेहनत रंग लाई और शिकायती पत्र को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेकर संबंधित अधिकारियों के आवश्यक आदेश दिए है। सूत्रों की मानें तो जिलाधिकारी के आदेशानुसार शमशाबाद से फर्रुखाबाद फतेहगढ़ तक जल्द रोडवेज की बस सेवा आरंभ होगी

# सलमान खुर्शीद ने की इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की अपील

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



जनसभा के दौरान मौजूद सलमान खुर्शीद, लुईस खुर्शीद व सपा प्रत्याशी आदि


**इंडिया गठबंधन** प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य की जनसभा नगर के मोहल्ला चिलाँका में सम्पन्न हुई। सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे कांग्रेस पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने गठबंधन प्रत्याशी को जितने के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए इस बार चुनाव में भाजपा का सूफड़ा साफ हो जायेगा। उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जीतने की अपील की। सलमान खुर्शीद ने कहा कि इस बार जनता का रुझान कुछ और ही दिख रहा है। अबकी जनता परिवर्तन चाहती है और यह परिवर्तन इस चुनाव में होकर रहेगा, क्योंकि परिवर्तन संसार का नियम है। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष शकुंतला देवी, पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, इलियास मंसूरी, अजीत कठेरिया, राम प्रकाश उर्फ कल्लू यादव सहित तमाम गठबन्धन के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर दंपति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम वराकेशव निवासी सुनील कुमार पुत्र सुरेश सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिनांक 26 अप्रैल को मेरे छोटे भाई नीरज कुमार व उसकी पत्नी ने मेरी पत्नी उषा देवी के साथ गाली-गलौज किया। जब मैंने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने मुझे एवं मेरी पत्नी को लाठी डंडों से जमकर पीटा। जिससे उनके गंभीर चोटें आई हैं।

# आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



नगर में फ्लैगमार्च करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

**आगामी** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार के नेतृत्व में नगर के विभिन्न हिस्सों में फ्लैगमार्च निकाला गया।

उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई और इसी के अनुरूप फ्लैगमार्च भी आयोजित किया गया है। पुलिस ने पीएसी जवानों के साथ फ्लैगमार्च निकाला। साथ ही जनता से अपील की कि वह शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करें। किसी के प्रलोभन आदि में न आयें। शांतिपूर्ण मतदान कराना पुलिस की जिम्मेदारी हैं। यदि कोई उपद्रव करता पाया जायेगा, तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, क्राइम इस्पेक्टर राजेश कुमार, उपनिरीक्षक नितिन यादव, कस्वा चौकी इंचार्ज विद्या सागर तिवारी, मन्डी चौकी इन्चार्ज कृष्ण कुमार कश्यप, कांस्टेबिल विनीत कुमार और पीएसी जवानों के साथ में मिलकर नगर के पुलगालिब पुलिया, बजारिया, श्यामा गेट, चिलॉका, पटवन गली, जटवारा होते हुए नगर में फ्लैगमार्च कर नगरवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

## ऊंचाई से गिरकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ऊंचाई से गिरकर अधेड़ घायल हो गया। उसी सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला छपट्टी निवासी लालू राम (40) ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बसअड्डा प्रभारी को बंधक बनाकर पीटने व डकैती में बस मालिक सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



जानकारी देता पीड़ित

**रोडवेज बस** अड्डे के प्रभारी को निजी बस के कर्मियों ने बंधक बनाकर जमकर मारपीट की थी। जिससे प्रभारी के गंभीर चोटें आई थीं। मामले मे पुलिस ने घायल प्रभारी का बस मालिक सहित चार के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा, डकैती आदि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना कादरी गेट के लाल दरवाजा बस अड्डे के जितेंद्र सिंह गौतम स्टेशन प्रभारी हैं। बीती रात लगभग 9 बजे उन्होंने बस अड्डे के सामने से सवारी भरते डग्गामार बस को पकड़ा। जब जितेंद्र सिंह मोबाइल से वीडियो बनाते हुए बस के भीतर दाखिल हुए तो बस कर्मियों ने बस का दरवाजा बंद कर लिया। आरोपी बस को भगाकर चांदपुर ले गया। जहां प्रभारी के साथ मारपीट की गई। जितेंद्र सिंह गौतम ने बताया की आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया। आरोपी जान से मारकर गंगा में फेंकने की बात कर रहे थे। ओपी लॉन के पास बस ने दो बाइक सबार को टक्कर मार दी। जिससे दोनो बाइक सबार घायल हो गए। पुलिस बस मालिक विपिन दीक्षित, बस चालक व दो अन्य अज्ञात के खिलाफ धारा मुकदमा 364, 394, 332, 353, 504, 506 व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जांच सीओ सिटी को दी गई है। दबिश देने गई पुलिस गलत घर में घुस गयी। घटना होने के बाद पुलिस ने बस मालिक विपिन दीक्षित के नाम के दूसरे व्यापार मंडल नेता के घर रात दविश दी। बस मालिक और व्यापार मंडल नेता का नाम विपिन दीक्षित निवासी कादरी गेट है। व्यापारी नेता विपिन दीक्षित ने बताया की जब भारी पुलिस अचानक घर मे जबरन घुसी। उसके बाद परिजनों से अभद्रता की। जब जानकारी हुई की जहां दबिश दी है यह बस मालिक नही हैं। जिसके बाद पुलिस उल्टे पैर वापस हुई। थानाध्यक्ष अवध नारायण पाण्डेय ने बताया की मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## मार्ग दुर्घटना मे दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव मौसमपुर निवासी परमजीत (32) व कम्पिल क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी नीलेश (24) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद परमजीत को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

चौपाल — चौपाल लगाकर नरौसा, बीसलपुर, अहिल्यापुर, बिडैल में मांगे सपा के लिए वोट

# विश्वकर्मा समाज को सम्मान देने का काम सपा ने किया: रामआसरे विश्वकर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




पत्रकारों से रुबरु होते पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा



ग्रामीण क्षेत्र में सम्मेलन को सम्बोधित करते रामआसरे विश्वकर्मा मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव रामआसरे विश्वकर्मा ने जनपद में आकर पार्टी के प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य के पक्ष में उन्होंने कई जगह सभाएं एवं सम्मेलन कर वोट देने की अपील की। पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने अहिल्यापुर, नरौसा, बीसलपुर, बिडैल में चार सम्मेलन किए। यह सम्मेलन विश्वकर्मा समाज के लोगों के बीच में किए गए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने उन्हें जमीन से उठाकर दो-दो बार विधान परिषद पहुंचाया। साथ ही उन्हें समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री भी बनाया। इतना सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने कभी भी विश्वकर्मा समाज के लोगों को नहीं दिया। आज जब देश एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां पर ना तो लोगों के पास रोजगार है और ना ही महंगाई का कोई पुख्ता इलाज है। भाजपा ने समाज के हर व्यक्ति को पंगु सा बना दिया है। उन्होंने कहा कि दस साल में भाजपा ने कुछ भी नहीं दिया। हर बार भाजपा सरकार में परीक्षा का पेपर लीक हो गया। पेपर के नाम पर छात्रों से भाजपा सरकार ने लाखों रुपये कमाये है। अन्य दलों ने कभी भी विश्वकर्मा समाज को आगे नहीं बढ़ाया। कई गांव में जन सम्पर्क किया। समाज से अपील की है कि प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताये। सभी ने पूरे जोर-शोर से जिताने का संकल्प लिया। इस बार भाजपा 200 सीटे पार नहीं कर पायेगी। इस मौके पर प्रत्याशी पत्नी प्रियंका शाक्य, अरुण पाल शर्मा, डा0 मुकेश विश्वकर्मा, शिवशंकर शर्मा, आशीष शर्मा, अनुज शर्मा, अमन, राज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। वहीं भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बुलबुल कोल्ड स्टोरेज में हुआ। बड़ी संख्या में सपा नेताओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्रभारी मौलाना इनामुल हक कादरी, प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य, अरशद जमाल सिद्दीकी, राशीद जमाल सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, बिल्लू श्रीवास्तव, राकेश दिवाकर राका, विवेक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने डा. नवल किशोर शाक्य के लिए घर-घर मांगे वोट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने अपनी टीम के साथ जन सम्पर्क कर वोट मांगे। ग्राम फरसोली मिलिकिया में संजीव यादव, राजेश कुमार, अरविन्द कुमार, जबर सिंह, रामज्ञान यादव, मुकेश कुमार, अरविन्द कुमार, नीरज कुमार, रघुनंदन के साथ जन सम्पर्क किया। वहीं रानीपुर गौर में मोहन खान, आलोक यादव, शीलू यादव, अरुण यादव, मुनेश्वर सिंह, राजीव यादव, ध्रुव सिंह के साथ वोट मांगे।



खेत में किसानों से वोट मांगते सपा सैनिक प्रकोष्ठ के लोग समृद्धि न्यूज

रानीपुर में जन सम्पर्क के दौरान गेहूं काट रहे किसानों से सपा के लिए वोट मांगे और कहा कि किसानों की खुशहाली के लिए समाजवादी पार्टी को वोट करें। भाजपा की जुमलेबाजी सरकार से बचें। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताये, तभी संविधान बचेगा। रोजगार मिलेगा, शिक्षा मिलेगी और नौजवानों का भविष्य मिलेगा। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव, राजेन्द्र सिंह, रामाधार सिंह, बृजेश सिंह, अवधेश सिंह, अमित यादव, दीप सिंह, मदनपाल, अनिल यादव, पवन कुमार, कश्मीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही कई गांवों में पूर्व मंत्री रामासरे विश्वकर्मा के साथ जन सम्पर्क किया और आयोजित चौपाल में बढ़-चढ़कर सैनिक प्रकोष्ठ ने भाग लिया।

# एसकेएम इंटर कॉलेज चांदपुर नवाबगंज में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति किया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एसकेएम** इंटर कालेज चांदपुर नवाबगंज में समस्त अध्यापक/ध्यापिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरुक किया गया। लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि 13 मई को जनपद में मतदान है जिसमें शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाये। स्काउट मास्टर ध्रुव मिश्रा ने मतदाताओं को जागरुकता अभियान के तहत शपथ दिलाई। प्रधानाचार्या रीता पाठक ने बच्चों को लोकतंत्र में मतदान की गोपनीयता के बारे में बताया। किस प्रकार मतदान गुप्त रूप से किया जाता है। रघुवंश शर्मा ने ईवीएम एवं वीवीपैट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं से घर के सभी वोट डलवाने का आग्रह किया। इस मौके पर गौरव दीक्षित, मधुरेंद्र, रजनेश कुमार, जबर सिंह वर्मा, अनूप, गौरव सिंह, पल्लवी मिश्रा, कशिश दीक्षित, वर्षा आदि ने मौजूद रहे।



छात्रों को मतदान के बारे में जानकारी देते शिक्षक

# शत-प्रतिशत मतदान कर सच्चा लोकतंत्र करें स्थापितः प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय पाठशाला** इंटर कालेज में मतदाता जागरुकता के तहत छात्रों को शपथ दिलायी गई। सामान्य लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरुकता अभियान के तहत प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग व शासन की मंशा है कि चुनाव में मतदान शत-प्रतिशत हो। छात्रों को लोकतंत्र के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सच्चा लोकतंत्र तभी स्थापित होगा जब 18 वर्ष से अधिक के सभी नागरिक मतदान करें। लोकतंत्र के स्थापित और कल्याणकारी स्वरुप होने के लिए सबको मतदान करना चाहिए।



मतदाता जागरुकता की शपथ लेते छात्र समृद्धि न्यूज

राष्ट्रकाज तुम जान के, फर्रुखाबाद के सब नर नार, मतदान अवश्य कीजिए जाकर सब परिवार आदि स्लोगन भरा नारा लगाया गया। अखिलेश पाण्डेय ने छात्रों को चुनाव में कम मतदान के दुष्परिणाम के बारे में बताया। अगर आप अपने मन पसंद प्रतिनिधि को चुनना चाहते है तो मतदान अवश्य करें। अन्यथा अयोग्य प्रतिनिधि चुने जाने की आशंका रहती है। प्रधानाचार्य ने स्वतंत्र निष्पक्ष शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलायी। इस मौके पर डा0 संजीव त्रिवेदी, पवन कुमार ने विचार रखते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जगवीर यादव, रामचन्द्र कुरील, अविलाश शंखवार, निशांत यादव, अंकुर त्रिपाठी, समरेन्द्र शुक्ल, दिलीप सिंह, मनोज कुमार, सरिता शर्मा, नेमा देवी, केशव गंगवार, देवाशीश पाठक, जयवीर, करन पाल, राजवीर राठौर, संजीव कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# शहर अध्यक्ष ने घर-घर बांटा कांग्रेस का घोषणा पत्र



घोषणा पत्र वितरित करते शहर अध्यक्ष व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शहर कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने कांग्रेस का घोषणा पत्र जन सम्पर्क कर पहुंचाया। सलमान खुर्शीद व प्रभारी अनूप वर्मा के निर्देशानुसार पार्टी कार्यालय नगला दीना भोलेपुर में शहर अध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र नेकपुर कला में घर-घर बांटा। वार्ड अध्यक्ष अजय कटियार, संतोष गुप्ता, प्रभात कटियार, अजय निराला ने जन सम्पर्क कर घोषणा पत्र बांटा।

# बीवीडीसी में हेल्थ एण्ड हैप्पीनेश शीर्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



संगोष्ठी को सम्बोधित करते संस्था सदस्य समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बद्री** विशाल महाविद्यालय में आर्ट आफ लिविंग के तत्वाधान में हेल्थ एण्ड हैप्पीनेश शीर्षक पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के सभागार में उपस्थित छात्र-छात्रायें व समस्त प्राध्यापकों ने भाग लिया। संस्था के सदस्य विवेक बंसल, राहुल, दीप शिखा ठाकुर, राजेश, आशीष, कंचन आदि ने छात्र-छात्राओं को जीवन उपयोगी विचार से अवगत कराया। कार्यक्रम प्रभारी डा0 अर्चना पाण्डेय ने व्यवस्था देखी।

# मतदाता जागरुकता क्लब द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- कनोडिया बालिका इंटर कालेज में दिलायी गई मतदाता जागरुकता की शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मदन मोहन** कनोडिया बालिका इंटर कालेज में मतदाता जागरुकता क्लब के तहत नुक्कड़ नाटक व जागरुकता स्लोगन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय स्वीप टीम के अन्तर्गत नाटक तथा जागरुकता प्रति स्लोगन की छात्राओं ने प्रस्तुतियां दी। मतदाता जागरुकता क्लब लीडर कृति शुक्ला व उनकी टीम माही वर्मा, गौरी गौर, सोना मिश्रा, दीक्षा यादव के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। यह क्लब 13 मई को जनपद में जागरुक होकर काम करेगा। साथ ही वृद्धों का विशेष सहयोग करेगा। स्वीप कोआर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा व भारती मिश्रा, वैभव सोमवंशी के द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में पिंक बूथ व मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज की छात्रायें व प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी, क्लब प्रभारी इंद्रा राठौर के निर्देशन में मतदान पूर्ण सहयोग करेगी। साथ ही विद्यालय में मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। इस मौके पर कुसुम लता, अंजली यादव, समीक्षा अग्निहोत्री, दर्शना आर्या, अनीता सिंह, पारुल जैन, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला, स्वाती, स्मृति, नमीता, शिखा, सीमा, शबाना परवीन, पवित्रा राठौर, अंजना दीक्षित, दीप्ती वर्मा, अर्चना देवी, राधा दीक्षित, सुनीत पाण्डेय, जया सिंह, नेहा सक्सेना, पारुल मिश्रा, उर्मिला, विजय लक्ष्मी के अलावा वरिष्ठ लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य आदि लोग मौजूद रहे।




मतदाता जागरुकता की शपथ लेती छात्रायें समृद्धि न्यूज

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर तैयारी बैठक ब्राहमण समाज जनसेवा समिति (ब्राह्मण महासंघ) के बैनर तले संस्थापक/अध्यक्ष नारायण दत्त द्विवेदी के द्वारा आयोजित की गई। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर सभी वरिष्ठ ब्राह्मणजनों ने अपने विचार व्यक्त किये। भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर वार्तालाप की गई। बैठक में आगामी 10 मई को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव में हवन पूजन व भगवान परशुराम की प्रतिमा पर अभिषेक कराने व सुन्दर कांड पाठ कराने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में जवाहर मिश्रा को संगठन का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रामजी बाजपेयी को कानूनी व वैदिक सलाहकार नियुक्त किया गया। सभी ने द्विवेदी के इस मत का समर्थन किया। सभी ब्राह्मणजनों से कार्यक्रम में अपने गणवेश में उपस्थित रहने का आवाह्न किया गया। बैठक की अध्यक्षता रवीश द्विवेदी ने की। संचालन रामजी बाजपेई ने किया। इस मौके पर विजय दुबे (मटर लाल), शिवम दीक्षित, गोविंद मिश्र, रामजी पाठक, प्रिंस शुक्ला, शिवम दुबे, शशांक शेखर मिश्रा, अंकित तिवारी, अनिल तिवारी, आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल, जितेंद्र दुबे, आलोक शुक्ला, अखिलेश कुमार शुक्ला, स्वदेश दुबे, विमल दुबे, अनुपम शुक्ला, कृष्ण मुरारी बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग

# अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन ने मुकेश राजपूत को दिया समर्थन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अंतरराष्ट्रीय वैश्य** फेडरेशन व सर्व वैश्य समाज के सभी 354 उपवर्गों की शीर्ष संस्था है। पूरे विश्व के कई देशों से बड़ी संख्या में वैश्य परिवार इस संस्था से जुड़ा है। रामदास अग्रवाल राजस्थान वाले इस संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रहे है। वैश्य शिरोमणि बाबू ने सदा राष्ट्रवाद से प्रेरित रहकर राजस्थान के भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, 2002 में गुजरात के प्रदेश चुनाव प्रभारी भाजपा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भाजपा एवम अनेक बार राज्यसभा के सदस्य रहे। जिसको लेकर जिलाध्यक्ष कैलाश गुप्ता ने सांसद मुकेश राजपूत को लोकसभा चुनाव में समर्थन देते हुए सभी वैश्य समाज के लोगों से अपील की। उन्होंने बताया कि कटरा जम्मू में संपन्न राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में देश भर से सत्य सनातन संकृति की छांव तले विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल व प्रदेश अध्यक्ष विधायक नीरज बोरा के नेतृत्व में राष्ट्र हित सर्वोपरि मान कर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मिलिलेश अग्रवाल, दिनेश चंद्र गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी, अवनीश कौशल युवा जिलाध्यक्ष ने सांसद मुकेश राजपूत को समर्थन देते हुए चुनाव लड़ाने का संकल्प लिया।



सांसद मुकेश राजपूत के साथ मिथलेश अग्रवाल व कैलाश गुप्ता

वार्षिकोत्सव

मेधावी बच्चों को वाइस चांसलर ने ट्राफी देकर किया सम्मानित

# हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज में धूमधाम से मनाया गया कमर वार्षिकोत्सव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**हाजी अख्तर** हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज में 9वां वार्षिकोत्सव कमर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जामिया मिलिया इस्लामियां यूनिवर्सिटी के उप चांसलर अब्दुल कय्यूम शामिल हुए। स्टेट नोडल अधिकारी श्रम विभाग के कोआर्डिनेटर सैय्यद रिजवान अली गार्ड ऑफ आनर में शामिल हुए। मुख्य अतिथि अब्दुल कय्यूम ने इस वर्ष के हाईस्कूल व इंटर मीडिएट में टॉपर रहे बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। विद्यालय के हाईस्कूल व इंटर मीडिएट में टॉपर रहे अशर अली व मोहम्मद हारिस एवं अन्य प्रतियोगियों को उन्होंने अपने हाथों से ट्राफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभिभावकों एवं बच्चों को बड़ी गहनता से शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए। इसके साथ ही शिक्षा हासिल करने में समय का कितना महत्व है इसके बारे में विस्तार से उन्होंने चर्चा की। उन्होंने कहा कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद, वैंकट रमन एवं एपीजी अब्दुल कलाम आदि ने उचित साधनों के न होते हुए भी अपनी शिक्षा को हासिल किया और कैसे इतने ऊंचे मुकाम पर पहुंचे। विशिष्ट अतिथि सैय्यद रिजवान अली ने तकनीकी शिक्षा पर अधिक जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल सिर्फ सुबह से लेकर दोपहर 6 घंटे ही खुलता है। इसके बाद स्कूल शाम तक बंद रहते है। इस खाली समय में विद्यालयों को किस प्रकार के शिक्षा के लिए उपयोग में लाया जाये, सरकार इस पर भी विचार विमर्श करें। डायरेक्टर एमएच सिद्दीकी ने नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी। प्रबंधक हाजी मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अभिभावक प्रतिदिन अपने बच्चों को स्कूल भेजे। उनकी उपस्थिति जीवन में कितना महत्व रखती है। 9वें वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मां का ख्वाब, मोबाइल एडिक्शन, गुड टच बैड टच एवं फादर्स लव एवं देश भक्ति गीत को सराह गया। इस मौके पर प्रबंधक पुत्र सुफियान हुसैन रहमानी, शादमान हुसैन रहमानी, राजन महेश्वरी, अनीस अहमद, मलिक बख्तियार खान, डा0 अरविन्द कुमार, हाजी इखलाक अहमद, आकिल खान आदि ने विचार व्यक्त किये।

जैनब खान, खिजरा अंजुम, तानिशा केदार एवं हिफ्जा इस्लाम व मिर्जा कादरी ने संचालन किया। प्रधानाचार्या इरम खान एवं शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रही।



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते वाइस चांसलर व मौजूद अन्य

## खबरें एक नजर में

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय इंटर तक किये जायेंगे उच्चीकृत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के कस्तूरबा विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 से कक्षा 9 में विज्ञान वर्ग की पढ़ाई शुरु होगी। इस हेतु प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 9 में सौ-सौ सीटों पर विज्ञान वर्ग में प्रवेश लिये जायेगें। राज्य के पिछड़े क्षेत्रों के गरीब परिवार की बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। सरकार की प्रदेश के सभी 442 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को इंटर मीडिएट तक उच्चीकृत किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्तमान शैक्षिक सत्र में कक्षा 9 में विज्ञान वर्ग की पढ़ाई शुरु की जा रही है। इस हेतु प्रदेश के सभी कस्तूरबा विद्यालयों में कक्षा 9 में 100 सीटों पर प्रवेश लिए जायेगें। इंटर मीडिएट तक इन विद्यालयों को उच्चीकृत किये जाने की योजना को लागू करने हेतु निर्माण कार्य चल रहा है। जो मई के अंत तक पूरा किये जाने का लक्ष्य है। इसके पश्चात इन विद्यालयों में सबसे पहले कक्षा 9 विज्ञान वर्ग में प्रवेश लिये जायेगें। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से निर्देश दिये गये है कि इन स्कूलों में कक्षा 9 से इंटर तक की पढ़ाई हेतु होने वाले निर्माण कार्यो जल्द से जल्द पूरा किया गया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन विद्यालयों का लोकार्पण करेगें। विदित है कि अभी कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में पिछड़े क्षेत्रों की प्रतिभावान निर्धन छात्राओं को कक्षा 8 तक निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। जिसके अन्तर्गत भोजन, कपड़े, कापी, किताबे आदि सभी कुछ फ्री है। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष संतोष दुबे तथा राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका आदेश गंगवार ने कस्तूरबा विद्यालयों को उच्चीकृत किये जाने के प्रयासों की सराहना की है और आशा व्यक्त की है कि निर्धन छात्राओं की प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

### सौभाग्यवती ने छोड़ा मैदान, अब आठ प्रत्याशी लड़ेगें चुनाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा प्रत्याशी व सांसद की पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पर्चा वापस लेने के बाद अब आठ प्रत्याशी रह गये मैदान में। रिटर्निंग आफिसर ने बताया कि नाम वापसी के दिन सौभाग्यवती राजपूत ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। बताते चले कि भाजपा सांसद व प्रत्याशी मुकेश राजपूत की पत्नी सौभाग्यवती राजपूत है, जो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुकी है। उनके मैदान से हट जाने के बाद अब आठ प्रत्याशी मैदान में रह गये है। उनमें बहुजन समाज पार्टी से क्रांति पाण्डेय का चुनाव चिन्ह हाथी, समाजवादी पार्टी से डा0 नवल किशोर शाक्य का चुनाव चिन्ह साइकिल, भारतीय जनता पार्टी से मुकेश राजपूत का चुनाव चिन्ह कमल का फूल, भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा से अमर सिंह का चुनाव चिन्ह बैंच, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से दिनेश का चुनाव चिन्ह बांसुरी, भारतीय जबान किसान पार्टी विद्या प्रकाश का चुनाव चिन्ह उपहार, भारतीय नागरिक पार्टी से श्याम वीर सिंह का चुनाव चिन्ह कांच का गिलास, निर्दलीय प्रत्याशी हरनन्दन सिंह का चुनाव चिन्ह गन्ना किसान है अब चुनाव मैदान में है। सभी को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये है।

### लेखपाल व प्रधान पुत्र के खिलाफ याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लेखपाल व ग्राम प्रधान के पुत्र द्वारा जानमाल की धमकी व अभद्रता करने के मामले में पीड़िता ने न्यायालय में याचिका दायर की है। थाना मऊदरवाजा के रमन्ना गुलजारबाग निवासी सुखरानी पत्नी रामऔतार ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि ग्राम पंचायत तालाब स्थित है। तालाब पर गांव के ही संजीव शाक्य व राजीव शाक्य पुत्रगण हीरालाल शाक्य तथा हीरालाल ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। मैंने संदर्भ में जिलाधिकारी से शिकायत की। जिस पर 23 अप्रैल 2024 को शाम को लेखपाल हरवंश सिंह चौहान व गांव के प्रधान पुत्र रविंद्र पुत्र हरिशंकर घर पर आए और लेखपाल बोले कि तुझे पता नहीं मेरी कलम में कितनी ताकत है। तूने मेरी शिकायत की अब तुझे इसका परिणाम भुगतना होगा। मैं कुछ कह पाती तभी लेखपाल व प्रधान पुत्र गालियां देने लगा और जानमाल की धमकी देते हो कहा कि अब मैं तेरे खिलाफ ऐसा लिखकर भेजूंगा। तुझे पता लग जाएगा। इस संदर्भ में मैंने थाने में शिकायत की, पुलिस अधीक्षक से शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद बस स्टेशन पर तैनात जितेन्द्र सिंह के साथ डग्गामार वाहन संचालकों द्वारा अपहरण कर जान से मारने की कोशिश को लेकर गंभीरता दिखाते हुए रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ जल्द कार्यवाही करते हुए सजा दिलाने की मांग की है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि बीते दिन हुई घटना से संगठन के कर्मचारी में रोष है। उन्होंने गठन करते हुए भविष्य में पुनः घटना न घटे जिसके लिए संयुक्त रुप से निंदा करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। कृष्ण शुक्ला, मनोज शुक्ला, राहुल दुबे, अब्दुल रफीक, पंकज कुमार वर्मा, अनूप कटियार, योगेन्द्र प्रकाश सक्सेना, गौरी शंकर, जरनैल सिंह यादव, अरुण यादव, अनिल कुमार राणा, राघवेन्द्र पाठक, बलवीर सिंह, अनुज यादव, राधा कुमारी, काशिम खां, धीरेन्द्र सिंह आदि पदाधिकारियों ने कार्यवाही की मांग की है।

### शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा के प्रति राहगीरों को किया जागरुक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी गई। सड़क सुरक्षा से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरुक किया गया। विद्यालय के नोडल प्रभारी सतेन्द्र सिंह तथा समस्त स्टाफ द्वारा शासनादेश के अनुसार रास्ते में चलने वाले बाइक सवार लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरुक किया गया। राहगीर व दो पहिया वाहन, कार चालकों को भी सड़क सुरक्षा के नियम बताये गये। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर नोडल प्रभारी सतेन्द्र सिंह, चन्द्रपाल, दिनेश सिंह, विवेक मिश्रा, संतोष सरोज, संदीप यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।


### होम्योपैथिक चिकित्सक ने मतदान के लिए मरीजों को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के नुनहाई स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय आजाद भवन में चिकित्साधिकारी डा0 सुरेन्द्र सिंह ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पोस्टर बैनर स्लोगन लिखे नारों के साथ रोगियों को मतदान का अधिकार समझाते हुए शपथ दिलायी। 13 मई को अपना वोट डालकर मतदान अवश्य करें और जिम्मेदार नगारिक का दायित्व निभाये। इसके लिए सभी आये हुए मरीजों को प्रेरित किया।

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही भ्रष्टाचार-जातिवाद होगा खत्म : शाह

एजेंसी

**पटना/झंझारपुर (बिहार)।** राज्य में मधुबनी जिले के झंझारपुर लोकसभा सीट से राजग गठबंधन के जदयू उम्मीदवार रामप्रीत मंडल के पक्ष में चुनावी सभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का मतलब है बिहार और देश से भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करना। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी पिछड़ों का हित नहीं किया। कर्पूरी ठाकुर को कभी सम्मान नहीं दिया।



प्रधानमंत्री मोदी ने कर्पूरी को भारत रत्न का सम्मान दिया और उनके अधूरे सपने को यदि कोई पूरा कर रहा है तो वो नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आरक्षण के मामले में लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। आरक्षण या कोटा खत्म करने पर कोई विचार नहीं हो रहा। एक तरफ नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व है तो दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है जिसके पास नेतृत्व ही नहीं है। अमित शाह ने कहा कि यदि आईएनडीआईए की सरकार बनती है तो इनके पास प्रधानमंत्री का कोई चेहरा है क्या? उन्होंने कहा कि आप ही बताइये क्या लालू यादव देश के प्रधानमंत्री बन सकते हैं? क्या, स्टालिन और राहुल गांधी पीएम बन सकते हैं? यदि गलती से इंडी गठबंधन की सरकार बन जाती है तो ये लोग एक-एक साल अलग-अलग प्रधानमंत्री बनेंगे। एक साल लालू प्रधानमंत्री बनेंगे, फिर एक-एक साल अन्य नेता और आखिर में थोड़ा कार्यकाल बचेगा तो राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिलेगा।

### बिहार की सभी 40 सीटों पर होगी एनडीए की जीत

अमित शाह ने कहा कि यदि आईएनडीआईए की सरकार बनती है तो इनके पास प्रधानमंत्री का कोई चेहरा है क्या? उन्होंने कहा कि आप ही बताइये क्या लालू यादव देश के प्रधानमंत्री बन सकते हैं? क्या, स्टालिन और राहुल गांधी पीएम बन सकते हैं? यदि गलती से इंडी गठबंधन की सरकार बन जाती है तो ये लोग एक–एक साल अलग–अलग प्रधानमंत्री बनेंगे। एक साल लालू प्रधानमंत्री बनेंगे, फिर एक–एक साल अन्य नेता और आखिर में थोड़ा कार्यकाल बचेगा तो राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि कोरोना काल में मोदी ने देश के सभी लोगों को टीका लगवाया लेकिन तब राहुल बाबा लोगों से कहते थे कि टीका मत लगवाइए, यह मोदी टीका है। राहुल बाबा को शर्म करनी चाहिए कि कोरोना काल में उन्होंने टीके का मजाक बनाया। उन्होंने जदयू उम्मीदवार राम प्रीत मंडल के लिए वोट मांगते हुए कहा कि झंझारपुर की जनता इन्हें भारी मतों से विजयी बनाए और देश में पीएम मोदी की सरकार बनाने का काम करे। झंझारपुर में एनडीए की ओर से जदयू कैंडिडेट रामप्रीत मंडल चुनाव लड़ रहे हैं जबकि महागठबंधन की ओर से वीआईपी प्रत्याशी सुमन कुमार महासेठ मैदान में हैं। अमित शाह ने कहा कि बिहार के विकास के लिए मोदी सरकार ने अनेकों काम किए हैं। यही वजह है कि आज देश और बिहार प्रदेश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत होगी और देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी।

## जून के अंत तक नीलामी में 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की बिक्री करेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार जून के अंत तक चौथे दौर की नीलामी में लगभग 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की बिक्री करेगी। पहले दौर में बिक्री के लिए रखे गए महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उसके परिणाम एक महीने में घोषित किए जाएंगे। खान सचिव वीएल कांथा राव ने सोमवार को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में महत्वपूर्ण खनिज शिखर सम्मेलन के उद्घाटन पर कहा कि हमने महत्वपूर्ण खनिज के 38 ब्लॉक नीलामी में रखे हैं। उन्होंने कहा कि हम जून के अंत में चौथे दौर की नीलामी करने जा रहे हैं। खान सचिव ने कहा कि जून के अंत तक करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। केंद्र सरकार ने कमजोर प्रतिक्रिया के कारण महत्वपूर्ण खनिजों की पहले चरण में बिक्री के लिए रखे गए 20 ब्लॉक में से 13 की नीलामी रद्द कर दी है। प्रस्ताव पर रखे गए 20 ब्लॉक में से 18 ब्लॉक के लिए 56 भौतिक बोलियां और 56 ऑनलाइन बोलियां प्राप्त हुईं।

# पिछड़ा और अति पिछड़ा के आरक्षण को समाप्त कर देने के फिराक में थे तेजस्वी : नीतीश

▸ भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह के समर्थन में की चुनावी सभा

एजेंसी

**अररिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अररिया में राजग गठबंधन के भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेजस्वी प्रसाद के नेतृत्व में महागठबंधन के साथ जब सरकार बनाई थी तो ये लोग सब कुछ खत्म कर देना चाहते थे। पिछड़ा और अति पिछड़ा के आरक्षण को समाप्त कर देने के फिराक में थे।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को 50 फीसदी का आरक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर हरेक चीजों को प्राथमिकता के तौर पर दुरुस्त किया गया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब इनके पिता और माता को मौका मिला तो कोई काम किया नहीं।अब लोगों को झांसा दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि 2005 से 2020 तक राज्य सरकार ने 8 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ रोजगार देने का काम किया। 2020 के बाद 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख लोगों को रोजगार से जोड़ने को लक्षित कर रखा था।



उन्होंने कहा कि चार लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। एक लाख का काम पूरा होने वाला है और 3 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सारा काम हम लोगों ने किया और वे बोलते फिर रहे हैं कि हमने किया।उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर उनलोगों ने क्या काम किया। हमने बीजेपी के साथ मिलकर सात निश्चय योजना के तहत बिजली, नल जल, शौचालय, हर गली पक्की नाली और सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण काम किए। इससे पहले खगड़िया में लोजपा रामविलास पार्चुटी के उम्मीदवार राजेश वर्मा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिना नाम लिए लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होने कहा की लालू परिवार सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचता है। जबकि मेरे लिए पूरा बिहार ही मेरा परिवार है। न मैने अपने परिवार को आगे बढ़ाया और न ही प्रधानमंत्री जी ने अपने परिवार को आगे बढ़ाया। चुनावी जनसभा को बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी,एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जेडीयू के जिलाध्यक्ष आशीष पटेल ने की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में लोगो से वोट देने की अपील की।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस व ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट लगाने के लिए लोगों को किया जागरूक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने लखनऊ शहर में सुरक्षा के महत्व को उजागर करने और हेलमेट अपनाने को बढ़ाने के लिए एक जन जागरूकता अभियान चलाया।

1090 चौराहे पर चलाए गए इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य था, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट के उपयोग के महत्व को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों को सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए संवेदनशील बनाना। इस अभियान में पीछे बैठने वालों की सुरक्षा के लिए हेलमेट के महत्व पर भी जोर दिया गया, क्योंकि उनमें अक्सर सबसे असुरक्षित सह-यात्री शामिल होते हैं और वे हैं बच्चे।



इस जन जागरूकता अभियान का उद्घाटन कमलेश दीक्षित, पुलिस उपायुक्त, महिला अपराध एवं सुरक्षा, लखनऊ ने अमित झिंगरन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के साथ किया और इस मौके पर इंद्र पाल सिंह, ए. सी.पी, लखनऊ एम. आनंद, मुख्य वितरण अधिकारी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, रवींद्र शर्मा, प्रमुख ब्रांड, कॉर्पोरेट संचार एवं सीएसआर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और साथ ही लखनऊ यातायात पुलिस तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधियों ने उन स्थानीय लोगों से सीधी बातचीत की जो बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिखे। उन्होंने इन लोगों को हेलमेट (हेड प्रोटेक्शन गियर) के महत्व के बारे में बताया जो न केवल उनकी अपनी बल्कि उनके प्रियजनों की भी सुरक्षा करता है। एसबीआई लाइफ की टीम के साथ अधिकारियों ने मोटर चालकों और पीछे बैठने वालों को मुफ्त हेलमेट भी वितरित किए।

## केजरीवाल को अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्ली वासियों की चिंता : आप


**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि जेल में भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता है। आप की नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी सिंह ने सोमवार को तिहाड़ जेल में श्री केजरीवाल से हुई मुलाक़ात को साझा करते हुए कहा कि जेल में भी उन्हें अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता है। उन्होंने बताया कि जेल में मुलाक़ात के दौरान पूरे समय मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई और मोहल्ला क्लीनिकों के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि मुलाक़ात के दौरान श्री केजरीवाल ने उन्हें बतौर जल मंत्री निर्देश दिया कि गर्मियों में दिल्ली में पानी की कमी न हो और जनता को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

# सदाबहार फिल्मों के साथ सोनी मैक्स 2 ने पूरा किया दस साल का सफर

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** सोनी मैक्स 2 ऐसा चैनल है, जो हमें भारतीय सिनेमा के उस सुनहरे युग में ले जाता है, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्में शामिल हैं। वो फिल्में, जिन्होंने अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी जैसे कई अन्य सितारों को वास्तव में सितारा बनाया। ये सदाबहार फिल्में समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं।

ये फिल्में अपनी सदाबहार धुनों और रोमांटिक कहानियों के साथ हमारे दिलों में विशेष स्थान रखती हैं। चाहे वह सूर्यवंशम का सदाबहार आकर्षण हो या फिर, शान, सत्ते पे सत्ता, सड़क, और मिस्टर नटवरलाल जैसी प्रतिष्ठित क्लासिक्स, सोनी मैक्स 2 को प्रत्येक फिल्म प्रेमी के लिए सिनेमाई रत्नों के खजाने की पेशकश करने के लिए जाना जाता है।



महेश ठाकुर, जो वर्तमान में सोनी सब के आंगन आपनो का में नजर आ रहे हैं और कई बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर्स का हिस्सा रह चुके हैं, ने कहा, सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने पर बधाई! चैनल पर फिल्में देखने की मेरी बहुत सारी यादें हैं, लेकिन दो फिल्में जो वास्तव में पुरानी यादें ताजा कर देती हैं, वे हैं सीता और गीता एवं सूर्यवंशम। अंजलि तत्रारी, जो सोनी सब के वंशज में युविका का किरदार निभा रही हैं, सोनी मैक्स 2 पर इन प्रतिष्ठित फिल्मों को देखने की अपनी यादें साझा करते हुए, कहती हैं, सोनी मैक्स 2 को 10 वर्ष पूरे करने पर बहुत-बहुत बधाई।

## खबरें एक नजर में

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का पीएटी बढ़कर हुआ 2,957 करोड़ रुपए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल की हाल ही में आयोजित बैठक में 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए ऑडिट किए गए फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दे दी गई। वार्षिक लाभ – वित्त वर्ष 24 में शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत बढ़कर 2,957 करोड़ रुपए हो गया, जो कि वित्त वर्ष 23 में 2,437 करोड़ रुपए था। त्रैमासिक लाभ – वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 724 करोड़ रुपए दर्ज किया गया, जबकि वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में यह 803 करोड़ रुपए था। जमा प्रमाणपत्र सहित बैंक का कुल जमा सालाना 38.7 प्रतिशत की बढ़त के साथ 31 मार्च, 2024 तक 2,00,576 करोड़ रुपए दर्ज किया गया, जो कि 31 मार्च, 2023 तक 1,44,637 करोड़ रुपए था । लोन और एडवांस (क्रेडिट विकल्प सहित) सालाना 25.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 31 मार्च, 2024 तक 2,00,965 करोड़ रुपए हो गया, जो कि 31 मार्च, 2023 तक 1,60,599 करोड़ रुपए था ।आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ वी वैद्यनाथन, ने कहा कि हमने बैंक में क्रेडिट सब्स्टीट्यूट सहित कुल जमा और लाभ के 4,00,000 करोड़ रुपए के ऐतिहासिक आँकड़े को पार कर लिया है। हमारे लिए यह बात और भी महत्वपूर्ण है कि एसेट क्वालिटी लगातार बनाए रखी जा रही है। जो क्रमशः 1.88 प्रतिशत और 0.60 प्रतिशत के सर्वश्रेष्ठ जीएनपीए और एनएनपीए के साथ हमारे इतिहास में सबसे कम है। उपरोक्त में सभी पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर लोन्स को पूरी तरह से शामिल किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर लोन्स को छोड़कर, जीएनपीए और एनएनपीए क्रमशः केवल 1.55 प्रतिशत और 0.42 प्रतिशत हैं। एसेट क्वालिटी के सभी पैरामीटर्स स्थिर हैं।

### पिछोला झील में चलेंगी इलेक्ट्रिक नाव

**उदयपुर।** उदयपुर की प्रसिद्ध ऐतिहासिक पिछोला झील में अब इलेक्ट्रिक नाव चलेंगी। इसके लिए पहले फेज में तीन बोट पहुंच चुकी हैं और 13 बोट और आएंगी। झील में प्रदूषण रोकने के लिए यह पहल की गई है। उल्लेखनीय है कि दूधतलाई के पास से पिछोला झील में फिलहाल 50 से ज्यादा नावों का संचालन हो रहा है। यह सभी पेट्रोल से चलने वाली है। ऐसे में इस पानी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए सबसे पहले यहां पेट्रोल से चलने वाली नावों को बंद किया जाए। नाव संचालन करने वाली फर्म को नगर निगम ने इको फ्रेंडली नावों के संचालन करने के लिए कहा। इस पर काम शुरू हुआ और पहले चरण में तीन नाव तैयार होकर आ गईं। नगर निगम की गैरेज समिति के अध्यक्ष मनोहर चौधरी के अनुसार झील को प्रदूषण से बचाने के लिए 13 नाव और तैयार होकर आएंगी। अब परिवहन विभाग से जो भी प्रक्रिया है उसे पूरे कराने के बाद इन नावों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। झीलों को प्रदूषण से बचाने के लिए हाइकोर्ट की सख्ती के बाद निगम ने बैटरी से संचालित इको फ्रेंडली नावों के संचालन का ही ठेका किया था। इलेक्ट्रिक नाव 20 सीटर है।

### भूस्खलन के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर के कई हिस्सों में रातभर हुई बारिश के कारण रामबन में कई स्थानों पर भूस्खलन के बाद जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग सोमवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रामबन जिले के मेहर, गंगरू, मोम पासी और किश्तवाडी पाथेर में भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि बारिश जारी है, जिससे मार्ग को साफ करके बहाली कार्य में बाधा आ रही है। उन्होंने यात्रियों को मलबा साफ होने तक राजमार्ग पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू में पुंछ और राजौरी जिलों को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाला वैकल्पिक मार्ग मुगल रोड पीर की गली और आसपास के इलाकों में बर्फबारी के कारण तीसरे दिन भी बंद रहा।

### सीएसएमटी स्टेशन पर लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**मुंबई।** मुंबई सीएसएमटी स्टेशन के पास सोमवार को दोपहर में लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन इससे मुंबई सीएसएमटी से वडाला स्टेशनों के बीच हार्बर रेलवे की सेवा प्रभावित है। मध्य रेलवे के प्रवक्ता स्वप्रिल नीला ने बताया कि सीएसएमटी स्टेशन के मरम्मत का काम जारी है। बहुत जल्द हार्बर रेलवे की सेवा बहाल हो जाएगी। नीला ने यात्रियों से सहयोग की अपील की है। आज दोपहर के समय पनवेल से सीएसएमटी जा रही लोकल ट्रेन के दो डिब्बे सीएसएमटी स्टेशन के करीब ही अचानक पटरी से उतर गए। इससे ट्रेन में बैठे यात्री तेज आवाज से सहम गए लेकिन मोटरमैन ने तत्काल ब्रेक लगा दिया। इससे काफी बचाव हो गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं है। इसकी जानकारी मिलते ही मध्य रेलवे की मरम्मत टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया।

# कनाडा में फिर लगे खालिस्तान समर्थक नारे, भाजपा ने दी जस्टिन ट्रूडो को नसीहत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कनाडा में बैसाखी के मौके पर आयोजित खालसा दिवस कार्यक्रम में खालिस्तान समर्थक नारे लगाने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी नेता न केवल शामिल होते हैं बल्कि खालसा के समर्थन में भाषण भी देते हैं। वीडियो को साझा करते हुए भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने इस घटना पर चिंता जताई है। इसके साथ उन्होंने जस्टिन ट्रूडो को नसीहत दी है कि अगर घर के पीछे सांप पालेंगे तो दूसरों के साथ एक दिन वो आपको भी डसेगा।

सोमवार को भाजपा नेता आरपी सिंह ने ट्वीट में कहा कि कनाडा में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय राजनीतिक हस्तियों पर निज्जर की मौत में शामिल होने के आरोप वाले पोस्टर भी लगाए गए। रैलियों में खालिस्तान प्रचार और भारत विरोधी पोस्टर दिखाए गए।

आरपी सिंह ने कहा कि कनाडा में जो कुछ हो रहा है, उसके संबंध में तीन प्रमुख चिंताएं हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में खालिस्तान समर्थक नारों के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री और विपक्षी नेता समारोह में शामिल होते हैं। इसके साथ कार्यक्रम में निज्जर की मौत के लिए भारतीय राजनयिकों को दोषी ठहराते हुए पोस्टर भी लहराए जाते हैं। और तो और कनाडा भर में खालिस्तान प्रचार, भारत विरोधी पोस्टरों के साथ रैलियां की जाती हैं। साफ है कनाडा के प्रधानमंत्री को खालिस्तानी समर्थकों का समर्थन है। आरपी सिंह ने कहा कि अगर कनाडा के प्रधानमंत्री अपने घर के पीछे सांप पालेंगे तो उनसे केवल दूसरों को काटने की उम्मीद नहीं कर सकते, आखिरकार वे आपको भी काट लेंगे।

## 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की बिक्री करेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार जून के अंत तक चौथे दौर की नीलामी में लगभग 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की बिक्री करेगी। पहले दौर में बिक्री के लिए रखे गए महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उसके परिणाम एक महीने में घोषित किए जाएंगे। खान सचिव वीएल कांथा राव ने सोमवार को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में महत्वपूर्ण खनिज शिखर सम्मेलन के उद्घाटन पर कहा कि हमने महत्वपूर्ण खनिज के 38 ब्लॉक नीलामी में रखे हैं। उन्होंने कहा कि हम जून के अंत में चौथे दौर की नीलामी करने जा रहे हैं। खान सचिव ने कहा कि जून के अंत तक करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। केंद्र सरकार ने कमजोर प्रतिक्रिया के कारण महत्वपूर्ण खनिजों की पहले चरण में बिक्री के लिए रखे गए 20 ब्लॉक में से 13 की नीलामी रद्द कर दी है। प्रस्ताव पर रखे गए 20 ब्लॉक में से 18 ब्लॉक के लिए 56 भौतिक बोलियां और 56 ऑनलाइन बोलियां प्राप्त हुईं।

# वसुधैव कुटुम्बकम कार्यशाला का समापन

**अब तक देश के सर्वश्रेष्ठ 111 स्कूलों में आयोजित हो चुकी है यह कार्यशाला**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देश की सबसे प्रतिष्ठित संस्था नवनीत एजुकेशन की युवा ब्रांड द्वारा इस चित्रकला कार्यशाला को प्रस्तुत किया गया और विल इंडिया चेंज फॉउण्डेशन द्वारा आयोजित किया गया। अब तक देश के सर्वश्रेष्ठ एक सौ ग्यारह स्कूल में यह कार्यशाला आयोजित हो चुकी है। लखनऊ शहर के नौ प्रतिष्ठित विद्यालय जिसमे शामिल रहे मिल्लीनियम स्कूल, संत न कान्वेंट स्कूल, एक्ससेलिए स्कूल, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, एलबीएस मेमोरियल स्कूल, ग्रीनलैंड पब्लिक, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, मणिपाल पब्लिक स्कूल।

अब तक देश के प्रतिष्ठित चित्रकला जगत के सैंतीस कलाकारों ने उपदेशक की भूमिका निभाई और विद्यार्थियों को




चित्रकला की बारीकियां सिखाई। लखनऊ में उपदेशक की भूमिका में ललित कला पुरस्कार से सम्मानित अंकित पांडेय अहम् भूमिका में रहे। उनके साथ रहे अशोक शर्मा और रूचि मौर्या ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। अब तक देश के प्रमुख बारह शहर में इस चित्रकला कार्यशाला का आयोजन हो चुका है। जिसमे नागपुर, सूरत, ग्वालियर, इंदौर, भोपाल, औरंगाबाद, सांगली, बेंगलुरु, मैसूर, ग़ाज़ियाबाद, दिल्ली और अब लखनऊ शामिल रहे। अब तक देश के छब्बीस हज़ार से ज्यादा छात्र कार्यशाला में शामिल हुए। लखनऊ शहर के दो हज़ार चार सौ विद्यार्थी इसमें शामिल हुए। तीन दिन मैं नौ स्कूल में कार्यशाला का आयोजन होता है यानि एक दिन में तीन विद्यालय, इस तरह से दिनांक तेईस, चौबीस और छब्बीस को यह कार्यशाला आयोजित की गयी। इस चित्रकला कार्यशाला में बाल प्रतिभा को भी आमंत्रित किया जाता है, जिन्होंने अपने हुनर और प्रतिभा से अलग मुकाम बनाया। इस बार लखनऊ में रोनाल्ड शेपर्ड मा जिन्होंने पांच साल की उम्र में पैराग्लाइडिंग में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, आमंत्रित रहे।

# पूर्व मंत्री का डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने गर्मजोशी से किया स्वागत



पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा का स्वागत करते डॉ जितेन्द्र सिंह यादव आदि

समृद्धि न्यूज

▸ सपा प्रत्याशी के लिए रामआसरे विश्वकर्मा ने कीं कई सभाएं

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री के जनपद आगमन पर सपा के प्रदेश सचिव डॉ जितेन्द्र सिंह यादव ने पगड़ी व अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

सपा सरकार में मंत्री रहे रामआसरे विश्वकर्मा एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को जनपद आये। उन्होंने सपा के लोकसभा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य के लिए कई क्षेत्रों में जनसभायें कर सपा सरकार में कराये गये विकास कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सपा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य को जिताने की जनता से अपील की। इसके पश्चात वह समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सचिव डॉ जितेन्द्र सिंह यादव के आवास पर पहुंचे। जहां पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा का डॉ जितेन्द्र सिंह यादव ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्हें पगड़ी व अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने डॉ जितेन्द्र सिंह यादव से राजनैतिक चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य रुप से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष भोला यादव, डॉ मुकेश विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## लोहिया वाहिनी के उपाध्यक्ष मोबीन खान व जिला सचिव बने घनश्याम सिंह



लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र देते डॉ जितेन्द्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद।** लोहिया वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष मोबीन को बनाये जाने पर सपा के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने उन्हे शुभाकामनायें दी।

मोबीन खान की पार्टी के प्रति निष्ठा व लगन को देखते हुए उन्हें लोहिया वाहिना के जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं जिला सचिव घनश्याम सिंह को बनाया गया है।

सपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव से मोबीन खान व जिला सचिव घनश्याम सिंह ने आशीर्वाद लेते हुए आश्वासन दिया कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# आरक्षण, संविधान व जाति के नाम पर लोगों को बांट रही है कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम करने का आरोप लगाया।



सोमवार को जारी एक बयान में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां उनकी सारी गारंटी बुरी तरह से फेल हो चुकी हैं। कांग्रेस आज मुद्दा विहीन है, इसीलिए लोगों में आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस से ज्यादा शायद ही किसी ने एससी, एसटी और ओबीसी का हक मारा होगा। जहां-जहां कांग्रेस की सरकार आती है, वहां हमारे एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का हक छीनकर कांग्रेस एक विशेष समुदाय को दे देती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना इसके उदाहरण हैं। भाजपा राज में एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण निर्विरोध बरकरार था, है और रहेगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश ने 3 दशकों तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली अस्थिर सरकार का दंश झेला है, जिसमें भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वोट बैंक पॉलिटिक्स चरम पर था। आज देश में कोई नहीं चाहता कि वह दौर वापस आए। सभी को मोदी के पिछले 10 वर्षों में हुए विकास की पहचान है और इसीलिए आज पूरे देश के लोग भाजपा और एनडीए के पीछे लामबंद हैं।